संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, सोमवार 30 जून 2025 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive



दिल्ली एनसीआर सहित देश के बाकी हिस्सों में मानसून पहुंच चुका है और हिमाचल से लेकर केरल और उत्तराखंड से लेकर उत्तर प्रदेश तक झमाझम बरसात हो रही है।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
DL(N) /145/2021-23 वर्ष: 19 अंक: 178 पृष्ठ: 12 RNI : DELHIN/2006/19302
actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

**फास्ट न्यूज**

## उपलब्धि: मंगल पर मिली पानी की नई परतें

**नई दिल्ली:** नासा के क्यूरियोसिटी रोवर ने मंगल ग्रह की सतह पर एक ऐसे रहस्यमयी इलाके में खुदाई शुरू की है, जहां से अतीत में पानी की मौजूदगी के मजबूत सुराग मिले हैं। वैज्ञानिकों का मानना है कि यह खोज मंगल के जलवायु इतिहास को फिर से परिभाषित कर सकती है और यह संकेत दे सकती है कि वहां भूमिगत जल अनुमान से कहीं अधिक समय तक सक्रिय रहा। इसे मंगल में जीवन का संकेत भी माना जा सकता है। नासा का क्यूरियोसिटी मार्स रोवर वर्तमान में माउंट शार्प की तलहटी में स्थित बॉक्सवर्क नामक इलाके की जांच कर रहा है, जो मंगल की सतह पर 12 मील तक फैली हुई एक लंबी पर्वतमाला है। यह इलाका लंबे समय से ऑर्बिटल इमेजिंग (कक्षीय चित्रों) के जरिए देखा जा रहा था, लेकिन पहली बार रोवर वहां भौतिक रूप से पहुंचा है। यह क्षेत्र विशेष रूप से मैग्नीशियम सल्फेट जैसे नमकीन खनिजों से समृद्ध है जो आमतौर पर तब बनते हैं जब पानी सूखता है। इसका स्पष्ट संकेत है कि यह इलाका मंगल की सतह पर जलवायु के अत्यधिक शुष्क हो जाने के बाद बना।

**कैल्शियम सल्फेट की नसें, भूमिगत जल का संकेत**

चट्टानों में छोटी सफेद नसें मिली हैं, जो कैल्शियम सल्फेट जैसे खनिजों से बनी हैं। ये नसें दर्शाती हैं कि पानी किसी समय चट्टानों की दरारों में बहता था।

## पूरे देश में पहुंचा मानसून

**नई दिल्ली:** दिल्ली एनसीआर सहित देश के बाकी हिस्सों में मानसून पहुंच चुका है और हिमाचल से लेकर केरल और उत्तराखंड से लेकर उत्तर प्रदेश तक झमाझम बरसात हो रही है। 4 जुलाई तक उत्तर-पश्चिम, मध्य, पूर्व और पूर्वोत्तर भारत तक भारी बारिश जारी रहने की संभावना है। शनिवार को दोपहर बाद जमकर बारिश हुई और दिल्ली समेत पूरा एनसीआर तरबतर हो गया। इससे लोगों को उमसभरी गर्मी से राहत तो मिली, लेकिन जगह-जगह जलभराव से मुश्किलों का सामना भी करना पड़ा। आईएमडी ने बताया कि बीते दिन उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, पश्चिम राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड, पश्चिम बंगाल के अलग-अलग स्थानों पर भारी बारिश हुई।

# आपातकाल में संविधान की हत्या की गई: मोदी

### पीएम मोदी ने मन की बात कार्यक्रम के 123वें एपिसोड में योग दिवस पर बात की और आपातकाल के 50 वर्ष होने पर भी अपने विचार साझा किए

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** पीएम मोदी ने मन की बात कार्यक्रम के 123वें एपिसोड में योग दिवस पर बात की और अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की सफलता का जिक्र किया। इसके साथ ही उन्होंने आपातकाल के 50 वर्ष होने पर भी अपने विचार साझा किए।

**योग दिवस की सफलता का किया जिक्र:** पीएम मोदी ने कहा 'आप सब इस समय योग की ऊर्जा और 'अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस' की स्मृतियों से भरे होंगे। इस बार भी 21 जून को देश-दुनिया के करोड़ों लोगों ने 'अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस' में हिस्सा लिया। आपको याद है, 10 साल पहले इसका प्रारंभ हुआ। अब 10 साल में ये सिलसिला हर साल पहले से भी ज्यादा भव्य बनता जा रहा है। ये इस बात का भी संकेत है कि ज्यादा से ज्यादा लोग अपने दैनिक जीवन में योग को अपना रहे हैं। हमने इस बार योग दिवस की कितनी ही आकर्षक तस्वीरें देखी हैं। विशाखापत्तनम के समुद्र तट पर तीन लाख लोगों ने एक साथ योग किया। विशाखापत्तनम से ही एक और अद्भुत दृश्य सामने आया, दो हजार से ज्यादा आदिवासी छात्रों ने 108 मिनट तक 108 सूर्य नमस्कार किए। सोचिए, कितना अनुशासन, कितना समर्पण रहा होगा।' 'हिमालय की बर्फीली चोटियां और आईटीबीपी के जवान, वहां भी योग किया, साहस और साधना साथ-साथ चले। गुजरात के लोगों ने भी एक नया इतिहास रचा। वडनगर में 2121 लोगों ने एक साथ भुजंगासन किया और नया रिकॉर्ड बना दिया। न्यूयॉर्क, लंदन, टोक्यो, पेरिस, दुनिया के हर बड़े शहर से योग की तस्वीरें आईं और हर तस्वीर में एक बात खास रही – शांति, स्थिरता और संतुलन। हमारे नौसेना के जहाजों पर भी योग की भव्य झलक दिखी। तेलंगाना में तीन हजार दिव्यांग साथियों ने एक साथ योग शिविर में भाग लिया। उन्होंने दिखाया कि योग किस तरह सशक्तिकरण का माध्यम भी है। इस बार की थीम भी बहुत विशेष थी, एक पृथ्वी-एक स्वास्थ्य। ये सिर्फ एक नारा नहीं है, ये एक दिशा है जो हमें वसुधैव कुटुंबकम का अहसास कराती है।

**'धार्मिक यात्राओं के लिए शुभकामनाएं'**

'मेरे प्यारे देशवासियो, जब कोई तीर्थयात्रा पर निकलता है, तो एक ही भाव सबसे पहले मन में आता है, 'चलो, बुलावा आया है'। यही भाव हमारे धार्मिक यात्राओं की आत्मा है। ये यात्राएं शरीर के अनुशासन का, मन की शुद्धि का, आपसी प्रेम और भाईचारे का, प्रभु से जुड़ने का माध्यम हैं। इनके अलावा, इन यात्राओं का एक और बड़ा पक्ष होता है। ये धार्मिक यात्राएं सेवा के अवसरों का एक महाअभियान भी होती हैं। जब कोई भी यात्रा होती है तो जितने लोग यात्रा पर जाते हैं, उससे ज्यादा लोग तीर्थयात्रियों की सेवा के काम में जुटते हैं। अभी कुछ दिन पहले हमने भगवान जगन्नाथ जी की रथयात्रा भी देखी है। ओडिशा हो, गुजरात हो, या देश का कोई और कोना, लाखों श्रद्धालु इस यात्रा में शामिल होते हैं। उत्तर से दक्षिण, पूरब से पश्चिम, ये यात्राएं एक भारत-श्रेष्ठ भारत के भाव का प्रतिबिंब है। जब हम सच्चे मन से यात्रा करते हैं मैं उन्हें शुभकामनाएं देता हूं और जो लोग इन यात्राओं में सेवाभाव से जुटे हैं, उन्हें भी साधुवाद देता हूं।'

**आपातकाल को लेकर कही ये बात:** पीएम मोदी ने कहा कि 'आपातकाल लगाने वालों ने ना सिर्फ हमारे संविधान की हत्या की बल्कि उनका इरादा न्यायपालिका को भी अपना गुलाम बनाए रखने का था। इस दौरान लोगों को बड़े पैमाने पर प्रताड़ित किया गया था। ऐसे अनेक उदाहरण हैं, जिन्हें कभी भी भुलाया नहीं जा सकता। आखिरकार, जनता-जनार्दन की जीत हुई – आपातकाल हट लिया गया और आपातकाल थोपने वाले हार गए। बाबू जगजीवन राम जी ने इस बारे में बहुत ही सशक्त तरीके से अपनी बात रखी थी। जॉर्ज फर्नांडिस साहब को जंजीरों में बांधा गया।



### पीएम ने बोडोलैंड के फुटबॉल टूर्नामेंट का किया जिक्र

**असम** के बोडोलैंड पर बात करते हुए पीएम मोदी ने कहा 'बोडोलैंड आज अपने एक नए रूप के साथ देश के सामने खड़ा है। यहां के युवाओं में जो ऊर्जा है, जो आत्मविश्वास है, वो फुटबॉल के मैदान में सबसे ज्यादा दिखता है। बोडोलैंड टूर्नामेंट का आयोजन हो रहा है। ये सिर्फ एक नहीं है, ये एकता और उम्मीद का उत्सव बन गया है` 3 हजार 700 से ज्यादा टीमें, करीब 70 हजार खिलाड़ी, और उनमें भी बड़ी संख्या में हमारी बेटियों की भागीदारी` ये आंकड़े बोडोलैंड में बड़े बदलाव की गाथा सुना रहे हैं। बोडोलैंड अब देश के खेल नक्शे पर अपनी चमक और बढ़ा रहा है।'

### 95 करोड़ लोग ले रहे सामाजिक सुरक्षा का लाभ: प्रधानमंत्री मोदी

**पीएम** मोदी ने कहा कि 'विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भारत को घोषित कर दिया है। ये लाखों लोगों की मेहनत का फल है। जिन्होंने बिना तके, बिना रुके बीमारी के खिलाफ लड़ाई लड़ी। ये सफलता हमारे हेल्थ वर्कर्स की है। हाल ही में अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन आईएलओ की रिपोर्ट आई है, जिसमें बताया गया है कि भारत की 64 प्रतिशत से ज्यादा आबादी को अब कोई न कोई सामाजिक सुरक्षा लाभ मिल रहा है। आज देश के 95 करोड़ लोग किसी न किसी सामाजिक सुरक्षा योजना का लाभ ले रहे हैं।

### 'हर कदम के साथ मजबूत होगा भारत'

**प्रधानमंत्री** ने कहा कि सामाजिक न्याय की भी यह अच्छी तस्वीर है। ये सफलता इस विश्वास से आई है कि आने वाला समय और भी अच्छा होगा। भारत हर कदम के साथ मजबूत होगा। प्रधानमंत्री ने देश की एक और उपलब्धि की तारीफ की और कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भारत को ट्राकोमा मुक्त घोषित किया है। पीएम मोदी ने कहा कि यह देश के स्वास्थ्य कर्मियों की सफलता है। ट्राकोमा एक बेहद संक्रमणकारी बीमारी है।

**'तीर्थयात्राएं एक भारत-श्रेष्ठ भारत के भाव का प्रतिबिंब'**

प्रधानमंत्री ने कैलाश मानसरोवर और अमरनाथ आदि तीर्थ यात्राओं को लेकर कहा कि 'जब कोई तीर्थयात्रा पर निकलता है, तो एक ही भाव सबसे पहले मन में आता है, 'चलो, बुलावा आया है'। यही भाव हमारे धार्मिक यात्राओं की आत्मा है। ये यात्राएं शरीर के अनुशासन का, मन की शुद्धि का, आपसी प्रेम और भाईचारे का, प्रभु से जुड़ने का माध्यम हैं। इनके अलावा, इन यात्राओं का एक और बड़ा पक्ष होता है। ये धार्मिक यात्राएं सेवा के अवसरों का एक महाअभियान भी होती हैं। जब कोई भी यात्रा होती है तो जितने लोग यात्रा पर जाते हैं, उससे ज्यादा लोग तीर्थयात्रियों की सेवा के काम में जुटते हैं। अभी कुछ दिन पहले हमने भगवान जगन्नाथ जी की रथयात्रा भी देखी है।ओडिशा हो, गुजरात हो, या देश का कोई और कोना, लाखों श्रद्धालु इस यात्रा में शामिल होते हैं। उत्तर से दक्षिण, पूरब से पश्चिम, ये यात्राएं ह्यएक भारत-श्रेष्ठ भारत के भाव का प्रतिबिंब है।

## आरएसएस और बीजेपी अब बदल चुके हैं: थरूर

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** देश में संविधान बनाम मनुस्मृति की बहस के बीच कांग्रेस सांसद शशि थरूर का बयान सियासत में नई हलचल पैदा कर गया है।



थरूर ने कहा है कि आरएसएस और बीजेपी अब बदल चुके हैं और संभवतः वे अपनी पुरानी सोच से आगे बढ़ चुके हैं। थरूर का यह बयान उस वक्त आया है जब कांग्रेस और विपक्षी दल लगातार आरएसएस-बीजेपी पर संविधान से छेड़छाड़ के आरोप लगा रहे हैं। दरअसल, हाल ही में आरएसएस महासचिव दत्तात्रेय होसबाले ने संविधान की प्रस्तावना से 'सेक्युलर' और 'सोशलिस्ट' जैसे शब्दों को हटाने का समर्थन किया था। उनके इस बयान के बाद राजनीतिक घमासान शुरू हो गया। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर तीखा हमला करते हुए कहा कि आरएसएस-बीजेपी संविधान नहीं, बल्कि मनुस्मृति चाहते हैं। वे बहुजनों और गरीबों से उनके अधिकार छीनना चाहते हैं। राहुल ने कहा कि हम ऐसा कभी नहीं होने देंगे और हर देशभक्त भारतीय संविधान की रक्षा करेगा।

**शशि थरूर का संतुलित बयान**

राहुल गांधी के इस बयान पर जब मीडिया ने शशि थरूर से सवाल पूछा तो उन्होंने थोड़ा संतुलित रुख अपनाते हुए कहा कि राहुल गांधी ऐतिहासिक तथ्य का जिक्र कर रहे थे।

## महाराष्ट्र में हिंदी पर छिड़ी रार

**टीम एक्शन इंडिया**

**मुंबई:** महाराष्ट्र में तीन भाषा नीति को लेकर हंगामा जारी है। अब कांग्रेस सांसद वर्षा गायकवाड़ ने महायुति सरकार के उन आरोपों को खारिज कर दिया है, जिनमें महायुति सरकार ने दावा किया है कि पूर्व की महाविकास अघाड़ी सरकार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत तीन भाषा नीति को स्वीकार किया था। वर्षा गायकवाड़ ने कहा कि महाराष्ट्र पर जबरन हिंदी थोपने को बर्दाश्त नहीं करेंगे। महाराष्ट्र की पूर्व स्कूल शिक्षा मंत्री और कांग्रेस सांसद वर्षा गायकवाड़ ने कहा कि हम हिंदी भाषा के खिलाफ नहीं हैं।

# पुरी रथयात्रा: भगदड़ मचने से 3 श्रद्धालुओं की मौत

### कई घायल, पुरी भगदड़ के बाद एक्शन में सरकार, अरविंद को सौंपा रथयात्रा की निगरानी का जिम्मा

**टीम एक्शन इंडिया**

**पुरी:** ओडिशा के पुरी में महाप्रभु जगन्नाथ की रथ यात्रा के दौरान हुई भगदड़ में चीन लोगों की मौत और करीब 50 लोगों के घायल होने के बाद राज्य सरकार ने कड़ा कदम उठाया है। मुख्यमंत्री मोहन माझी ने इस हादसे को अक्षम्य लापरवाही बताया और पुरी के जिलाधिकारी सिद्धार्थ शंकर स्वैन और पुलिस अधीक्षक (एसपी) विनीत अग्रवाल को तुरंत हटा दिया है। इसके साथ ही दो वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों डीसीपी विष्णु पाटी और कमांडेंट अजय पाधी को निलंबित कर दिया गया है।



वहीं सरकार ने पुरी के नए कलेक्टर के रूप में खोरधा जिले के कलेक्टर चंचल राणा को नियुक्त किया है। वहीं, नए पुरी एसपी के रूप में पिनाक मिश्रा को जिम्मेदारी दी गई है। हादसे की गंभीरता को देखते हुए मुख्यमंत्री ने एक प्रशासनिक जांच के आदेश भी दिए हैं, जिसकी निगरानी विकास आयुक्त करेंगे। इस बीच, ओडिशा सरकार ने एक और बड़ा फैसला लेते हुए वरिष्ठ आईएएस अधिकारी अरविंद अग्रवाल को रथ यात्रा की समग्र निगरानी का प्रभार सौंपा है। उन्हें पहले भी रथ यात्रा आयोजन का अनुभव है।

**हादसा कैसे हुआ?**

**यह** घटना रविवार सुबह लगभग 4 बजे हुई जब श्री गुंडिचा मंदिर के पास भारी भीड़ जुटी थी। लोग भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा की रथ यात्रा के दौरान 'पहुड़ा' (चेहरे पर पड़ा कपड़ा) हटने की रस्म देखने के लिए पहुंचे थे। इस दौरान अचानक दो ट्रक, जो रथ यात्रा के लिए सामग्री ला रहे थे, भीड़ में घुस गए। इससे अफरा-तफरी मच गई और भगदड़ हो गई। बता दें कि, पुरी की रथ यात्रा ओडिशा की सबसे बड़ी धार्मिक परंपराओं में से एक है, जिसमें लाखों श्रद्धालु हर साल भाग लेते हैं।

# तेलंगाना में खुला हल्दी बोर्ड मुख्यालय



**टीम एक्शन इंडिया**

**तेलंगाना:** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को तेलंगाना के निजामाबाद में हल्दी बोर्ड के राष्ट्रीय मुख्यालय का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने भारत से हल्दी का निर्यात एक अरब डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य तय किया है। उन्होंने कहा कि देश में हल्दी की खेती को बढ़ावा देने और किसानों की आय बढ़ाने के लिए यह कदम उठाया गया है। तेलंगाना में एक जनसभा को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि भारत की हल्दी दुनियाभर में मशहूर है। अब समय आ गया है कि इसका लाभ हमारे किसानों को भी मिले। इसके लिए सरकार ने हल्दी निर्यात को 1 बिलियन डॉलर तक पहुंचाने का संकल्प लिया है।

बता दें कि इस मौके पर केंद्रीय कोयला और खनन मंत्री जी. किशन रेड्डी, गृह राज्य मंत्री बंडी संजय कुमार, बीजेपी सांसद डी. अरविंद, के. लक्ष्मण और कई अन्य नेता मौजूद थे। शाह ने कहा कि आज 40 साल से लोगों की मांग थी कि हल्दी के लिए बोर्ड बनाया जाए।

इस मांग को पूरा करते हुए मोदी सरकार ने देश में हल्दी बोर्ड बनाया, जिससे हल्दी के किसानों को बड़ी राहत मिलेगी। बता दें कि सरकार पहले ही हल्दी बोर्ड का गठन कर चुकी है, जो किसानों को बेहतर बीज, मार्केटिंग और एक्सपोर्ट में मदद करेगा।

**हल्दी की खेती**

केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने निजामाबाद में हल्दी बोर्ड के राष्ट्रीय मुख्यालय का उद्घाटन किया

# ऑपरेशन सिंदूर: 'पाक को जबरदस्त नुकसान पहुंचाया'

### ये इतना बड़ा असर था कि कोई भी आत्मसम्मानी देश या सेना इतनी जल्दी झुकती नहीं: सैन्य अधिकारी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली :** भारत के प्रमुख सैन्य अधिकारी और चीफ ऑफ इंटीग्रेटेड डिफेंस स्टाफ (सीआईएससी) एयर मार्शल अशुतोष दीक्षित ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के 88 घंटों में भारत ने दुश्मन को जबरदस्त नुकसान पहुंचाया और ये इतना बड़ा असर था कि कोई भी आत्मसम्मानी देश या सेना इतनी जल्दी झुकती नहीं। एक कार्यक्रम में बोलते हुए उन्होंने बताया कि भारतीय सेना का आधुनिकीकरण सही दिशा में आगे बढ़ रहा है और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने हाल ही में भारत के महत्वाकांक्षी पांचवीं पीढ़ी का स्टील्थ लड़ाकू विमान-एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एएमसीए) के लिए 'एग्जीक्यूशन मॉडल' को मंजूरी दे दी है। वहीं एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित ने चीन की ओर से पाकिस्तान को पांचवीं पीढ़ी के जे-35 स्टील्थ जेट की आपूर्ति की खबरों पर उन्होंने कहा, हमें इस खबर की जानकारी है और हम इस पर बारीकी से नजर रख रहे हैं।

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारतीय सेना को पाकिस्तानी सेना की तरफ से विकसित की जा रही क्षमताओं के खिलाफ रक्षा और आक्रमण का निर्माण करना होगा।



**नुकसान**

पाकिस्तानी सेना की तरफ से विकसित की जा रही क्षमताओं के खिलाफ आक्रमण का निर्माण करना होगा

# मणिपुर: दो उग्रवादी गिरफ्तार, गोला-बारूद बरामद

**टीम एक्शन इंडिया**

**इंफाल:** मणिपुर में सुरक्षा बलों ने एक बार फिर बड़ा ऑपरेशन चलाकर उग्रवादियों पर बड़ी कार्रवाई की है। राज्य के बिष्णुपुर और तेंगनौपाल जिलों से प्रतिबंधित संगठनों के दो सक्रिय उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया है। इसके अलावा इंफाल ईस्ट जिले में एक बड़ी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किए गए हैं। साथ ही तेंगनौपाल में भारत-म्यांमार सीमा के पास एक जिंदा बम को भी निष्क्रिय किया गया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बिष्णुपुर जिले के ओइनाम उषाखांगदाबी इलाके में छापेमारी कर कांगलेइपाक कम्युनिस्ट पार्टी (ताइबंगनबा गुट) का एक सक्रिय उग्रवादी पकड़ा गया। यह उग्रवादी लंबे समय से इलाके में संगठन के लिए काम कर रहा था। वहीं, तेंगनौपाल जिले में भारत-म्यांमार सीमा के पास पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) का एक सदस्य भी गिरफ्तार किया गया है।

**जागरूकता**

### मुख्यमंत्री ने शिमला में 12वीं हिमाचल प्रदेश पुलिस हाफ मैराथन विजेताओं को किया सम्मानित

# सरकार नशे के विरूद्ध शीघ्र शुरू करेगी व्यापक अभियान: मुख्यमंत्री

**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमला:** नशे के विरूद्ध जागरूकता बढ़ाने के लिए हिमाचल प्रदेश पुलिस विभाग द्वारा शिमला में 12वीं हिमाचल प्रदेश पुलिस हाफ मैराथन का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने मैराथन विजेताओं को सम्मानित किया। इस मैराथन में पुरूष, महिला और वरिष्ठ नागरिक (75 वर्ष से अधिक) श्रेणी के प्रतिभागियों ने भाग लिया।

इस अवसर पर लोगों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने नशे संबंधी गतिविधियों में सरकारी कर्मचारियों की संलिप्ता पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार ने नशे संबंधी गतिविधियों में शामिल 80 सरकारी कर्मचारियों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई अमल में लाई है। नशे की तस्करी संबंधी मामलों में पुलिस कर्मियों की संलिप्तता भी सामने आई है और राज्य सरकार पुलिस बल में अधिक जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए पुलिस मैनुअल में संशोधन पर विचार कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार निकट भविष्य में बड़े स्तर पर नशा विरोधी अभियान शुरू करने की तैयारी कर रही है। नशे पर अंकुश लगाने के लिए पंचायत स्तर पर मैपिंग करवाई जा रही है। सरकार नशे की तस्करी पर रोक लगाने के लिए एक विशेष टास्क फोर्स का भी गठन कर रही है जिसके लिए भर्ती प्रक्रिया चल रही है। इसके अतिरिक्त पुलिस विभाग को मजबूत करने के लिए 500 नए पद भरे जाएंगे। नशे के प्रति राज्य सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति को रेखांकित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि युवा हमारे राष्ट्र का भविष्य हैं जिनको नशे की बुराई से बचाना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में द्विआयामी रणनीति के तहत कार्य किया जा रहा है जिसमें नशा तस्करों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई और नशे के आदि लोगों के प्रति संवेदनशील रवैया अपनाकर काम किया जा रहा है।




**सम्मान**

प्रदेश सरकार निकट भविष्य में बड़े स्तर पर नशा विरोधी अभियान शुरू करने की तैयारी कर रही:

# जनगणना: पहले चरण का आगाज अप्रैल 2026 से

### सबसे पहले मकान सूचीकरण कार्य करेंगे अधिकारी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** भारत सरकार ने आगामी जनगणना 2026 के पहले चरण की तारीख तय कर दी है। रजिस्ट्रार जनरल और जनगणना आयुक्त मृत्युंजय कुमार नारायण ने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को पत्र लिखकर बताया कि हाउस लिस्टिंग ऑपरेशन और हाउसिंग जनगणना 1 अप्रैल 2026 से शुरू होगी।

**दो चरणों में जनगणना होगी**

**पहला चरण-** मकान सूचीकरण काम जिसे हाउस लिस्टिंग ऑपरेशन (एचएलओ) भी कहा जाता है। इसमें हर घर की स्थिति, सुविधाएं और संसाधनों की जानकारी ली जाती है। वहीं दूसरा चरण- जनसंख्या गणना का है, यह चरण 1 फरवरी 2027 से शुरू होगा। इसमें हर व्यक्ति की सामाजिक, आर्थिक, शैक्षिक और सांस्कृतिक जानकारी ली जाएगी।



**क्या है मकान सूचीकरण काम?**

इस चरण में सरकार यह पता लगाएगी कि घर की दीवार, छत और फर्श किस सामग्री की बनी है। घर में कितने कमरे हैं, कितने लोग रहते हैं, घर में शादीशुदा जोड़े हैं या नहीं, क्या घर का मुखिया महिला है या वह अनुसूचित जाति/जनजाति से है।

**लोगों से पूछे जाएंगे ये सवाल**

क्या घर में मोबाइल, टीवी, रेडियो, ट्रांजिस्टर, इंटरनेट या वाहन (साइकिल, स्कूटर, बाइक, कार आदि) है?

खाना बनाने के लिए कौन सा ईंधन इस्तेमाल होता है (जैसे एलपीजी, पीएनजी, लकड़ी, गोबर आदि)?

पीने का पानी कहां से आता है?

शौचालय, नहाने और खाना पकाने की सुविधा कैसी है?

# महिला के बैग से करीब 10 लाख रू. के गहने चुराने के आरोप में 2 युवक काबू

टीम एक्शन इंडिया
खरखौदा/सोमपाल सैनी

**सोनीपत पुलिस** ने बस में महिला के बैग से आभूषण चोरी करने की घटना में संलिप्त दो आरोपियों को किया गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेशकर 6 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। वहीं एक गिरफ्तार आरोपी पर तो 3 जिलों में 7 मुकदमे पहले से ही दर्ज है। पुलिस पीआरओ विभाग से मिली जानकारी के अनुसार सोनीपत जिले की क्राईम यूनिट खरखौदा की पुलिस टीम ने बीते दिनों बस में महिला के बैग से आभूषण चोरी करने की घटना में संलिप्त 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी मोनू निवासी मोखरा हाल कलानौर जिला रोहतक व वीरेंद्र निवासी गौतम नगर गोहाना जिला सोनीपत हाल कलानौर जिला रोहतक के रहने वाले है। आपको बता दे कि मिली जानकारी के अनुसार दिनांक 12 जून 2025 को गाँव रोहणा जिला सोनीपत निवासी एक महिला ने थाना खरखौदा में शिकायत दी की दिनांक 11 जून को समय तकरीबन 7 बजे सुबह जब वह बस अड्डा खरखौदा से प्राईवेट बस से बहादुरगढ जा रही थी जो बस में बहुत ज्यादा सवारियां भरी हुई थी। इसी दौरान कुछ चोरो ने भीड़ का फायदा उठाते हुए उसके बैग से 2 सोने की चैन, 2 कडे, मंगलसूत्र, अगुंठी, 2 जोडी कानो के झुमके, बच्चे के सोने के चांद और सुरज, चांदी की 3 जोडी नई पायले, 1 चांदी का रानी हार, 1 चांदी का हार, 1 चांदी का छोटा हार, चांदी का नथ, चांदी का टीका और बच्चे का चांदी का खिलौना तथा कुछ पुरानी टुटी और पुरानी चांदी भी शामिल थी। जिसकी कीमत करीब 10 लाख रुपये है। जब रास्ते में उसने अपने बैग को चैक किया तो उसके बैग से सारी कीमती चीजे चोरी हो चुकी थी। इस घटना का थाना खरखौदा में मामला दर्ज किया गया था। जांचकर्ता टीम में नियुक्त एएसआई मनीष ने अपनी पुलिस टीम के साथ आरोपियों की खोजबीन करते हुए घटना में संलिप्त 2 आरोपियों मोनू निवासी मोखरा हाल कलानौर जिला रोहतक व वीरेंद्र निवासी गोतम नगर गोहाना जिला सोनीपत हाल कलानौर जिला रोहतक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेशकर न्यायालय के आदेशानुसार 6 दिन के पुलिस रिमाण्ड पर लिया गया है।




**सफलता मिली**

दोनों आरोपियों को न्यायालय मे पेशकर 6 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया

## न्यूज फ्लैश

### निगम ने विज्ञापनों से आय बढ़ाने के प्रयास तेज किए

**सोनीपत, 29 जून।** नगर निगम ने विज्ञापनों से आय बढ़ाने के प्रयास तेज कर दिए हैं, विज्ञापन की नई साइटों की नीलामी से आय 74 लाख सालाना से बढ़कर लगभग सवा 3 करोड़ हो जाएगी। इस बार बजट में विज्ञापन से 6 करोड रुपए आय का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार निगम ने विज्ञापन के लिए 39 साइट निर्धारित कर रखी थी जिसमें से केवल 15 साइट ही बिकती थी। इस बार निगम द्वारा 58 नई साइट निर्धारित की गई है और उसमें से 48 साइट नीलामी में बिक गई है, जिनसे 2 करोड़ 49 लख रुपए वार्षिक आय अतिरिक्त मिलेगी। निगम के अधिकारियों को मुख्यालय से आय के साधनों को बढ़ाने के आदेश मिले हैं अन्यथा ग्रांट में कटौती कर दी जाएगी। निगम ने प्रॉपर्टी टैक्स वसूलने का भी अभियान तेज कर दिया है और टैक्स ना देने वालों की प्रॉपर्टी सीलिंग की कार्यवाही शुरू की जाएगी। नगर निगम की आय के साधन सीमित है और नागरिकों को सड़क, सीवर, पानी, स्ट्रीट लाइट, पार्क की सारी सुविधाएं देनी पड़ती है जिस पर मोटा बजट खर्च होता है। इसलिए आय बढ़ाने की तरफ ध्यान दिया जा रहा है। विज्ञापन पॉलिसी के अनुसार और भी विज्ञापन के साइट चयनित की जाएगी।

### बारिश से लोगों को मिली उमस भरी गर्मी से राहत

**रादौर, 29 जून (कुलदीप सैनी) :** रविवार की सुबह एक बार फिर से मानसून के बादल जमकर बरसे। बारिश के बाद मौसम भी बदल गया और लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली। लेकिन कई जगहों पर लोगों को बारिश के पानी के जमावड़े के कारण परेशानियों का सामना भी करना पड़ा। रादौर व गांव गुमथला सहित अनेक गांवों में जलभराव की समस्या से लोगों को दो चार होना पड़ा। गांव गुमथला निवासी पूर्व सरपंच सुरजीत सिंह भूरा, जयभगवान, पारस पोपली, राम मेहता, अशोक कुमार, चरण सिंह, संदीप सिंह, बूटा सिंह, मुख्तयार सिंह इत्यादि का बताया कि उनके गांव में पानी की निकासी का उचित प्रबंध न होने से गांव की फिरनी पर पानी का भराव हो गया। जिससे कुछ ऐसे घरों में पानी भी जमा हो गया जो निचले स्थानों में थे। दो दिन पहले हुई बरसात का पानी अभी फिरनी से उतरा नहीं था कि अब दोबारा पानी जमा होने से लोगों की परेशानी बढ़ गई है। बरसाती पानी में मच्छर इत्यादि भी जमा होने से लोगों को बीमारियां फैलने का डर भी सता रहा है। पिछले दिनों प्रशासन ने पाइप डालने का कार्य तो किया लेकिन वह उचित प्रकार से नहीं किया गया। जिससे लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। उन्होंने लोगों से मांग की कि जल्द से जल्द गांव में पानी की निकासी का उचित प्रबंध किया जाए और लोगों की परेशानियों को दूर किया जाए।



### दिल्ली व हरियाणा पुलिस का इनामी बदमाश मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार, पैर में लगी गोली

**सोनीपत:** एसएजी सेक्टर-7 सोनीपत टीम ने हत्या, हत्या प्रयास, फिरौती व डकैती सहित दिल्ली व हरियाणा पुलिस के इनामी बदमाश को मुठभेड़ के बाद काबू करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार आरोपित रवि उर्फ लांबा निवासी गांव बरोणा का है। पुलिस ने आरोपित के पास से अवैध देशी हथियार व दोपहिया वाहन को बरामद किया है। मुठभेड़ में पुलिस की जवाबी कार्रवाई में आरोपित के पैर में गोली लग गई। जिसके चलते वह घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए स्वास्थ्य केंद्र खरखौदा लाया गया। जहां से उसे महिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल खानपुर रेफर कर दिया। घायल का अस्पताल से छुट्टी होने के बाद उसे अदालत में पेश किया जायेगा। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। एसएजी यूनिट सेक्टर-7 सोनीपत निरीक्षक अजय कुमार ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि खरखौदा बाईपास के पास बदमाश आने वाले है। टीम ने नाकाबंदी करके जांच शुरू की। कुछ देर में दिल्ली चौक खरखौदा की तरफ से एक मोटरसाइकिल सवार ने नाकाबंदी तोड़कर आने की जानकारी मिली। टीम ने वाहन चालक की तलाश शुरू की। सर्विस रोड से तेज रफ्तार में बाइक सवार आता दिखाई दिया। बाइक सवार को रोकने का ईशारा किया तो उसने कच्चे रास्ते की तरफ मोड़कर भागने का प्रयास किया। बाइक का संतुलन खराब होने के चलते बाइक गिर गई। उसके बाद बाइक सवार उसे छोड़कर भागने का प्रयास किया। उसे रूकने का ईशारा किया तो उसने जान से मारने की नीयत से पुलिस की तरफ गोली चला दी। पुलिस की तरफ से जवाबी कार्रवाई में बदमाश के पैर में गोली लग गई। वह घायल अवस्था में गिर गया। उसकी पहचान रवि उर्फ लांबा के रूप में हुई। घायल अवस्था में उपचार के लिए उसे खरखौदा अस्पताल में लाया गया। जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे महिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल खानपुर रेफर कर दिया। जहां उसका उपचार चल रहा है। पुलिस ने मिली जानकारी के अनुसार आरोपित पर करीब दर्जन मुकदमें दर्ज है। आरोपित पर दिल्ली व हरियाणा में अलग-अलग थानों में डकैती, लूट, हत्या, हत्या प्रयास, अवैध हथियार सहित अन्य धाराओं के तहत मुकदमें दर्ज है। दिल्ली पुलिस ने आरोपित पर 25 हजार रुपये का ईनाम रखा हुआ है। वहीं हरियाणा पुलिस की तरफ से आरोपित पर 20 हजार रुपये का ईनाम रखा हुआ है।

# खरखौदा का एक और बदमाश काबू, कई मामले हैं दर्ज



टीम एक्शन इंडिया
खरखौदा/सोमपाल सैनी

**रविवार** को खरखौदा की क्राइम यूनिट ने इंचार्ज रविंद्र कुमार के नेतृत्व में बड़ी कार्रवाई करते हुए खांडा गांव में फायरिंग और खेड़ी दहिया गांव के शराब ठेके पर गोलियां चलाने के मामले में वांछित आरोपी अशोक को गिरफ्तार किया है। आरोपी खांडा गांव का रहने वाला है और उस पर ताजा 2 मामलों में अलग-अलग स्थानों पर हुई, फायरिंग की वारदातों में शामिल होने का आरोप था। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि अशोक रोहतक और खांडा के बीच नहर की पटरी के पास मौजूद है। इस सूचना के आधार पर टीम ने मौके पर दबिश दी। खुद को घिरा देख आरोपी अशोक ने भागने की कोशिश की, इसी दौरान उसका पैर फिसल गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस टीम ने उसे तत्काल खरखौदा के नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर पीजीआई खानपुर रेफर कर दिया गया है। फिलहाल आरोपी का पुलिस निगरानी में इलाज करवाया जा रहा है। पुलिस के अनुसार आरोपी अशोक पर करीब दर्जन भर से ज्यादा मुकदमे जो कि लूट, हत्या, हत्या के प्रयास के खरखौदा, गोहाना, और सोनीपत जिले में दर्ज हैं। खरखौदा थाना इंस्पेक्टर प्रेम सिंह के अनुसार ताजा फायरिंग की वारदातों को आपसी रंजिश और दबदबा कायम करने के लिए अंजाम दिया गया था। पुलिस पूरे मामले की गहनता से जांच कर रहे है और जल्द ही अन्य शामिल लोगों को भी गिरफ्त में लेने की बात कह रही है।

**गिरफ्त में**

खेड़ी दहिया गांव के शराब ठेके पर गोलियां चलाने के मामले में वांछित आरोपी अशोक को गिरफ्तार किया

# पुलों के आसपास गाद निकालने का काम शुरूः राजीव जैन

टीम एक्शन इंडिया
सोनीपत (संजीव कौशिक)

ड्रेन नंबर 6 में पानी की निकासी में रुकावट न रहे इसके लिए विशेषकर पुलों के आसपास गाद निकालने का काम शुरू किया गया है। मेयर नगर निगम राजीव जैन ने मौके पर पहुंचकर कार्य का निरीक्षण किया और ठेकेदार को सफाई अच्छे ढंग से करने के निर्देश दिए। राजीव जैन ने बताया कि बरसात के दिनों में अक्सर ड्रेन के पुलों के नीचे कूड़ा करकट इकट्ठा हो जाता है जिसे पानी की निकासी अवरुद्ध हो जाती है। इसलिए नगर निगम क्षेत्र में ड्रेन नंबर 6 के सभी पुलों के आसपास सफाई करवाई जा रही है। उन्होंने बताया कि ड्रेन नंबर 6 को ढकने का 90% काम पूरा हो चुका है और पुलों को जोड़ने के लिए 9 करोड़ की लागत से कागजी प्रक्रिया पूरी की जा रही है। मेयर ने कहा कि ड्रेन नंबर 6 के साथ चावला कालोनी समेत अनेक कॉलोनियों के पानी की निकासी के लिए डाली गई लाइन डालने के बाद पलक नहीं खोले गए जिससे तुरंत प्रभाव से खोलने के निर्देश भी दिए गए हैं उन्होंने कहा कि हर संभव प्रयास है कि जलभराव की समस्या कम से कम उत्पन्न हो। राजीव जैन ने कहा की बरसात के बाद ड्रेन नंबर 6 के साथ-साथ ऊबड़ खाबड़ हो चुकी जमीन को ठीक करने, बड़े-बड़े हो चुके गड्ढों को भरने का अभियान चलाया जाएगा और ड्रेन के साथ-साथ गंदगी डालने पर भी रोक लगाई जाएगी।



## समोसे के लिए हत्या का आठवां आरोपी काबू

**गुरुग्राम।** जिला के खंड फर्रुखनगर में समोसे के कारण हत्यारे बने आठ आरोपियों को अब तक पुलिस काबू कर चुकी है। समोसा खरीदने को लेकर दुकानदार राकेश सैनी के साथ जरा सा विवाद क्या हुआ, युवकों ने पहले तो जमकर बवाल काटा। अगले दिन योजना बनाकर दुकानदार की गोली मार हत्या कर दी थी। पुलिस आरोपियों की धरपकड़ कर रही है। पुलिस प्रवक्ता संदीप कुमार ने रविवार को बताया कि अब से पहले तक सात आरोपी कर लिए गए थे, आठवें को अब गिरफ्तार किया गया है। अपराध शाखा फर्रुखनगर इंचार्ज उप-निरीक्षक मनोज कुमार ने रविवार को बताया कि आठवें आरोपी की पहचान प्रशांत निवासी गांव बीजना जिला चरखी दादरी के रूप में हुई है।

## खजूरी गांव में गली में खड़े ट्रैक्टर से बैटरी चोरी

**रादौर(कुलदीप सैनी) :** जठलाना क्षेत्र के गांव खजूरी से गली में खड़े ट्रैक्टर से बैटरी चोरी हो गई। गांव में लगे सीसीटीवी कैमरे में बाइक सवार युवक बैटरी चोरी करता दिखाई दे रहा है। पुलिस ने शिकायत पर केस दर्ज किया है। जठलाना पुलिस को दी शिकायत में गांव खजूरी निवासी कुलदीप सिंह ने बताया कि उसका ट्रैक्टर गली में खड़ा हुआ था। रात्रि के समय अज्ञात बाइक सवार वहां आया और ट्रैक्टर से बैटरी चोरी कर ले गया।

# दुखभंजन कॉलोनी में टूटी सड़क से लोगों में भारी रोष

टीम एक्शन इंडिया
अनिल वर्मा

**थानेसर:** नगर की प्रमुख दुखभंजन कॉलोनी में टूटी हुई सड़क कॉलोनीवासियों की परेशानी का कारण बन चुकी है। कॉलोनी की टूटी हुई सड़क पिछले लंबे समय से प्रशासन की उपेक्षा का शिकार है। बारिश होने पर लोगों की समस्या और अधिक बढ़ जाती है। टूटी सड़कों पर जल- भराव के कारण मच्छरों के प्रकोप से लोगों के बीमार होने का खतरा बढ़ गया है। टूटी सड़क पर वाहन चालकों की दुर्घटना होने का भय भी बना हुआ है। गत दिनों कॉलोनीवासी पीयूष व्यास के बाइक से गिरकर चोटिल होने की सूचना भी है। कॉलोनीवासी कई बार नगर परिषद की चेयरपर्सन माफी ढांडा से मिलकर मदद की गुहार लगा चुके हैं लेकिन अभी भी कोई समाधान नहीं निकला। कॉलोनीवासियों की प्रशासन से मांग है कि जल्दी ही कॉलोनी की सभी समस्याओं का समाधान किया जाए। उनका कहना है कि जल्द से जल्द टूटी सड़क का निर्माण किया जाए कॉलोनी में बरसाती पानी की निकासी का उचित प्रबंध हो और मच्छर नियंत्रण अभियान चलाया जाए।



# 80 हजार शुल्क जमा करवाने के बाद भी पूरी जानकारी के लिए तरसता आवेदक

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र :** सूचना का अधिकार का तात्पर्य है सूचना पाने का अधिकार, सरकार ने आम आदमी के लिए सूचना का अधिकार (आरटीआई) लागू भी कर दिया लेकिन जिम्मेदार अधिकारी सूचना के अधिकार का खुलेआम उल्लंघन करते देखे जा सकते है। जिम्मेदार अधिकारी आरटीआई में जानकारी देने से बचते है और अगर कोई आवेदक अपील में चला जाए तो यह अधिकारी आधी अधूरी जानकारी दे कर अपना पल्ला झाड़ लेते हैं। आरटीआई में जानकारी लेने वाला कितने कष्ट में है इसका ताजा मामला मुख्यमंत्री की कर्मभूमि के जन स्वास्थ्य एवं अभियान्त्रिकी विभाग से जुड़ा है। विभाग के बेखौफ अधिकारी कैसे एक आरटीआई एक्टिविस्ट से 80 हजार रुपये जमा करवाने के बाद भी पूरी जानकारी नहीं दे रहे। आरटीआई एक्टिविस्ट अरोड़ा बताते है की उन्होंने 30 जनवरी 25 को कार्यकारी अभियंता जन स्वास्थ्य एवं अभियान्त्रिकी विभाग कुरुक्षेत्र में सरकारी नियमानुसार आरटीआई लगाई थी जिसके लिए नियमानुसार सरकारी फीस का पोस्टल आर्डर भी लगाया था। जन स्वास्थ्य एवं अभियान्त्रिकी विभाग कुरुक्षेत्र ने 3 फरवरी को उन्हें दो पत्र एक ही दिन में लिख दिए जिनके रेफरेंस नंबर अलग अलग थे एक पत्र में उन्होंने सूचना देने के नाम पर 85000/– मांग लिए उसी दिन के दूसरे पत्र में उन्होंने अपने विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए की तय समय सीमा में सूचना उपलब्ध करवाए और सूचना के लिए कितने पैसे जमा करवाने है वो भी बताया जाए कमाल की बात तो यह है दोनों पत्र एक ही दिन लिख दिए जो अपने आप में ही अजूबा है सरकारी अधिकारी कानून को अपने हिसाब से कैसे तोड़ते है यह इनके हाथ में है। आवेदक ने भी हार न मानते हुए विभाग में 14 फरवरी 25 को 10 हजार रुपये का डिमांड ड्राफ्ट जमा करवा कर विभाग को पत्र के माध्यम से निवेदन किया की पैसे किस हिसाब से मांगे है कृपया बताया जाए। लेकिन विभाग के अधिकारियों के कान पर जूं नहीं रेंगी और विभाग ने पत्र लिखा की बकाया पैसे जमा करवाए। कानून तोड़ने वाले अधिकारियों से हार कर प्रार्थी ने 70 हजार 5 मार्च 25 को बैंकर चेक बनवा कर जमा करवा दिया लेकिन विभाग ने पैसे लेने के बाद भी सूचना उपलब्ध नहीं करवाई आवेदक ने फिर भी हार नहीं मानी और महामहिम राज्यपाल, मुख्यमंत्री हरियाणा, मुख्य सचिव हरियाणा, इंजिनियर इन चीफ व अन्य अधिकारियों को फरियाद की विभाग के अधिकारी सुमित गर्ग आरटीआई नहीं देना चाहते लेकिन अधिकारी पैसे जमा करवाने के बाद भी सूचना नहीं देना चाहते थे।




# एक्शन इंडिया

## (राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)

समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया- पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**

शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042
संपर्क सूत्र: 8447314925, 9999889104

विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।



# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
फोन : 73476708

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत : स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश** 9815119633, 9855577523

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
फोन : 7087033731

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## बेदखली सूचना

मैं सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेर या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

मैं रामानंद पुत्र हनुमान प्रसाद निवासी नांगल चौधरी, तहसील नांगल चौधरी जिला महेंद्रगढ़ हल्फ से ब्यान करता हूँ कि मेरा पुत्र संजय मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने से बाहर है। वह अपनी मनमानी करता है। मैं संजय को अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं व संबंध विच्छेद करता हूं।आज के बाद अगर कोई भी संजय से लेन देन करता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा।मेरी व मेरे परिवार के किसी सदस्य की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी- नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेंगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कहीं खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

मैं सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कहीं खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।





# मोदी की गारंटी झूठी और नकली: केजरीवाल

## कहा था- जहां झुग्गी-वहां मकान, उनका मतलब था, जहां झुग्गी-वहां मैदान; झुग्गियां तोड़ने के विरोध में प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली में झुग्गियों को तोड़े जाने के विरोध में आम आदमी पार्टी ने रविवार को जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन में दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया, सौरभ भारद्वाज, संजय सिंह सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेता शामिल हुए। इस प्रदर्शन में केजरीवाल ने जमकर मोदी सरकार पर हमला बोला।

**झुग्गियों को तोड़कर किया अन्याय - केजरीवाल**
पूर्व मुख्यमंत्री केजरीवाल ने बीजेपी पर आरोप लगाया कि बीजेपी ने गरीबों की झुग्गियां तोड़कर उनकी रोजी-रोटी छीन ली। जो लोग झुग्गी में रहते हैं वे उसके आस-पास ही नौकरीया करते हैं। झुग्गियों के टूटने से रोजगार चला जाता है। उन्होंने एक तरह से आपको बहुत बड़ी मुसीबत में डाल दिया है।

**'जहां झुग्गी, वहां मकान' नहीं, 'जहां झुग्गी, वहां मैदान'**
केजरीवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वादों पर सवाल उठाते हुए कहा कि मोदी की गारंटी झूठी साबित हुई है। उन्होंने कहा था कि 'जहां झुग्गी, वहां मकान...' लेकिन उसका मतलब यह था कि 'जहां झुग्गी, वहां मैदान...'। चुनाव से पहले बीजेपी के नेता आपकी झुग्गी बस्तियों में रातें गुजारते थे, अब वही बस्तियां उजाड़ी जा रही हैं।

**ये दिल्ली की हर झुग्गी मिटाना चाहते हैं-केजरीवाल**
अरविंद केजरीवाल ने कहा, "अगर गरीबों की झुग्गियां उजाड़ दी गईं, तो दिल्ली कैसे चलेगी? रसोइया, ड्राइवर, सिक्योरिटी गार्ड, ऑटो चालक, अखबार और दूध पहुंचाने वाले, ये सभी झुग्गियों में रहते हैं। बीजेपी की योजना दिल्ली की हर झुग्गी खत्म करने की है। करीब 40 लाख लोग इन बस्तियों में रहते हैं। सभी एकजुट हो जाओ, जिस दिन आप सड़कों पर आ गए, सरकार की मुश्किलें बढ़ जाएगी।"

**बीजेपी-कांग्रेस दोनों भाई-बहन ही हैं: केजरीवाल**
पूर्व सीएम केजरीवाल ने बीजेपी और कांग्रेस पर एक साथ हमला बोलते हुए कहा कि, 'सारे इंजन तुम्हारे हैं। पांच महीने पहले हम एक व्यवस्थित दिल्ली छोड़कर गए थे। लेकिन 75 सालों में किसी ने न तो पानी का इंतजाम किया, न बिजली का। बीजेपी और कांग्रेस केवल लूटने के इरादे से आती हैं। बीजेपी-कांग्रेस दोनों बहन-भाई ही हैं।' उन्होंने आगे कहा, 'दिल्ली में करीब 40 लाख लोग झुग्गियों में रहते हैं।

अब समय आ गया है कि सभी लोग एकजुट हों, ताकि कोई आपकी झुग्गियां तोड़ने की हिम्मत न कर सके।'
उन्होंने मंच से लोगों को बीजेपी और कांग्रेस को वोट न देने की शपथ भी दिलाई और कहा, "मैं आज ये कसम खाता हूं कि अब कभी भी बीजेपी या कांग्रेस को वोट नहीं दूंगा।"




### बुलडोजर नहीं रोके, तो सरकार नहीं बचेगी

**केजरीवाल** ने चेताया कि अगर झुग्गियों पर बुलडोजर नहीं रोके गए तो बीजेपी सरकार को जनता उखाड़ फेंकेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार इसी जंतर-मंतर से गिरी थी, और अब बीजेपी की बारी है। केजरीवाल ने यह भी कहा कि, सरकार जनता की सेवा करने के बजाय विपक्षी नेताओं पर एफआईआर कराने में व्यस्त है।

### घर और रोजगार दोनों छीन लिया: केजरीवाल

**केजरीवाल ने** कहा कि चुनाव से पहले मैंने दिल्ली के गरीबों और झुग्गीवालों के लिए वीडियो जारी करके कहा था कि अगर बीजेपी की सरकार आ गई तो यह एक साल में ही झुग्गियां तोड़ देंगे। इन्होंने 2-3 महीनों में झुग्गियां तोड़कर आपके सिर से छत छीन ली है। इन्होंने गरीबों का घर और रोजगार दोनों छीन लिया है। उन्होंने कहा कि ये केवल लूटने का काम करते हैं। दिल्ली की झुग्गियों में 40 लाख लोग रहते हैं, अगर ये इकट्ठे हो गए तो किसी की औकात नहीं है जो आपकी झुग्गी तोड़ने आ जाए।

### आप नेताओं की तीखी टिप्पणियां

**आप** नेता गोपाल राय ने सख्त लहजे में कहा, 'अगर गरीबों की झुग्गियों पर बुलडोजर चलाया गया और उन्हें बसाया नहीं गया, तो पुलिस और सत्ता की ताकत के बावजूद हम प्रधानमंत्री के निवास तक पहुंचकर उसे खाली कराने से पीछे नहीं हटेंगे।' वहीं, सांसद संजय सिंह ने बीजेपी पर निशाना साधते हुए कहा, 'बीजेपी दिल्ली से बिहारी मूल के लोगों को बाहर करने की कोशिश कर रही है। जो लोग उन्हें 'रोहिंग्या' कह रहे हैं, वे याद रखें, बिहार के लोग बीजेपी को खुद उनके ही राज्य से बाहर कर देंगे।'

# कश्मीरी गेट बस अड्डे की पार्किंग पड़ रही महंगी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** कश्मीरी गेट अंतरराज्यीय बस अड्डे के अधिक पार्किंग शुल्क से बचने के लिए पंजाब रोडवेज ने सस्ता और अच्छा विकल्प तलाश लिया है। शास्त्री पार्क में नगर निगम की पार्किंग को पंजाब रोडवेज ने अड्डा बनाया है। इसमें मात्र 100 रुपये प्रति बस शुल्क लगता है। इतने खर्चे पर पांच घंटे तक बस खड़ी कर सकते हैं। पंजाब के विभिन्न शहरों से लंबे सफर के बाद यात्रियों को कश्मीरी गेट बस अड्डे के बाहर उतारने के बाद चालक और परिचालक निगम की पार्किंग का रुख कर लेते हैं। वहीं पार्किंग में कुछ घंटे सुस्ता कर अपनी थकान उतारते हैं, फिर यहां से बस अड्डे के अंदर जाकर सवारियां लेकर निकल जाते हैं।

**कितने मिनट का कितना चार्ज?**
कश्मीरी गेट समेत अन्य अड्डों में बसों की भीड़ को कम करने के लिए दिल्ली के एलजी वीके सक्सेना के निर्देश पर पिछले साल दिल्ली परिवहन अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड (डीटीआइडीसी) ने अड्डे में 25 मिनट बस खड़ी करने के 590 रुपये वसूलने शुरू कर दिए थे। 25 मिनट से ऊपर होते ही 50 रुपये पांच मिनट के हिसाब से अतिरिक्त देने पड़ते हैं। इस हिसाब से एक बार बस अंदर घुसी और चालक-परिचालक दो से तीन घंटे सुस्ताने चले गए तो रोडवेज को 1700 से 2400 रुपये तक का भुगतान बनता था।
लंबी दूरी की बसों के चालक-परिचालक के यह मुमकिन नहीं कि वह कश्मीरी गेट बस अड्डे में घुसते ही चंद मिनटों में बस भरकर दोबारा से यात्रा पर निकल पड़ें। ऐसे में कश्मीरी गेट बस अड्डे के अंदर बस खड़ी कर उनके लिए सुस्ताना अधिक पार्किंग शुल्क के चलते नुकसानदायक साबित हो रहा था। इस समस्या का हल खोजते हुए पंजाब रोडवेज ने शास्त्री पार्क क्षेत्र में जग प्रवेश अस्पताल के पास डीडीए की जमीन पर निगम की अधिकृत पार्किंग को अपना नया अड्डा बना लिया है। यह पार्किंग बस अड्डे से पांच किलोमीटर दूरी पर है।
एक वक्त में पार्किंग में रोडवेज की करीब दस बसें खड़ी रहती हैं। 24 घंटे में करीब 55 बसें पंजाब से यहां आती हैं। रोडवेज बस चालकों व परिचालकों के लिए यहां एक टीन शेड में विश्राम स्थल बनाया है। जहां वह नहाने के साथ खाना खाने व आराम करने के साथ फोन चार्ज कर सकते हैं। पार्किंग में मौजूद रोडवेज के बस चालकों ने कहा कि हर एक विभाग चाहता है उसे ज्यादा राजस्व हो।




**विकल्प**

शास्त्री पार्क में निगम की पार्किंग को पंजाब रोडवेज ने अड्डा बनाया है। 100 रुपये प्रति बस शुल्क लगता है

# कपिल मिश्रा ने मन की बात कार्यक्रम को किसानों के साथ सुना

**संवाद**

प्रधानमंत्री ने चिरंजीवी योग परंपरा, आपातकाल की चेतावनी, जैसे अलग-अलग विषयों पर संवाद किया



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली के कैबिनेट मंत्री कपिल मिश्रा ने त्यागराज स्टेडियम में किसानों के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात को सुना। यह जानकारी उन्होंने एक्स पर साझा की। उन्होंने पोस्ट करते हुए बताया कि प्रधानमंत्री ने चिरंजीवी योग परंपरा, आपातकाल की चेतावनी, पेड़ लगाने के संकल्प जैसे अलग-अलग विषयों पर राष्ट्र से संवाद किया। प्रधानमंत्री के सुंदर विचारों को सुनना, गुनना और जीवन में उतारना यही संकल्प सम्पूर्ण राष्ट्र का है ताकि जीवन को हर मायने में विस्तार मिल सके। इसके अलावा उन्होंने बताया कि दिल्ली पर्यटन विभाग द्वारा आयोजित तीन दिवसीय आम महोत्सव का उद्घाटन शुक्रवार को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने किया था। इससे पहले आज कपिल मिश्रा ने अपनी विधानसभा क्षेत्र करावल नगर की अपनी जनता जनार्दन से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने हर एक व्यक्ति की बात को गंभीरता से सुनकर तुरंत समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि करावल नगर के हर परिवार, हर मोहल्ले का सुख-दुख उनका अपना है और इसी अपनापन से वो हमेशा आपके बीच खड़े मिलेंगे।

# कलयुगी बेटे ने पिता की पीट-पीटकर की हत्या

**क्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** मध्य दिल्ली के पहाड़गंज स्थित आराम बाग इलाके में एक युवक ने पीट-पीटकर अपने पिता की हत्या कर दी। मृतक की पहचान विनोद कुमार के रूप में हुई है। वारदात के बाद पुलिस ने चंद घंटे के भीतर ही आरोपित बेटे को गिरफ्तार कर लिया, जिसकी पहचान भानू प्रताप के रूप में हुई है। पुलिस उससे पूछताछ कर मामले की छानबीन कर रही है। विनोद के परिजनों ने आरोप लगाया है कि वारदात में और भी लोग शामिल हैं, पुलिस जानबूझकर उनको बचाने का प्रयास कर रही है। पहाड़गंज थाना पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस परिजनों से पूछताछ कर मामले की छानबीन कर रही है। आरोपित पिता से अक्सर झगड़ा करता था।

# अवैध सिगरेट का गोदाम पकड़ा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दक्षिण-पश्चिम जिले की ऑपरेशंस सेल टीम ने एक बड़े ऑपरेशन को अंजाम देते हुए वसंत कुंज के नंगल देवत इलाके में स्थित एक अवैध सिगरेट के गोदाम का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने मौके से 94,000 पैकेट बिना वैधानिक चेतावनी और एमआरपी के विदेशी सिगरेट जब्त की हैं। इस मामले में पुलिस ने दो आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए आरोपितों की पहचान वसंत कुंज निवासी परिक्षित (22) और कर्नाटक निवासी पी.पी. चेंगप्पा (40) के रूप में हुई है। दक्षिण-पश्चिम जिले के डीसीपी अमित गोयल के अनुसार जिले की पुलिस द्वारा तंबाकू उत्पादों के अवैध व्यापार के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में ऑपरेशंस सेल की टीम को सूचना मिली कि नंगल देवत क्षेत्र में एक मकान के बेसमेंट में विदेशी सिगरेट का अवैध स्टॉक जमा किया गया है, जो दिल्ली-एनसीआर और दक्षिण भारत में सप्लाई की जानी है। पुलिस टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए छापा मारा और उपरोक्त दोनों आरोपितों को मौके से गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान भारी मात्रा में विदेशी सिगरेट जब्त की गई। बरामद सिगरेट में एलएंडबी ओरिजिनल सिल्वर झ 13 कार्टन (13,000 पैकेट), किंग साइज मेफेयर 5 कार्टन (5,000 पैकेट), रिचमंड किंग साइज रियल ब्लू -50 कार्टन (50,000 पैकेट) और रिचमंड किंग साइज-26 कार्टन (26,000 पैकेट) शामिल है। डीसीपी के अनुसार जांच में पता चला है कि पकड़ा गया आरोपित परिक्षित वसंत कुंज का रहने वाला है। उसके पिता एयरपोर्ट पर इम्पोर्ट-एक्सपोर्ट का काम करते हैं। परिक्षित ने पहले अपने पिता से काम सीखा और बाद में स्वतंत्र रूप से कारोबार करने लगा। बेंगलुरु निवासी सुनील नामक व्यक्ति के जरिये उसकी मुलाकात पी.पी. चेंगप्पा से हुई, जो गोदाम किराए पर देने का काम करता है। वहीं पी.पी. चेंगप्पा अपने दोस्त सुनील के लिए काम करता है।

## युवक की अधजली लाश मिली, मुकदमा दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** बाहरी उत्तरी जिले के नरेला इलाके में एक युवक का शव मिला। पुलिस को रविवार सुबह करीब 7:30 बजे सूचना मिली कि नरेला भवन फ्लाईओवर के पास जंगल में एक अज्ञात व्यक्ति की लाश पड़ी है। सूचना पर थाना नरेला की पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो देखा कि भारत माता स्कूल के पीछे, रोड से करीब 10 मीटर अंदर झाड़ियों में एक युवक की अधजली लाश पड़ी हुई थी। पुलिस के अनुसार, मृतक की उम्र 20 से 25 वर्ष के बीच लग रही थी। प्राथमिक जांच के दौरान, घटनास्थल से करीब 150 मीटर आगे एक रॉयल एनफील्ड मोटरसाइकिल भी जमीन पर गिरी हुई अवस्था में मिली। पुलिस ने तत्काल क्राइम टीम और फॉरेंसिक टीम को मौके पर बुलाकर जांच कराई।कुछ घंटों बाद शव की शिनाख्त स्वतंत्र नगर नरेला निवासी कपिल दहिया उर्फ कार्तिक के रूप में हुई। परिजनों को सूचना दे दी गई है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस का मानना है कि यह मामला हत्या का हो सकता है। जिसमें सबूत मिटाने के लिए शव को जलाने की कोशिश की गई है। घटनास्थल की स्थिति और मोटरसाइकिल की दूरी को देखते हुए मामला संदिग्ध लग रहा है।

# दिल्ली में कोरोना से दो की मौत



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली में कोरोना से दो बुजुर्गों ने दम तोड़ दिया। दोनों पहले से अस्पताल में दूसरी बीमारी का इलाज करवा रहे थे। इलाज के दौरान संक्रमण होने से स्थिति गंभीर हुई। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, दिल्ली में 73 वर्षीय पुरुष ने दम तोड़ा। वह पहले से मेटास्टेटिक लंग कार्सिनोमा, एक्यूट रेस्पिरेटरी डिस्ट्रेस सिंड्रोम, बी/एल निमोनिया, उच्च रक्तचाप से पीड़ित थे। वहीं दूसरा मरीज 76 वर्षीय पुरुष था। उन्हें पहले से सेप्टिक शॉक के साथ सेप्टिसीमिया, मल्टीपल ऑर्गन डिसफंक्शन सिंड्रोम, गंभीर निमोनिया, डीएम, उच्च रक्तचाप और हृदय रोग की समस्या थी। इलाज के दौरान दोनों को कोरोना का संक्रमण हुआ और स्थिति गंभीर होने पर दोनों ने दम तोड़ दिया। डाटा के अनुसार दिल्ली में कोरोना के सक्रिय मरीजों की संख्या 267 हैं। इनमें से शनिवार को 44 नए मरीज मिले। दिल्ली में एक जनवरी से अभी तक कोरोना के 3533 मरीज ठीक हो चुके हैं। इनमें से 59 मरीज शनिवार को ठीक हुए। दिल्ली में कोरोना से अभी तक 21 मरीज दम तोड़ चुके हैं।

# मिनटों में चोरी करते थे लग्जरी कारें, तीन को दबोचा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** लग्जरी कारों की चोरी करने वाले तीन शातिर चोरों को रोहिणी जिला एएटीएस की टीम ने पकड़ा है। कार में लगे जीपीएस को ब्लाक करने के लिए आरोपित सिग्नल जैमर का इस्तेमाल करते थे। इनके पास से आरोपित से तीन क्रेटा, एक सियाज, एक थार, एक किआ सेल्टोस, अपराध में इस्तेमाल एक आई-10 कार समेत सात खाली आटोमैटिक कार की चाबियां,जीपीएस ब्लाक करने के लिए सिग्नल जैमर, चार ड्राइवर साइड विंडो मिरर समेत अन्य सामान हुए बरामद किए गए हैं। रोहिणी जिला अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त संदीप गुप्ता ने बताया कि रोहिणी जिले में एक लग्जरी कार चोरों के गिरोह का भंडाफोड़ किया गया। रोहिणी जिला एएटीएस को एक गिरोह के तीन सदस्यों की आवाजाही के बारे में सूचना मिली। जो विजय विहार में आने वाले थे।

**कहां से चुराई थी कारें?** टीम ने विजय विहार में जाल बिछाकर तीन वाहन चोर को पकड़ लिया। आरोपितों की पहचान सुनील उर्फ राम, वीरेंद्र और गणेश सिंह बिष्ट उर्फ वीर के रूप में हुई। इनके कब्जे से हुंडई क्रेटा कार थाना प्रशांत विहार क्षेत्र से चोरी की हुई मिली। तलाशी के दौरान आरोपित की कार से सिग्नल जैमर, चार ड्राइवर साइड विंडो मिरर और 07 खाली चाबियां भी बरामद हुईं।
लगातार पूछताछ करने पर आरोपितों ने खुलासा किया कि वे लग्जरी कारों को चुराते थे। उनकी निशानदेही पर दिल्ली के अलग-अलग हिस्सों से चुराई गई पांच और चोरी की लग्जरी कारें भी बरामद की गईं। सभी आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया है और आगे की जांच जारी है। सभी आरोपित अपने साथियों के साथ चोरी की गई कार में कार चोरी करने आते थे। वे कार खोलने के लिए पिछली खिड़की के पीछे का शीशा तोड़ते थे और उसके बाद अपने पास मौजूद औजार और खाली आटोमैटिक कार की चाबियों की मदद से वे टारगेट कार के लिए नई चाबी तैयार करते थे। चोरी में जीपीएस को ब्लाक करने के लिए सिग्नल जैमर का इस्तेमाल करते थे। उन्हें चाबी तैयार करने के लिए एक कोड की भी जरूरत होती थी, जिसे वे अपने किसी साथी से लेते थे।



## नकली पुलिस बनकर की लूटपाट, तीन गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** थाना पुलिस ने फर्जी पुलिस बनकर बाइक लूटने वाले तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपितों से लूटी गई हीरो स्प्लेंडर बाइक और वारदात में इस्तेमाल बजाज एंटाइसर बाइक भी बरामद की है। पुलिस के मुताबिक घटना 26 जून की शाम 7:10 बजे की है, जब पीड़ित अमरपाल सिंह जो जीएमआर में सिक्योरिटी गार्ड हैं। वह अपनी हीरो स्प्लेंडर बाइक से ड्यूटी पर एरोसिटी जा रहे थे। महिपालपुर अंडरपास के पास उन्हें तीन युवकों ने रोका और खुद को पुलिसकर्मी बताया। इन युवकों ने उन्हें तेज रफ्तार से बाइक चलाने का आरोप लगाकर बाइक की चाबी छीन ली। जब अमरपाल ने पहचान पत्र दिखाने को कहा, तो उन्हें गालियां दी गई और थप्पड़ मारा।

# दिल्ली में प्रतिबंधित मांझे के खिलाफ अभियान शुरू

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** इस बार पतंगबाजी के कारण राजधानी में कोई अप्रिय घटना नहीं घटे इसके मद्देनजर एहतियातन दिल्ली पुलिस ने अभी से अभियान चलाकर प्रतिबंधित मांझा बेचने, बनाने व भंडारण करने वालों की धर पकड़ शुरू कर दी है। क्राइम ब्रांच ने दो दिनों में दो अलग-अलग जगहों पर छापा मार प्रतिबंधित मांझे के 1,100 से ज्यादा रोल बरामद किए। पहली कार्रवाई 26 जून को कमला मार्केट और दूसरी कार्रवाई 27 जून को जीवन पार्क, उत्तम नगर में की गई। दोनों ही मामले में क्राइम ब्रांच ने दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। डीसीपी विक्रम सिंह के मुताबिक आगामी स्वतंत्रता दिवस और रक्षाबंधन के मद्देनजर दिल्ली-एनसीआर में खतरनाक प्रतिबंधित मांझे की बिक्री और खरीद के खिलाफ विशेष अभियान शुरू किया गया है। नायलान से बनी यह पतंगबाजी कई लोगों, पक्षियों और जानवरों के लिए घातक साबित होती है। पहले मामले में क्राइम ब्रांच ने राजू चौरसिया को गिरफ्तार किया। वह गली नंबर छह, सोम बाजार रोड, जीवन पार्क, उत्तम नगर का रहने वाला है। उसकी दुकान व गोदाम से प्रतिबंधित मांझे के 922 रोल बरामद किए। प्रतिबंधित मांझे के इस्तेमाल से हुई कई घटनाओं के बाद क्राइम ब्रांच ने दिल्ली-एनसीआर में निगरानी बढ़ा दी है। उत्तम नगर में नायलान आधारित मांझे की अवैध बिक्री के बारे में हवलदार मोहित कुमार को सूचना मिली थी।



# विस अध्यक्ष धर्मशाला में आयोजित दो दिवसीय वार्षिक विधायक सम्मेलन में लेंगे भाग

**विचार-विमर्श**

अंतर-राज्यीय सहयोग से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श के लिए आयोजित किया जा रहा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता धर्मशाला में आयोजित दो दिवसीय वार्षिक विधायक सम्मेलन में भाग लेंगे। इसका आयोजन 30 जून एवं 1 जुलाई को किया जाएगा। यह दो दिवसीय सम्मेलन दिल्ली, हरियाणा, जम्मू-कश्मीर एवं पंजाब विधानसभाओं के पीठासीन अधिकारियों एवं विधायकों को एक मंच पर लाकर विधायी सुशासन, लोकतांत्रिक उत्तरदायित्व और अंतर-राज्यीय सहयोग से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श के लिए आयोजित किया जा रहा है। दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष के साथ जाने वाले प्रतिनिधिमंडल में उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट, मुख्य सचेतक अभय वर्मा, विधायक शिखा राय एवं जितेंद्र महाजन, तथा दिल्ली विधान सभा के सचिव रंजीत सिंह शामिल हैं। इस सम्मेलन का उद्घाटन लोकसभा के अध्यक्ष ओम बिरला करेंगे। सम्मेलन में संविधान विशेषज्ञों, सांसदों, विधायकों एवं वरिष्ठ संसदीय अधिकारियों की सहभागिता होगी। इसका उद्देश्य बदलते सामाजिक-राजनीतिक परिप्रेक्ष्य में संसद एवं विधानसभाओं की कार्यप्रणाली को अधिक प्रभावशाली एवं सुदृढ़ बनाने पर संवाद को बढ़ावा देना है। सम्मेलन के मुख्य विषयों में राज्य संसाधनों के प्रबंधन में विधायिकाओं की भूमिका तथा राज्य के समग्र विकास में उनके प्रभावी उपयोग को सुनिश्चित करने के उपाय शामिल हैं। इस सत्र में यह चर्चा होगी कि कैसे विधायिकाएं जवाबदेह शासन सुनिश्चित कर सकती हैं।

# आईपी यूनिवर्सिटी में सिंगल गर्ल चाइल्ड कोटा के लिए 10 तक करें आवेदन

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ यूनिवर्सिटी के सिंगल गर्ल चाइल्ड कोटा के लिए 10 जुलाई तक आवेदन किया जा सकता है। आईपी यूनिवर्सिटी ने रविवार को एक बयान में कहा कि सत्र 2025-26 के दाखिले के लिए यूनिवर्सिटी के 15 यूनिवर्सिटी स्कूल और एक स्पेशलाइज्ड सेंटर के एक-एक प्रोग्राम के लिए एक अतिरिक्त सीट इस कोटा के लिए निर्धारित की गई है। यह सूची यूनिवर्सिटी के वेबसाइट पर उपलब्ध है। इच्छुक आवेदक पचीस सौ रुपए के आवेदन शुल्क के साथ आवेदन 10 जुलाई तक यूनिवर्सिटी सुविधा केंद्र में जमा करा सकते हैं।

# निरंकारी भक्तों द्वारा मानव कल्याणार्थ हेतु 245 यूनिट रक्तदान

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित जी के दिव्य मार्गदर्शन में, संत निरंकारी मिशन की सामाजिक शाखा संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन द्वारा कालकाजी, मंगोल पुरी, त्रैलोक पुरी निरंकारी सत्संग भवन दिल्ली में एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मिशन के सेवादारों और भक्तों द्वारा मानवता की सेवा हेतु 245 यूनिट रक्तदान किया गया। शिविर का उद्घाटन सत्कारयोग्य आदरणीय राजकपूर जी (सी पी ए बी) मेंबर एवं जे एस खुराना जी (रोशन मीनार) द्वारा किया गया। डॉक्टर नरेश अरोड़ा मेडिकल सर्विस कोऑर्डिनेटर ने शिविर में उपस्थित सभी रक्तदाओ को सम्बोधित भी किया। सभी श्रद्धालुओं ने सेवा की सच्ची भावना को दर्शाया।
मेडिकल सर्विस के कोऑर्डिनेटर नरेश अरोड़ा ने जानकारी दी कि रक्त एकत्रित करने हेतु एम्स से टीम पहुंची जिनमें डॉक्टर और पैरा मेडिकल स्टाफ शामिल थे। मुख्य अतिथि द्वारा चिकित्सा दल का स्वागत किया गया। उन्होंने रक्तदाताओं द्वारा की जा रही महान सेवा की सराहना की। जैसा कि सर्व विदित ही है कि संत निरंकारी मिशन रक्तदान करने में सदैव अग्रणी रहा है और कई दशकों से रक्तदान शिविरों का आयोजन भी कर रहा है। मिशन के पूर्व प्रमुख बाबा हरदेव सिंह जी ने यह संदेश दिया कि रक्त नालियों में नहीं बल्कि नाड़ियों में बहना चाहिए तभी से मिशन द्वारा पूरे वर्ष चरणबद्ध तरीके से इन शिविरों का आयोजन किया जाता है। अब तक मिशन के भक्तों ने देश और विदेश में लगभग 14, 36,604 यूनिट रक्तदान किया है। सतगुरु के वचनों से प्रेरित होकर निरंकारी भक्त अपनी भक्ति के एक हिस्से के रूप में इस महान सेवा में अपना सकारात्मक योगदान दे रहे हैं।




**रक्तदान महादन**

त्रैलोक पुरी निरंकारी सत्संग भवन दिल्ली में एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया

# पीएम मोदी विकसित भारत निर्माण में कर रहे हैं लोगों का मार्गदर्शनः जे.पी. नड्डा

- नड्डा, नायब, बड़ौली ने मां के नाम किया पौधारोपण
- भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पात्र नागरिकों को वितरित किए आयुष्मान कार्ड
- प्रकृति का संरक्षण हमारी संस्कृति का अभिन्न अंगः नड्डा
- पीएम मोदी जन-जन को एक सूत्र में पिरोने और 'विकसित भारत निर्माण' में कर रहे हैं लोगों का मार्गदर्शन : नड्डा





### मन की बात

- नड्डा, मुख्यमंत्री नायब सैनी और प्रदेश अध्यक्ष बड़ौली ने सुना प्रधानमंत्री मोदी का मन की बात कार्यक्रम

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय ''मन की बात'' कार्यक्रम को गुरुग्राम के बादशाहपुर विधानसभा के बूथ नंबर 408 में स्थित जीएनएच कन्वेंशन सेंटर पर लोगों के साथ सुना। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के उपरांत सभी नेताओं ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत लाभान्वित पात्र नागरिकों को आयुष्मान कार्ड लाभ पत्र भी वितरित किए। इस कार्यक्रम के बाद भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने अपने सोशल मीडिया एकाउंट पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया और लिखा कि पीएम मोदी जन-जन को एक सूत्र में पिरोने और 'विकसित भारत निर्माण' के लिए मन की बात कार्यक्रम के जरिए संवाद करके लोगों का मार्गदर्शन कर रहे हैं। आज के संवाद में प्रधानमंत्री मोदी ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर दुनिया भर में नागरिकों के योग के प्रति उत्साह, देश में संचालित विभिन्न ऐतिहासिक एवं धार्मिक यात्राओं के पौराणिक महत्व के साथ ही आपातकाल के 50 वर्ष में संविधान हत्या दिवस का जिक्र किया और लोकतंत्र सेनानियों का स्मरण किया।

उन्होंने आगे लिखते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने मेघालय व बोडोलैंड में लोगों द्वारा किये जा रहे नवाचार को लेकर प्रेरणास्पद विचार भी मन की बात कार्यक्रम के जरिए देशवासियों से साझा किये। जेपी नड्डा ने मुख्यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष और अन्य नेताओं के साथ पीएम मोदी के देशव्यापी अभियान एक पेड़ मां के नाम के तहत गुरुग्राम स्थित वाटिका चौक में पौधारोपण किया। इस संबंध में भी श्री नड्डा ने पर्यावरण संरक्षण के संकल्प को दोहराते हुए लिखा कि प्रकृति का संरक्षण हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग है। उन्होंने सभी लोगों से आह्वान किया कि हम सभी मिलकर अपनी वसुंधरा को हरा-भरा बनाएं और अधिक से अधिक संख्या में वृक्ष लगाएं।

## प्रधानमंत्री द्वारा देशहित में नागरिकों के अनुभवों को सांझा करने से लोगों को मिलती है प्रेरणाः नायब सैनी

**मुख्यमंत्री** नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मन की बात कार्यक्रम में अपनी स्वयं की मेहनत से देशहित में योगदान देने वाले नागरिकों के अनुभवों को सांझा करते हैं जिससे आमजन को प्रेरणा मिलती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस कार्यक्रम से एक बड़ा लाभ हमारी आने वाली पीढ़ी व आमजन को मिलता है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि वे पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक पेड़ मां के नाम अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लें। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान के माध्यम से प्रत्येक नागरिक अपनी मां के नाम पर एक पौधा लगाकर उसे संरक्षित करने का संकल्प ले। यह प्रयास न केवल हरियाणा को हरा- भरा बनाने में सहायक होगा बल्कि जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने में भी योगदान देगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का जो संकल्प लिया है आज पूरा देश उनके दिखाए मार्ग पर चल रहा है और विकसित राष्ट्र बनाने के लिए एकजुट है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के मन की बात कार्यक्रम में इसी विकसित राष्ट्र के परिकल्पना दिखाई देती है।

## एक पेड मां के नाम संवेदना, संस्कार और सेवा का प्रतीकः बड़ौली

**भाजपा** प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने भी अपने सोशल मीडिया पर लिखते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मन की बात कार्यक्रम के जरिए उज्जवल भारत के भविष्य की झलक लोगों के सामने प्रस्तुत करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज के संवाद में देशवासियों को कांग्रेस द्वारा लगाए गए आपातकाल की काली छाया का स्मरण कराया। संविधान की रक्षा करने वाले लोकतंत्र सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने मन की बात कार्यक्रम के जरिए 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की सफलता, भारत की सांस्कृतिक पहचान और विश्व में उसकी प्रतिष्ठा का जिक्र किया। पौधारोपण विषय पर उन्होंने कहा कि यह केवल एक पेड़ नहीं, बल्कि संवेदना, संस्कार और सेवा का प्रतीक है। भाजपा हरियाणा परिवार ने भी संकल्प लिया है कि प्रत्येक कार्यकर्ता अपनी माता के नाम पर एक पौधा अवश्य लगाएगा। इस अवसर पर केंद्रीय संसदीय बोर्ड की सदस्य सुधा यादव, कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह, प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनिया, विधायक मुकेश शर्मा, बिमला चौधरी, तेजपाल तंवर, जिला अध्यक्ष सर्वप्रिय त्यागी, राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप भंडारी, राजीव जेटली, प्रदेश मीडिया प्रभारी अरविंद सैनी, संदीप जोशी, महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष उषा प्रियदर्शी, अरूण यादव, नगर निगम पार्षद कुलदीप यादव, सहित पार्टी एवं संगठन के अनेक वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे।

# मोदी के गतिशील नेतृत्व में भारत प्रगति के पथ पर निरंतर अग्रसरः श्रुति चौधरी

### संवाद

- मन की बात कार्यक्रम एक सशक्त और अनूठा मंच है जो सीधे प्रधानमंत्री को आम जनता से जोड़ता है



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़ः** हरियाणा की सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री श्रुति चौधरी ने कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का सीधा प्रसारण सुना। इस अवसर पर उन्होंने प्रधानमंत्री के गतिशील और दूरदर्शी नेतृत्व में भारत द्वारा वैश्विक स्तर पर हासिल की गई उल्लेखनीय प्रगति की सराहना की। उन्होंने कहा कि मन की बात कार्यक्रम एक सशक्त और अनूठा मंच है जो सीधे प्रधानमंत्री को आम जनता से जोड़ता है और देशभर के नागरिकों को प्रेरणा एवं दिशा प्रदान करता है। मोदी के कुशल मार्गदर्शन में भारत अब हर क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास के साथ-साथ वैश्विक मंच पर अपनी स्थिति मजबूत कर रहा है। मंत्री श्रीमती श्रुति चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री के संदेश केवल एक सरकारी पहल नहीं बल्कि यह देश के प्रत्येक नागरिक के लिए एक प्रेरणा स्त्रोत है, जो राष्ट्र निर्माण और सामाजिक कल्याण में जनभागीदारी को प्रोत्साहित करता है। उन्होंने यह भी बताया कि ऐसे कार्यक्रमों से न केवल विकास की गति तेज होती है, बल्कि लोगों में एकता, सामाजिक समरसता और सामूहिक जिम्मेदारी की भावना भी बढ़ती है। श्रुति चौधरी ने हरियाणा के जनसमूह से अपील की कि वे सरकार की योजनाओं में सक्रिय रूप से भाग लें और प्रदेश एवं देश के विकास के लिए अपनी भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि हम सब मिलकर एक समृद्ध और विकसित भारत की ओर अग्रसर हैं, जो प्रधानमंत्री के संकल्प और विजन का साकार रूप है।

## सैनी ने पूर्व विधायक नसीम अहमद की मां के देहांत पर किया शोक व्यक्त

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़ः** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रविवार को पूर्व विधायक नसीम अहमद के फिरोजपुर झिरका स्थित निवास स्थान पर पहुंचकर उनकी माता के देहांत पर शोक प्रकट किया तथा शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए कामना की तथा परिवार को इस अपूरणीय क्षति से उबरने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

## सीएम सैनी ने हुड्डा की भाभी के निधन पर शोक व्यक्त किया



### श्रद्धांजलि

- मुख्यमंत्री ने रोहतक स्थित निवास पर पहुँचकर दिवंगत राजवती हुड्डा को पुष्प अर्पित कर दी श्रद्धांजलि

**टीम एक्शन इंडिया**
**रोहतकः** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रोहतक पहुंचकर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा की भाभी, श्रीमती राजवती हुड्डा के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने रोहतक स्थित उनके आवास पर पहुंचकर शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। मुख्यमंत्री ने दिवंगत श्रीमती राजवती हुड्डा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि स्वर्गीय राजवती हुड्डा एक धार्मिक प्रवृत्ति की महिला थीं, जिन्होंने परिवार को संगठित रखते हुए सामाजिक और धार्मिक कार्यों में सक्रिय योगदान दिया। उनका जीवन सभी के लिए प्रेरणादायी रहा है। मुख्यमंत्री ने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को अपने चरणों में स्थान दें और शोक संतप्त परिवार को इस अपूरणीय क्षति को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

इस अवसर पर जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा और पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर ने भी पुष्प अर्पित कर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि दी।

**मुख्यमंत्री ने सिंधु निवास पहुंचकर कैप्टन अभिमन्यु की माता के निधन पर भी व्यक्त किया शोक**
बाद में, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु के निवास सिंधु निवास पहुंचे और उनकी माता श्रीमती परमेश्वरी देवी के निधन पर शोक व्यक्त किया। उन्होंने कैप्टन अभिमन्यु और उनके परिजनों से मुलाकात कर अपनी संवेदना प्रकट की।

## नागरिकों को सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रयासरतः गंगवा

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़ः** हरियाणा के जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार सबका साथ-सबका विकास के मूल मंत्र के साथ प्रदेश के सभी हिस्सों में एक समान कार्य करवाए जा रहे हैं। प्रदेश सरकार नागरिकों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के लिए लगातार प्रयासरत है। जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा रोहतक में 24 करोड़ रुपए की लागत से नवनिर्मित बरसाती जल डिस्पोजल केन्द्र के उद्घाटन के उपरांत उपस्थितगण को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि रोहतक शहर की भौगोलिक स्थिति कटोरानुमा है तथा वर्षा के दौरान इस क्षेत्र में जलभराव हो जाता था। सरकार द्वारा नागरिकों की इस समस्या के निदान के लिए बरसाती जल डिस्पोजल सैंटर का निर्माण किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हर घर में नल व नल में स्वच्छ जल के सपने को साकार करने की दिशा में जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग निरंतर कार्य कर रहा है। विभाग द्वारा स्वच्छ पेयजल, बेहतर सीवर व्यवस्था व बरसाती जल निकासी के प्रबंधों को निरंतर बेहतर किया जा रहा है। भविष्य में भी सरकार द्वारा नागरिकों को सभी मूलभूत बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएगी।

## बेदी ने सुना प्रधानमंत्री का मन की बात कार्यक्रम

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़ः** हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि प्रदेश की तरक्की में सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की सफलता के लिए जनभागीदारी अति आवश्यक है। जनता के सहयोग से जहां विकास को गति मिलती है, वहीं सरकारी योजनाओं का पात्र व्यक्ति तक लाभ पहुंचाना भी सुनिश्चित होता है। कल्याणकारी योजनाओं के जमीनी स्तर पर लागू करने में जन सहयोग की अपनी भूमिका होती है। विकास के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, पौधारोपण, नशा मुक्ति अभियान जैसे कार्यक्रमों के प्रति भी जन जागरण होना चाहिए। यह सभी वर्तमान समय



के ज्वलंत विषय हैं और इनको जन साधारण के साथ मिलकर ही प्राप्त किया जा सकता है। कैबिनेट मंत्री रविवार को जींद के दनौदा खुर्द में प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम का सीधा प्रसारण सुन रहे थे। मन की बात कार्यक्रम का यह 123वां संस्करण था, जिसे कैबिनेट मंत्री के साथ ग्रामीणों ने भी सुना। इस मौके पर कृष्ण कुमार बेदी ने गांव के विकास कार्यों के लिए 25 लाख रुपये देने की भी घोषणा की। साथ ही उन्होंने ग्राम पंचायत को अन्य जरूरी विकास कार्यों का प्रस्ताव भेजने के लिए भी कहा ताकि उनके एस्टीमेट बनाए जा सकें और ग्रामीणों को विकास परियोजनाओं का लाभ पहुँचाया जा सके। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम देशभर में लोकप्रिय है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा इस कार्यक्रम के माध्यम से देशवासियों से सीधा जुड़कर अत्यंत ज्वलंत विषयों पर चर्चा की जाती है। प्रधानमंत्री द्वारा दिया गया साहस और साधना के समन्वय का संदेश अत्यंत महत्वपूर्ण है।

### जनभागीदारी

- प्रदेश की तरक्की में सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की सफलता के लिए जनभागीदारी अति आवश्यक है : बेदी

## प्रत्येक समाज के महापुरुषों की जयंती मना रही है हरियाणा सरकारः गंगवा

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़ः** हरियाणा के लोक निर्माण और जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने कहा कि समाज को जोड़ने और अंधविश्वास मिटाने का कार्य संत कबीर ने अपने पूरे जीवन में किया। वे एक ऐसे युगद्दष्टा थे, जिन्होंने जाति, पंथ और ऊंच-नीच से ऊपर उठकर मानवता का संदेश दिया। लोक निर्माण मंत्री रविवार को हिसार में संत कबीर छात्रावास में आयोजित संत कबीर साहब के 627वें प्रकाशोत्सव समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने कबीर छात्रावास के लिए 21 लाख रुपए की राशि देने की घोषणा भी की। उन्होंने संत कबीर छात्रावास की व्यवस्थाओं की भी सराहना की और आश्वासन दिया कि सरकार द्वारा ऐसे संस्थानों को और अधिक मजबूत करने की दिशा में कदम उठाए जाएंगे, जिससे विद्यार्थियों को बेहतर माहौल मिल सके। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर चल रही है। सभी महापुरुषों की जयंती अब राज्य सरकार द्वारा आधिकारिक रूप से मनाई जा रही है, जिससे समाज में एकता और जागरूकता का संदेश फैल रहा है। उन्होंने कहा कि डीएससी समाज के अधिकारों की रक्षा करना सरकार की प्राथमिकता है। अब समाज के युवा बिना सिफारिश, बिना खर्चे के सरकारी नौकरियों में चयनित हो रहे हैं। रणबीर गंगवा ने कहा कि मुख्यमंत्री की नीतियों का ही परिणाम है कि पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया से हजारों युवाओं को सरकारी नौकरी मिली है।

## 'एक पेड़ माँ के नाम, एक पौधा वीर जवान के नाम'

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़ः** हरियाणा के सैनिक एवं अर्धसैनिक कल्याण तथा वन एवं पर्यावरण मंत्री राव नरबीर सिंह ने आज कहा कि देश की सेनाओं में हर दसवां सैनिक हरियाणा से है, यह पूरे प्रदेश के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर भारतीय सेना की बहादुरी और संकल्प का प्रतीक है, जिसकी सफलता ने समूचे देश को गौरवान्वित किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज अपने मन की बात कार्यक्रम के 123वें संस्करण में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का उल्लेख करते हुए, जवानों की स्मृति में पौधारोपण कर राष्ट्र को प्रकृति और पर्यावरण के प्रति सजग रहने का संदेश दिया है।

**वन महोत्सव के दौरान अधिक से अधिक पौधे लगाएं -राव नरबीर**
राव नरबीर सिंह ने हरियाणावासियों से अपील की कि वे आगामी वन महोत्सव के अवसर पर प्रदेश के वीर जवानों की स्मृति में अधिक से अधिक पौधारोपण करें। उन्होंने स्वयं चरखी दादरी से "एक पेड़ माँ के नाम–2" अभियान की शुरूआत कर लोगों को इस अभियान से जुड़ने का आह्वान किया है।

**"पर्यावरण संरक्षण अब समय की मांग है"**



मंत्री राव नरबीर ने कहा कि उनके पास सैनिक कल्याण के साथ–साथ वन और पर्यावरण विभाग की जिम्मेदारी भी है। इस नाते प्रधानमंत्री द्वारा दिए गए प्राकृतिक संतुलन के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना उनका कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन के कारण पर्यावरण असंतुलन एक वैश्विक चिंता बन चुका है और हमें प्रकृति के साथ अपने रिश्तों को फिर से मजबूत करना होगा। इसी दिशा में "एक पेड़ माँ के नाम–2.0" अभियान के तहत तालाबों, नदियों के किनारे और सार्वजनिक स्थलों पर नीम, पीपल और बड़ जैसे वृक्षों की त्रिवेणी लगाने की योजना बनाई गई है।

**हर जिले में 2 लाख पौधे, 5 साल तक संरक्षण का लक्ष्य**
वन मंत्री ने बताया कि हर जिले में प्रतिवर्ष 2 लाख पौधों के रोपण का लक्ष्य रखा गया है और ये सुनिश्चित किया जाएगा कि सभी पौधों का कम से कम 5 वर्षों तक संरक्षण किया जाए, ताकि वे जड़ पकड़ सकें और टिकाऊ वन संपदा का निर्माण हो।

# देश की युवा पीढ़ी वर्ष 2047 तक भारत को विकसित और आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाने का मार्ग करेगी प्रशस्तः खेल मंत्री

### प्रतिभा प्रोत्साहन एवं सम्मान समारोह

- खेल और कानून राज्य मंत्री गौरव गौतम ने प्रतिभा प्रोत्साहन एवं सम्मान समारोह में की शिरकत
- हर बच्चे में छुपी होती है प्रतिभा, निखारने की है जरूरतः गौरव गौतम
- युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता मंत्री गौरव गौतम ने मेधावी और प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को किया पुरस्कृत
- जीवन में किसी भी प्रकार का शॉर्टकट न अपनाएं युवा, बोले खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम

**टीम एक्शन इंडिया/संतोष गर्ग**
**पलवल।** हरियाणा सरकार में युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता, खेल और कानून राज्य मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि शिक्षकों तथा सामाजिक संगठनों का दायित्व है कि वे प्रतिभाओं को मंच प्रदान करें और उन्हें आगे बढ़ाएं। हर बच्चे में प्रतिभा छुपी होती है और जरूरत है तो बस उसे निखारने की। खेल और कानून राज्य मंत्री गौरव गौतम रविवार को पैलेडियम बैंकट हॉल में मित्तल क्लासेस द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि जेई व नीट पेपर में टॉप रैंक हासिल करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित करने उपरांत बोल रहे थे। उन्होंने मेधावी और प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को पुरस्कृत करते हुए शुभकामनाएं दी। युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता राज्य मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारा देश भारत विकसित और आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। विकसित और




आत्मनिर्भर भारत विजन भारत देश को आत्मनिर्भर और समृद्ध अर्थव्यवस्था में बदलने के लिए सरकार का दूरदर्शी विजन है। उन्होंने कहा कि जब वे आप जैसे ऊर्जावान युवाओं को देखते हैं, तो विकसित और आत्मनिर्भर भारत का संकल्प और भी सुद्दढ़ हो जाता है। उन्होंने कहा कि भारत देश की युवा पीढ़ी वर्ष 2047 तक भारत को विकसित और आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाने का मार्ग प्रशस्त करेगी। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि अपने जीवन में किसी भी प्रकार का शॉर्टकट न अपनाएं बल्कि नवाचार के माध्यम से अपने जीवन में सफलता अर्जित करें और देश को आगे बढ़ाएं। खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि शहरी क्षेत्र के साथ-साथ ग्रामीण आंचल के युवा भी शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। खेल मंत्री ने सभी विद्यार्थियों को अपने जीवन में इसी प्रकार पूरी मेहनत से सफल होकर देश-प्रदेश में अपने क्षेत्र का नाम रोशन करने के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार खिलाड़ियों को पूरा मान-सम्मान दे रही है। अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं से मैडल जीतने वाले खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी के साथ-साथ करोड़ों रुपए की प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की जाती है। इस अवसर पर विद्यार्थी चैतन्य गर्ग द्वारा जेई एक्जाम में 451 ऑल इंडिया रैंक प्राप्त करने पर मित्तल क्लासिज की ओर से 21 हजार रुपए का चैक दिया गया। वहीं मित्तल क्लासेज द्वारा वर्ष में कक्षा 1 से 10वीं के लिए आयोजित की जाने वाली एमएसईसी वाली परीक्षा में टॉप टेन रैंक हासिल करने वाले विद्यार्थियों को लैपटॉप, टेबलेट और मोबाइल फोन तथा स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया और कवि श्याम सुंदर अकिंचन द्वारा प्रस्तुत की गई कविता व दोहों ने कार्यक्रम में समां बांध दिया।

**ये रहे मौजूदः** इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष विपिन बैंसला, मीडिया कोऑर्डिनेटर मुकेश वशिष्ठ, मित्तल क्लासेज के संस्थापक गौरव मित्तल व ललित मित्तल, पवन आनंद, चेयरमैन राजेंद्र बंसल, गुलशन गोयल, देवेंद्र सौरोत, विष्णु गौड़, सहित विद्यार्थी, अभिभावक व मित्तल क्लासेज पलवल का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# विधायक जगमोहन आनंद ने प्रेम नगर में की आमजन से चाय पर चर्चा

## सुनी समस्याएं व कार्यवाही के लिए अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश

**निवारण**

▶▶ विधायक ने कहा कि करनाल की जनता की समस्याओं का निवारण प्राथमिकता पर किया जा रहा है।

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि करनाल की जनता की समस्याओं का निवारण प्राथमिकता पर किया जा रहा है। कोई भी व्यक्ति अपनी समस्या के लिए सीधे उनसे मिल सकता है। उन्होंने कहा कि मेरा प्रयास है कि जनता और उनके विधायक मे सीधा संवाद हो और आमजन की समस्याओं का शीघ्र अति शीघ्र निवारण हो। विधायक जगमोहन आनंद हर रविवार की तरह इस बार भी चाय पर चर्चा



कार्यक्रम मे आमजन के बीच पहुंचे थे। यह कार्यक्रम प्रेम नगर स्थित पूर्व मुख्यमंत्री व केंद्रीय शहरी, आवासीय व ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल के निवास पर आयोजित हुआ। कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता भगवान दास अघी, पार्षद राजेश अघी, पार्षद हरजीत सिंह संधू, पार्षद सुधीर यादव, भाजपा नेता दर्शन सिंह सहगल, मोहन लोधी, निशांत शर्मा सहित बड़ी संख्या मे कार्यकत्र्ता व आमजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत भगवान श्री राम के नाम के साथ भजन गाते हुए की गई। इस मौके पर विधायक ने कहा कि मेरा करनाल मेरा परिवार है और सेवा ही सरोकार के साथ मैं करनाल की जनता के लिए पूर्ण समर्पण भाव के साथ कार्य कर रहा हूँ। आमजन को कोई परेशानी न हो, इसके लिए निरंतर जनता के बीच हूँ। विधायक ने यह भी कहा कि विकास के मामले मे भी करनाल आगे बढ़ रहा है। विकास की प्रत्येक प्रस्तावित योजना पर कार्य को आगे बढ़ाया जाएगा और नई संभावित योजनाओं पर भी काम किया जाएगा, जिससे करनाल का सम्पूर्ण विकास हो सके। उन्होंने कहा कि नगर निगम के सभी सम्मानित सदस्यों के साथ विचार विमर्श कर प्रत्येक वार्ड मे विकास की गति को तेज करने का कार्य भी जारी है।
पत्रकारों द्वारा अवैध कॉलोनी को वैध करने के प्रश्न का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि हर आमजन को मूलभूत सुविधाएं मुहैया हों,यह सरकार की प्राथमिकता है। 26 कॉलोनियों को वैध करने की प्रक्रिया जारी है और गुरु नानकपुरा के लोगों की समस्याए संज्ञान में है और समाधान के लिए प्रयास निरंतर जारी हैं।

## यूपीएस एनपीएस का दूसरा नाम, कर्मचारियों की मांग ओपीएस

**हिसार: सिरसा (रणबीर खटक)**
ऑल हरियाणा यूनिवर्सिटी एम्प्लॉइज फेडरेशन के चेयरमैन विपिन वधवा ने हरियाणा सरकार द्वारा यूनिफाइड पेंशन स्कीम लागू किए जाने के निर्णय का विरोध करते हुए पुरानी पेंशन स्कीम लागू करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा 01 अगस्त 2025 से यूनिफाइड पेंशन स्कीम लागू करना कर्मचारियों की उम्मीदों और भावनाओं के साथ सीधा धोखा है।
प्रैस को जारी ब्यान में चेयरमैन विपिन वधवा ने कहा कि सरकार बिना सोचे समझे फिर से ऐसी पेंशन स्कीम को लागू कर रही है जो एनपीएस से भी घातक है। सरकार द्वारा कर्मचारियों को एनपीएस, यूपीएस व ओपीएस में से कोई एक विकल्प चुनने का मौका भी नहीं दिया। उन्होंने कहा कि ओल्ड पेंशन कर्मचारी के बुढ़ापे का सहारा होता है जो सरकार ने छीन लिया है। एनपीएस का नाम बदलकर यूपीएस लागू करके सरकार ने कर्मचारियों के हकों को छीन लिया है। उन्होंने कहा कि पांच साल के लिए जनता द्वारा चुने जाने वाले प्रतिनिधि ताउम्र पेंशन लेते हैं वहीं 25, 30 साल तक जनता की सेवा करने वाले कर्मचारियों को पेंशन का लाभ नहीं मिल रहा है जो सरकार के तानाशाही रवैये को दर्शाता है।

# बिजली दर बढ़ाने के विरोध में प्रदर्शन करेगी इनेलो: फूल सिंह मंजूर

**विरोध की तैयारी**

▶▶ इंडियन नेशनल लोकदल की किसान प्रकोष्ठ की बैठक जाट भवन में आयोजित



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** इंडियन नेशनल लोकदल की किसान प्रकोष्ठ की एक बैठक जाट भवन में आयोजित की गई, जिसमें इनेलो किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष प्रदेश अध्यक्ष फूल सिंह मंजूर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। मीटिंग का मुख्य उद्देश्य 1 जुलाई को पंचकूला में होने वाले प्रदेश स्तरीय प्रदर्शन को सफल बनाना रहा। यह प्रदर्शन पूरे हरियाणा में बढ़े बिजली बिलों के विरोध में किया जाएगा।
फूल सिंह मंजूर ने अपने संबोधन में कहा कि मौजूदा सरकार आमजन पर आर्थिक बोझ डाल रही है। बिजली की दरों में बेतहाशा बढ़ोतरी से किसान, मजदूर और आम उपभोक्ता परेशान हैं। इनेलो इस अन्याय के खिलाफ चुप नहीं बैठेगी और पंचकूला में ऐसा प्रदर्शन करेगी कि सरकार की नींद हराम हो जाएगी।
उन्होंने कहा कि इंडियन नेशनल लोकदल विपक्ष की भूमिका को मजबूती से निभा रही है। उन्होंने बताया कि जब पंजाब ने हरियाणा का पानी रोक लिया था, तब इनेलो ने पंजाब के रास्ते बंद करने का बड़ा फैसला लिया था। इसी प्रकार अब जनता पर थोपे गए भारी बिजली बिलों के खिलाफ भी पार्टी पूरे प्रदेश में आवाज बुलंद करेगी। पंचकूला में 1 जुलाई को होने वाले इस प्रदर्शन का नेतृत्व पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला करेंगे।
मीटिंग के दौरान राष्ट्रीय सचिव सुरजीत सिंह संधू, किसान नेता धर्मवीर, नरेश रंगरूटी खेड़ा, जिला अध्यक्ष सुरजीत सिंह शामगढ़ सहित बड़ी संख्या में इनेलो के नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी नेताओं ने एक सुर में 1 जुलाई को पंचकुला पहुंचकर सरकार के खिलाफ एकजुटता दिखाने की अपील की। उन्होंने कहा कि यह प्रदर्शन केवल बिजली के बिलों के विरोध में नहीं, बल्कि आमजन की आवाज को सरकार तक पहुंचाने का माध्यम होगा।

# नगर निगम ने नहीं लगने दी संडे मार्केट

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** शहर में रविवार को नगर निगम ने एक बार फिर कर्ण गेट में अतिक्रमण के खिलाफ बड़ा एक्शन लिया। सड़कों और फुटपाथ पर दुकानों के बाहर रखे गए सामान को जब्त कर लिया गया। साथ ही इस बार प्रशासन ने संडे मार्केट भी लगने नहीं दी। निगम की टीम पुलिस बल के साथ बाजारों में पहुंची और कई जगहों से स्टील की रैक, बड़े स्टॉल और फुटपाथ पर रखे भारी सामान को भी उठवा लिया गया। नगर निगम की इस कार्रवाई से दुकानदारों में हडकंप मच गया।
नगर निगम की इस सख्ती से पहले शनिवार को पूरे शहर में मुनादी करवाई गई थी। निगम ने दुकानदारों को स्पष्ट रूप से चेतावनी दी थी कि दुकान से बाहर कोई भी सामान न रखें, अन्यथा जब्ती और चालान की कार्रवाई की जाएगी। इस मुनादी के जरिए दुकानदारों को चेतावनी दी



गई थी कि यदि उन्होंने सामान बाहर रखा तो निगम सख्त कदम उठाएगा। रविवार सुबह नगर निगम की टीम पुलिस बल के साथ शहर के मुख्य बाजारों में पहुंची। वहां दुकानों के बाहर लगे स्टील के अवरोधक, डमी सामान और फुटपाथ पर रखी मेज-कुर्सियां तक हटवा दी गईं। टीम ने बिना किसी बहस के सभी सामान जब्त कर लिए। इस बार निगम ने संडे मार्केट भी नहीं लगने दी, जिससे बाजार में सन्नाटा पसरा रहा। स्थानीय दुकानदारों अमरदीप और अजय ने बताया कि निगम के निर्देश के चलते संडे बाजार पूरी तरह बंद रहा। उन्होंने कहा कि स्थायी दुकानदार तो सिर्फ पीली पट्टी तक ही सामान लगाते हैं, लेकिन संडे मार्केट में बाहरी दुकानदार सडक तक कब्जा कर लेते हैं, जिससे ट्रैफिक जाम और अव्यवस्था होती है। उनका कहना था कि यह बाहरी दुकानदारों की वजह से ही भीड़ होती है और स्थायी दुकानदारों को नुकसान झेलना पड़ता है। वहीं दूसरी ओर, संडे मार्केट लगाने वाले दुकानदारों ने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि वे भी लाइसेंसधारी हैं और उन्हें भी बाजार लगाने का हक है। उन्होंने अपील की कि अगर संपूर्ण बाजार की जगह नहीं दी जा सकती तो कम से कम पीली पट्टी तक तो लगाने दी जाए।
उनका कहना था कि जिनकी दुकानें सप्ताह के बाकी दिन खुलती हैं, वे रविवार को बंद रहती हैं, ऐसे में उनके लिए थोड़ी जगह तय कर देना उचित होगा।

## नेशनल लोक अदालत का आयोजन 12 जुलाई को: डा. इरम हसन

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव डा. इरम हसन ने बताया कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय कुमार शारदा के मार्गदर्शन में 12 जुलाई को जिला न्यायिक परिसर व सब डिवीजन इन्द्री, असंध व घरौंडा में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। लोक अदालत मे कोई भी व्यक्ति आपसी रजामंदी व समझौते के आधार पर स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से अपने लंबित मुकदमों का निपटारा करा सकता है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंक लोन, मोटर दुर्घटना अधिनियम, फौजदारी, दिवानी, चालान वैवाहिक व पारिवारिक मुकदमों इत्यादि का निपटारा किया जाएगा।

## शाहबाद के गांव लंडी में बरसाती पानी जमा होने की वजह से 9 एकड़ की धान की फसल तबाह



**टीम एक्शन इंडिया**
**शाहबाद मारकंडा 29**
**29(प्रदीप कुमार)**
शाहबाद के लंडी गांव में किसानों पर दोहरी मारः बरसाती पानी से 9 एकड़ धान की फसल तबाह, पहले ओलावृष्टि कर चुकी थी नुकसान शाहबाद के गांव लंडी के किसानों के लिए यह खरीफ सीजन अब तक सिर्फ नुकसान ही लेकर आया है। पहले ओलावृष्टि ने फसलों को बर्बाद किया और अब बरसात के बाद खेतों में जमा पानी ने हालात और बिगाड़ दिए हैं। खेतों में निकासी न होने की वजह से करीब 9 एकड़ में खड़ी धान की फसल पूरी तरह खराब हो गई है।
किसानों का कहना है कि जलभराव की समस्या कई सालों से बनी हुई है, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकाला गया। धान की फसल गलने से उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है।
गांववासियों ने प्रशासन से गुहार लगाई है कि नुकसान का शीघ्र सर्वे करवाकर उचित मुआवजा दिलवाया जाए और भविष्य में इस तरह की स्थिति से निपटने के लिए स्थायी जल निकासी व्यवस्था बनाई जाए।

## संक्षिप्त खबरें

### एंटी नार्कोटिक सेल पुलिस ने साईं कॉलोनी व चार कुतुब गेट में चलाया सर्च अभियान

**हांसी (दिनकर गावड़ी):** एंटी नार्कोटिक्स सेल हांसी पुलिस ने आज नशा तस्करों को गिरफ्तार करने के लिए थाना शहर क्षेत्र साईं कॉलोनी व चार कुतुब गेट हांसी में पुलिस ने डॉग स्क्वाड टीम सहित संदिग्धों के निवास स्थान सहित अनेक जगहों पर सर्च ऑपरेशन के तहत जांच की। एंटी नार्कोटिक सेल हांसी पुलिस ने डॉग स्क्वाड टीम सहित गांव साईं कॉलोनी व चार कुतुब गेट हांसी में सर्च ऑपरेशन चलाया गया। इस दौरान संदिग्धों के निवास स्थानों की जांच सहित अन्य जगह की छानबीन की गई कि कहीं किसी जगह कोई मादक पदार्थ न छुपा रखा हो या कोई नशा बेचने वाला न रहता हो। अभियान के दौरान कोई नशीला पदार्थ बरामद नहीं हुआ। पुलिस अधीक्षक हांसी अमित यशवर्धन ने कहा कि चलाए गए इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करना व अपराधियों में भय उत्पन्न करना है। उन्होंने कहा कि इस अभियान में मुख्य रूप से नशे का कारोबार करने वालों और आपराधिक गतिविधियों में शामिल लोगों पर कार्रवाई सुनिश्चित करना है। पुलिस ने हर संदिग्ध जगह पर जांच की। इस दौरान मादक पदार्थ या संदिग्ध वस्तु का कोई मामला सामने नहीं आया। पुलिस ने सर्च ऑपरेशन के अलावा वहां मौजूद आमजन से कहा कि किसी प्रकार के मादक पदार्थ बेचने वाले या अन्य किसी अपराधी के बारे में नेशनल हेल्प लाइन नंबर 1933 या कंट्रोल रूम हांसी 8813089302 पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि नशा तस्करों व अन्य आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त लोगों के खिलाफ चलाया जा रहा सर्च अभियान भविष्य में भी जारी रहेगा। हांसी पुलिस द्वारा युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए खेल गतिविधियों के माध्यम उन्हें नशे से दूर रहने का संदेश दिया जा रहा है।

### आरएसएस की भामाशाह शाखा ने मनाया अपना शाखा वार्षिकोत्सव



**गुरुग्राम।** आरएसएस गुरुग्राम के सरस्वती नगर की भामाशाह शाखा ने आज 29 जून दिन रविवार को प्रातः 07:30 से 09:00 बजे सुशांत लोक 3 ब्लॉक के मेहंदी पार्क में अपना पहला वार्षिकोत्सव बहुत भव्य तरीके से मनाया। भामाशाह शाखा प्रतिदिन प्रातः 06:30 बजे से मेहंदी पार्क में लगती है और आज दानवीर भामाशाह जी के जन्मदिन के अवसर पर इसे ध्वज मिले हुए 1 वर्ष पूर्ण हो गया। कार्यक्रम बहुत उत्साह पूर्ण तरीके से आरएसएस की शाखा लगाने से प्रारम्भ होकर विभिन्न खेल, व्यायाम, एवं दण्ड चलाने के प्रदर्शन के बाद आरएसएस गुरुग्राम के महानगर बौद्धिक शिक्षण प्रमुख श्री जोगिंदर जी के दिन विशेष बौद्धिक के साथ संपन्न हुआ। जोगिंदर जी ने समाज मे संघ के सकारात्मक प्रभाव और आज के समय मे संघ कार्य के बढ़ते महत्व पर प्रकाश डाला। आरएसएस प्रमुख डॉ मोहन भागवत जी के बात को आगे रखते हुए समाज हित मे पंच परिवर्तन का विषय रखा और लोगों को नागरिक अधिकार के साथ नागरिक कर्तव्यों के प्रति सजग रहने का आग्रह किया। कार्यक्रम में 50 से ज्यादा पूर्ण गणवेश के स्वयंसेवक और 150 की संख्या में स्थानीय निवासियों ने भाग लिया। विशेषकर खेल एवं दण्ड के प्रदर्शन को उपस्थित महिलाओं ने बहुत सराहा।कार्यक्रम में केंद्रीय एक्साइज एवं सर्विस ट्रिब्यूनल के पूर्व जज अनिल चौधरी जी मुख्य अतिथि के रूप में रहे तथा सुशांत लोक आरडब्ल्यूए के प्रधान दीपक वर्मा जी की गरिमापूर्ण उपस्थिति रही।

# इमाम हुसैन की शहादत का संदेश हर दिल में गूंजा

**टीम एक्शन इंडिया**
**इंद्री, 29 जून (मैनपाल कश्यप):**
उप मंडल के सैयद छपरा गांव में अंजुमन यादगारे हुसैनी द्वारा मोहर्रम की शोकसभा का आयोजन किया गया। इस आयोजन में हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया और कर्बला की दर्दनाक घटना को याद करते हुए इमाम हुसैन और उनके परिवार के बलिदान को श्रद्धांजलि अर्पित की। मजलिस को संबोधित करते हुए मौलाना जिनान असगर देहलवी ने कहा, "मोहर्रम एक ऐसी दर्द भरी कहानी है, जो बच्चों, महिलाओं और पुरुषों पर ढाए गए जुल्म का कच्चा हिसाब है। कर्बला में इमाम हुसैन, उनके मासूम बेटे और साथियों को शहीद कर दिया गया, लेकिन उनकी शहादत ने इस्लाम को दुनिया भर में स्थापित किया।" उन्होंने आगे कहा कि "जो जुल्म यजीद और उसके साथियों ने पैगंबर मोहम्मद के खानदान पर



किए, वह कभी नहीं भूल सकते। कर्बला में इमाम हुसैन के शहीद हुए शरीर और उनके कटे हुए सिर की तिलावत देखकर लोग हैरान रह गए।"
मौलाना ने विशेष रूप से इमाम हुसैन के छह महीने के बेटे अली असगर का जिक्र किया और कहा, "यजीदी हुकूमत ने अली असगर को भी नहीं छोड़ा। उसे तीरों से छलनी कर दिया गया। यह घटना आज भी हमारे दिलों में शोक की लहर पैदा करती है।"मौलाना ने यह भी बताया कि यजीद ने अपनी सत्ता बनाए रखने के लिए इमाम हुसैन और उनके परिवार को बेरहमी से मार डाला था।

# सेक्टर 8 वासियों के हितों को एचएसवीपी ने रखा एक व्यक्ति के पास गिरवी

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
सेक्टर 8 निवासियों की समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा है। हैरानी की बात है कि दर्जनों बार विभिन्न अधिकारियों व नेताओं को शिकायत के बावजूद तो समाधान क्या होता प्रदेश के सामाजिक न्याय मंत्री कृष्ण कुमार बेदी के आदेश के बाद भी सेक्टर वासियों को अपने सेक्टर में आने-जाने के लिए रास्ता नहीं मिल पाया। बता दें कि सेक्टर वासी संबंधित विभाग के उच्च अधिकारियों, मंत्री, विधायक एवं मुख्य सचिव को भी शिकायत कर चुके हैं। शिकायत में बताया गया है कि उनके सेक्टर में कोई भी मूलभूत सुविधा उपलब्ध नहीं है। हालत यह हैं कि उनके सेक्टर को जीटी रोड से कोई सीधा रास्ता तक नहीं दिया गया है। जबकि सेक्टर काटे जाने के वक्त दर्शाए गए नक्शे में जीटी रोड से सेक्टर तक सीधा रास्ता दिखाया गया था। इसकी वजह से सेक्टर

**शिकायत**

▶▶ सेक्टर वासी संबंधित विभाग के उच्च अधिकारियों, मंत्री, विधायक एवं मुख्य सचिव को शिकायत कर चुके हैं

वासियों को अपने घर से शहर तक आने जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा विभाग ने सेक्टर 7 व 8 के प्लाट धारकों की बिना सहमति के रेलवे लाइन के ऊपर रेलवे फ्लाईओवर बनाया है। यही नहीं जीटी रोड को एक निजी कॉलोनाइजर द्वारा जोड? के लिए भी ऊपरगामी पुल का निर्माण किया गया है। जिससे उनके सेक्टर को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यही नहीं सेक्टर 8 के 15 मी. मध्य मार्ग और 10 मी. सेक्टर सहायक मार्ग का रास्ता विभाग के प्लानिंग मैप में नेशनल हाईवे से जोड? का तथा सेक्टर 7 विराट के मध्य मार्ग को सेक्टर 18 के मध्य मार्ग को नेशनल हाईवे 44 पर जोड? का था जो पूरा नहीं किया गया। शिकायत में बताया गया है की सेक्टरवासियों के लिए सबसे हैरानी व परेशानी की बात यह है कि सेक्टर 8 के कोने पर 165 पी मकान नंबर के मकान मालिक ने अपने मकान का निर्माण विभाग के नियमों के खिलाफ जाकर किया है तथा 5 फुट का लेंटर रोड की तरफ निकाल कर उस पर दीवार बनाकर मकान में उस भूमि को शामिल कर लिया गया है, जो की गैरकानूनी है। आरोप है कि उक्त मकान मालिक ने एचएसवीपी के जेई से मिलीभगत से यह कार्य किया है। सेक्टर वासी दलबीर ने बताया कि 18 बार विभिन्न जगहों पर शिकायत कर चुके हैं। यही नहीं गत 24 मार्च को जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक में प्रदेश के मंत्री कृष्ण कुमार बेदी के सामने भी यह मामला रखा गया था। उन्होंने उसी समय विभाग के अधिकारियों को सेक्टर वासियों को रास्ता उपलब्ध कराए जाने के आदेश दिए थे। विभाग के अधिकारियों ने भी दो दिन के अंदर इस समस्या का समाधान को आश्वासन दिया था पर अब तक भी सेक्टर वासियों की इस परेशानी का हल विभाग नहीं कर पाया। विभाग के कुछ अधिकारियों ने अपने स्वार्थ के लिए सेक्टर वासियों के हितों को उक्त मकान मालिक से यहां गिरवी रख दिया है। इससे भी ज्यादा शर्म की बात यह है कि इस मामले की जांच जिस भी अधिकारी को दी जाती है वह भी जनता को इंसाफ दिलाने की जगह विभाग को ही जीवनदान दे जाता है।
सेक्टर वासी दलबीर ने विभाग को चेतावनी दी है कि अगर शीघ्र ही इस समस्या का समाधान नहीं हुआ तो सेक्टर वासी विभाग के कार्यालय के बाहर धरना देने को विवश होंगे।

# जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर ने कार्यकर्ताओं के साथ सुनी मन की बात

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम मन की बात का 123वां एपिसोड रविवार को प्रसारित हुआ। करनाल शहरी मंडल के बूथ 213 पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर की अध्यक्षता में कार्यकताओं द्वारा प्रधानमंत्री के मन की बात को सामूहिक रूप से सुना गया।
रविवार सुबह 11 बजे डीएवी पीजी कालेज में भाजपा जिला प्रभारी भारत भूषण जुआल, करनाल विधायक जगमोहन आनंद, सीआरएस यूनिवर्सिटी के उपकुलपति डॉ आरपी सैनी, मेयर रेनू बाला गुप्ता सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। सभी ने



प्रधानमंत्री की बातो की भूरी भूरी प्रसंशा की। कार्यक्रम का संयोजन स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के कार्यकारी वाईस चेयरमैन सुभाष चंद्र ने किया।
भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को करनाल जिला के सभी बूथों पर सुना गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री अपने मन की बात कार्यक्रम में हमेशा भारत की संस्कृति और इतिहास को समृद्ध बनाने और विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने का जिक्र करते हैं। उन्होंने इस कार्यक्रम में कभी भी राजनीति पर बात नहीं की। वें हमेशा राष्ट्र और समाज हित की बात करते हैं।
उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की जनहितेषी योजनाओं का आज लाभ जन-जन तक पहुंच चुका है। नरेंद्र मोदी देश के पहले ऐसे प्रधानमंत्री हैं, जो हर वर्ग की चिंता करते है और वह देश के लोगों के कल्याण को लेकर ऐसी योजनाए बनाते हैं, जिस के लाभ से देश का कोई वर्ग वंचित नहीं रहता। उन्हें कहा कि ऐसे प्रधानमंत्री पर समस्त देशवासियों को गर्व है।
विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री अपने मन की बात कार्यक्रम में हर उस बात को छूते हैं जो देश की एक सौ 40 करोड़ जनता से सरोकार रखती है। उन्होंने कहा कि चाहे विज्ञान की बात हो अमरनाथ यात्रा हो योग हो अथवा किसी खिलाड़ी का मामला हो वह एक प्रेरणा के रूप में इन्हें बताते हैं। हम लोग कोई ना कोई चीज यहां से सीख कर जाते हैं, साथ ही मन की बात कार्यक्रम से आने वाली पीढ़ी को एक नया उत्साह मिलता है। उन्होंने कहा कि मोदी जी का जनता के साथ यह आधा घंटा जुड?ा उन्हें महान बनाता है। उन्होंने कहा कि देश प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में लगातार अग्रसर है। मेयर रेनू बाला गुप्ता ने कहा कि इस बार के एपिसोड की शुरूआत प्रधानमंत्री ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के सफल आयोजन की चर्चा से की। योग अब सिर्फ भारत की सीमाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक वैश्विक जन आंदोलन बन चुका है।

# मानव सेवा ही सच्ची ईश्वर भक्तिः नरवाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** गांव चोचडा के सरकारी स्कूल में आज विर्क अस्पताल एवं सुमित नरवाल वेलफेयर फाउंडेशन के सौजन्य से फ्री मेडिकल कैंप एवं रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया। इस मेडिकल कैंप में हड्डी एवं जोड़ों के रोगों के विशेषज्ञ विर्क हॉस्पिटल से डॉ. आशुतोष एवं उनकी टीम ने इन रोंगो से पीड़ित रोगियों का निःशुल्क चेकअप करते हुए दवाईयां दी। इस निशुल्क मेडिकल कैंप में फ्री बल्ड शुगर टेस्ट के अलावा हड्डियों की मजबूती चेक करने वाला बीएमडी टेस्ट भी निशुल्क किया गया।
क्रिकेटर एवं समाजसेवी सुमित




नरवाल ने कहा कि नर सेवा-नारायण सेवा, मानव सेवा ही सच्ची ईश्वर भक्ति है और जब किसी जरूरतमंद की सहायता की जाए तो वह सेवा स्वयं नारायण की सेवा के समान हो जाती है। उन्होंने कहा कि इस शिविर का मुख्य उद्देश्य है लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और बीमारियों का जल्द पता लगाना, ताकि उनका समय पर इलाज किया जा सके। यह शिविर उन लोगों के लिए विशेष रूप से फायदेमंद होगा, जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं और स्वास्थ्य सेवाओं तक आसानी से नहीं पहुंच पाते हैं।
इस अवसर पर उपस्थित गणमान्य लोगों में मास्टर सुरेश, डॉ. रमेश, मोहन शर्मा, मास्टर सूबे सिंह, डॉ. विक्रम, मास्टर सतबीर, सतीश शर्मा, दीपक शर्मा कालू, रामनिवास बेनीवाल आदि मौजूद रहे।

## संपादकीय

# एक्सिओम-4 और भारत की वैश्विक पहचान

**एक्सिओम-4** मिशन भारत के अंतरिक्ष इतिहास में एक ऐतिहासिक क्षण है। वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ल की सहभागिता से यह मिशन सिर्फ तकनीकी उपलब्धि नहीं बल्कि वैश्विक मंच पर भारत की उपस्थिति का प्रतीक बन गया है। अमेरिका की एक्सिओम-4 स्पेस और नासा के सहयोग से हुआ यह अभियान भारत को मानव अंतरिक्ष यात्रा के क्षेत्र में नई ऊंचाईयों पर ले गया है। वैज्ञानिक प्रयोगों, अंतरराष्ट्रीय सहयोग और रणनीतिक साझेदारी के स्तर पर यह मिशन आने वाले गगनयान और भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन की नींव मजबूत करता है। 41 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद जब भारत का कोई प्रतिनिधि अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) की ओर रवाना हुआ, तो यह महज एक मिशन नहीं था, बल्कि भारत के अंतरिक्ष विज्ञान, वैश्विक कूटनीति और वैज्ञानिक प्रतिष्ठा का पुनर्जन्म था।
एक्सिओम-4 मिशन में भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ल की भागीदारी ने यह स्पष्ट कर दिया कि भारत अब अंतरिक्ष की दौड़ में सिर्फ एक सहभागी नहीं, बल्कि एक संभावित नेतृत्वकर्ता के रूप में देखा जा रहा है। इस मिशन के माध्यम से भारत ने एक साथ कई स्तरों पर उपलब्धियाँ प्राप्त कीं। सबसे पहले, वैज्ञानिक दृष्टिकोण से बात करें तो भारत ने इस मिशन के तहत सात प्रमुख वैज्ञानिक प्रयोग अंतरिक्ष में भेजे। ये सभी प्रयोग सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण पर आधारित थे और इनका उद्देश्य जीवन के विभिन्न पहलुओं को समझना था। मेथी और मूंग जैसे बीजों पर किया गया अध्ययन भारतीय कृषि तकनीकों की विशिष्टता को अंतरिक्ष तक ले गया। इससे यह प्रमाणित होता है कि भारत की पारंपरिक खेती भी वैज्ञानिक शोध के लिए प्रासंगिक और आधुनिक है। इसके अतिरिक्त, सूक्ष्मजीवों, माइक्रोएल्गी और मांसपेशियों के पुनरुत्पादन पर आधारित प्रयोगों ने दीर्घकालिक अंतरिक्ष यात्रा में जीवन समर्थन प्रणालियों के विकास में भारत की उपयोगिता को सिद्ध किया। इससे स्पष्ट है कि भारत केवल अंतरिक्ष में मौजूदगी दर्ज कराने नहीं बल्कि उसमें नवाचार और अनुसंधान के स्तर पर योगदान देने आया है। शुभांशु शुक्ल का स्पेसएक्स के क्रू ड्रैगन यान को सफलतापूर्वक डॉक करना और अंतरिक्ष में आपातकालीन स्थितियों का प्रशिक्षण प्राप्त करना, आने वाले गगनयान मिशन के लिए अमूल्य अनुभव है। यह भारत के पहले मानव अंतरिक्ष मिशन के लिए एक मजबूत बुनियाद का कार्य करेगा। एक्सिओम-4 ने यह भी दिखा दिया कि भारत अब व्यावसायिक अंतरिक्ष उड़ानों में भी प्रवेश कर चुका है। एक्सिओम-4 स्पेस और भारतीय स्टार्टअप स्काईरूट एयरोस्पेस के बीच हुआ समझौता दशार्ता है कि भारत अब केवल सरकारी संसाधनों पर निर्भर नहीं रहना चाहता, बल्कि निजी क्षेत्र के सहयोग से सस्ते और नवीन समाधान विकसित करने की दिशा में अग्रसर है। यह भारतीय अंतरिक्ष नीति की आत्मनिर्भरता और स्टार्टअप संस्कृति की सफलता की कहानी है। रणनीतिक दृष्टि से देखें तो एक्सिओम-4 भारत और अमेरिका के बीच बढ़ते सहयोग का प्रतीक है, विशेषकर आईसीईटी और आर्टेमिस समझौते जैसी व्यवस्थाओं के अंतर्गत। भारत ने इस मिशन के जरिए न केवल अमेरिका बल्कि वैश्विक दक्षिण-उत्तर सहयोग की भावना को भी मजबूती दी। इस मिशन में भारत के साथ पोलैंड और हंगरी जैसे देशों के अंतरिक्ष यात्री भी शामिल थे।
यह वैश्विक समावेशिता और साझेदारी का प्रतीक था।

# नीतियों के बावजूद क्यों प्यासी है भारत की धरती?



**-डॉ. सत्यवान सौरभ**

> सूक्ष्म सिंचाई प्रणालियों को केवल योजना पत्रों से निकालकर जमीनी हकीकत बनाना होगा। इसके लिए तकनीकी प्रशिक्षण, सस्ती उपलब्धता, और स्थानीय स्तर पर सहायता तंत्र बनाना होगा। तीसरा, भूजल का प्रबंधन केवल सरकार का नहीं, ग्राम पंचायतों और स्थानीय समुदायों का भी कर्तव्य होना चाहिए। अटल भूजल योजना को इस दिशा में सफल मॉडल के रूप में बढ़ाया जा सकता है। चौथा, किसानों को केवल फसल बीमा या सब्सिडी नहीं, जल आधारित फसल मार्गदर्शन की जरूरत है। यह तभी होगा जब टरढ का ढांचा जल संरक्षण के अनुकूल फसलों को बढ़ावा देगा। देश को ऐसे नीतिगत हस्तक्षेपों की जरूरत है जो किसान की आय भी बढ़ाएं और पानी की बचत भी करें। पाँचवां, शहरों में जल पुनर्चक्रण अनिवार्य किया जाए। जो नगर पालिकाएं को नहीं करतीं, उन्हें दंड और प्रोत्साहन दोनों के माध्यम से बदला जाए



**भारत** की धरती पर जल का संकट एक ऐसी विडंबना बन चुका है, जिसे देखकर हैरानी होती है कि इतनी योजनाओं, घोषणाओं और नीतियों के बावजूद यह देश बूंद-बूंद के लिए क्यों तरस रहा है। जब कोई देश दुनिया की 18% जनसंख्या को समेटे हुए हो और उसके पास केवल 4% ताजे जल संसाधन हों, तो संकट की आशंका तो बनती है, पर यदि यही देश दशकों से जल संरक्षण और जल प्रबंधन की योजनाओं का ढोल पीटता हो और फिर भी सूखा, प्यास, और जलजनित बीमारियाँ उसके हिस्से में आएं – तो यह केवल प्राकृतिक संकट नहीं, यह नीति, प्रशासन और नागरिक चेतना की सामूहिक असफलता है। भारत में पानी की स्थिति को अगर आंकड़ों की भाषा में समझें, तो भयावहता साफ दिखाई देती है। नीति आयोग की रिपोर्ट कहती है कि भारत विश्व का सबसे बड़ा भूजल उपभोक्ता है – लगभग 25% भूजल अकेले भारत निकालता है। 11% से अधिक भूजल खंड अत्यधिक दोहित यानी ङ्क५ी१-ी७स्र'ङ्क३ी की स्थिति में हैं। दिल्ली, बेंगलुरु, हैदराबाद जैसे 21 प्रमुख शहरों के 2030 तक भूजल समाप्त होने की चेतावनी दी जा चुकी है। वहीं दूसरी ओर, 70% जल स्रोत प्रदूषित हैं। फ्लोराइड, आर्सेनिक, नाइट्रेट और भारी धातुओं से दूषित यह जल 23 करोड़ से अधिक लोगों को प्रभावित कर रहा है। हर साल लगभग 2 लाख मौतें सिर्फ जलजनित बीमारियों से होती हैं – यह सिर्फ आंकड़ा नहीं, यह हमारी संवेदनहीनता की पराकाष्ठा है। पानी का यह संकट केवल ग्रामीण इलाकों या गरीबों तक सीमित नहीं है। 2019 में जब चेन्नई जैसे आधुनिक शहर को "ड्ढ ी१ड्ढ" का सामना करना पड़ा और जल ट्रेनें चलानी पड़ीं, तब यह साफ हो गया कि यह समस्या अब दरवाजे पर नहीं, घर के भीतर आ चुकी है। और फिर भी हम इसे मौसमी समस्या मानकर हर बार भूल जाते हैं।
सवाल यह है कि नीतियाँ तो बनीं – राष्ट्रीय जल नीति (2012), जल जीवन मिशन, अटल भूजल योजना, नमामि गंगे, जल शक्ति अभियान – पर फिर भी पानी का स्तर क्यों गिरता जा रहा है? जवाब सरल है – हमारी नीतियाँ जमीन पर नहीं उतरतीं, और हमारे व्यवहार में कोई परिवर्तन नहीं आता। आज भी देश के अधिकांश किसान पानी की फिजूलखर्ची करने वाली फसलों की खेती करते हैं। पंजाब और हरियाणा जैसे जल-संकटग्रस्त राज्य में धान और गन्ने की खेती केवल इसलिए होती है क्योंकि सरकार टरढ और मुफ्त बिजली देती है। नतीजा – भूजल का तेजी से दोहन, खेतों का क्षरण, और जल स्रोतों का खत्म हो जाना। दूसरी ओर, ड्रिप सिंचाई या स्प्रिंकलर जैसे आधुनिक जल संरक्षण उपायों की पहुंच केवल 9% खेतों तक ही सीमित है। किसान जानते हैं, पर अपनाते नहीं – क्योंकि नीति और व्यवहार में दूरी है। शहरों की बात करें तो पाइपलाइन से लेकर टंकी तक, हर जगह लीकेज और बबार्दी का आलम है। स्मार्ट मीटरिंग अभी भी अधिकांश नगरपालिकाओं के लिए नया शब्द है। पुनः उपयोग और वर्षा जल संचयन जैसे उपाय कहीं-कहीं दिखते हैं, लेकिन सामूहिक रूप से अपनाए नहीं जाते। सबसे चिंताजनक बात यह है कि जल संकट को अब भी केवल प्राकृतिक समस्या समझा जाता है। जबकि यह एक स्पष्ट रूप से नीतिगत और नैतिक संकट है। जब तक यह दृष्टिकोण नहीं बदलेगा, तब तक कोई भी योजना सफल नहीं होगी। अब समय आ गया है कि भारत पानी को "मुफ्त संसाधन" मानना बंद करे और उसे "जीवन मूल्य" की तरह देखे। इसके लिए कुछ गहन और ठोस सुधारों की आवश्यकता है। सबसे पहले, पानी की कीमत तय होनी चाहिए – चाहे वह पीने का हो, या सिंचाई का। मुफ्त पानी की संस्कृति ने उपभोग को बबार्दी में बदल दिया है। जल का मूल्य निर्धारण सामाजिक न्याय और पर्यावरणीय विवेक के बीच संतुलन साध सकता है।
दूसरा, सूक्ष्म सिंचाई प्रणालियों को केवल योजना पत्रों से निकालकर जमीनी हकीकत बनाना होगा। इसके लिए तकनीकी प्रशिक्षण, सस्ती उपलब्धता, और स्थानीय स्तर पर सहायता तंत्र बनाना होगा। तीसरा, भूजल का प्रबंधन केवल सरकार का नहीं, ग्राम पंचायतों और स्थानीय समुदायों का भी कर्तव्य होना चाहिए। अटल भूजल योजना को इस दिशा में सफल मॉडल के रूप में बढ़ाया जा सकता है। चौथा, किसानों को केवल फसल बीमा या सब्सिडी नहीं, जल आधारित फसल मार्गदर्शन की जरूरत है। यह तभी होगा जब टरढ का ढांचा जल संरक्षण के अनुकूल फसलों को बढ़ावा देगा। देश को ऐसे नीतिगत हस्तक्षेपों की जरूरत है जो किसान की आय भी बढ़ाएं और पानी की बचत भी करें। पाँचवां, शहरों में जल पुनर्चक्रण अनिवार्य किया जाए। जो नगर पालिकाएं को नहीं करतीं, उन्हें दंड और प्रोत्साहन दोनों के माध्यम से बदला जाए। बड़े भवनों में वर्षा जल संचयन अनिवार्य हो, और इसके अनुपालन की निगरानी की जाए। छठा, बच्चों के स्कूली पाठ्यक्रम में जल संरक्षण को केवल पर्यावरण अध्याय के रूप में न पढ़ाया जाए, बल्कि व्यवहार परिवर्तन के रूप में सिखाया जाए। यदि अगली पीढ़ी जल को कीमती माने, तो आज की प्यास भविष्य की सूखी धरती को बचा सकती है। सातवां, जल संरक्षण को जन आंदोलन बनाना होगा – जैसा प्रधानमंत्री ने आह्वान किया था। लेकिन यह आह्वान केवल भाषणों में नहीं, बजट और प्रशासनिक प्रतिबद्धता में दिखना चाहिए। जल शक्ति मंत्रालय को केवल नल जोड़ने वाला मंत्रालय नहीं, जल नीति, जल शिक्षा और जल चेतना का नेतृत्व करना होगा। साथ ही, निजी क्षेत्र की भूमिका को भी समझना और बढ़ाना होगा। जल एटीएम, पाइपलाइन प्रबंधन, स्मार्ट मीटरिंग, और जल पुनर्चक्रण जैसी सेवाओं में मॉडल को बढ़ावा देकर न केवल निवेश लाया जा सकता है, बल्कि तकनीकी नवाचार भी हो सकते हैं। और सबसे महत्वपूर्ण – हमें यह समझना होगा कि जल संकट केवल वैज्ञानिकों और नौकरशाहों का विषय नहीं है। यह आम नागरिक का संकट है। हर घर, हर हाथ को यह जिम्मेदारी लेनी होगी कि पानी को बर्बाद नहीं किया जाएगा, और हर बूंद का सम्मान होगा। जलवायु परिवर्तन के इस युग में, जब बारिश की मात्रा अनिश्चित हो गई है, और हिमालयी ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं – हमें जल को अनंत नहीं, बल्कि सीमित और नाजुक संसाधन मानना होगा। भारत की सांस्कृतिक परंपरा में जल को देवता का दर्जा मिला है – लेकिन विडंबना यह है कि आज वही जल नदियों में मल-मूत्र के रूप में बह रहा है, या गंदे नालों से होकर भूजल में जहर घोल रहा है। इसलिए आज का भारत केवल जल संकट नहीं झेल रहा, बल्कि वह अपने भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहा है। जल संकट में डूबा भारत, विकास के हर मोर्चे पर कमजोर पड़ता जाएगा – चाहे वह स्वास्थ्य हो, कृषि, उद्योग या सामाजिक समरसता। अंततः यही कहा जा सकता है कि जल संकट केवल पानी की समस्या नहीं है – यह व्यवस्था, संस्कृति, शिक्षा और नीयत की भी परीक्षा है। यदि हमने अब भी नहीं संभला, तो इतिहास गवाह रहेगा कि हमने एक ऐसे संसाधन को खो दिया, जो जीवन का मूल था, और जिसकी एक-एक बूंद सोने से भी महंगी थी। अब वक्त आ गया है – नीतियों की बौछार से बाहर निकलकर बूंद-बूंद बचाने के व्यवहारिक आंदोलन को अपनाने का। क्योंकि आने वाले वर्षों में जल ही राजनीति, आर्थिक ताकत और सामाजिक न्याय का सबसे बड़ा मुद्दा बनने वाला है।

## कविता

**वजूद रखता हूँ ख्वाबों में बादल की तरह**

वजूद रखता हूँ ख्वाबों में बादल की तरह,
अपनी आखों में सजा ले काजल की तरह

कल भी दीदार खुदा जाने हो की न हो,
आज का दिन तो गुजर गया कल की तरह

मैं तेरे शुरूरों से सराबोर रहा करता हूँ,
तेरी आखों में मय की बोतल की तरहे

वरना दुनिया में बहक जाने के मकां थे बहुत,
उसने मुझे सम्हाले रखा आँचल की तरह

मैं ने संजीव महसूस किया बारिश में,
गुगुनानें लगी बूंदें तेरी पायल की तरह

संजीव
---------

## ऑपरेशन सिंदूर से उभरी भारत की वैश्विक छवि

**संजीव**
ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत के जवाबी हमले से पाकिस्तान के 9 एयरबेस की तबाही और लगभग 100 दुर्दांत आतंकवादी मारे जाने के बाद भारत की छवि विश्व में एक दमदार शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में उभरी है। अब भारत से कई देश से अस्त्र-शस्त्र की खरीदी के लिए कतार में खड़े होते दिखाई दिए हैं । भारत ने जिस तरह ब्रह्मोस मिसाइल और २400 से चीनी तथा टर्किए के 500 से ज्यादा ड्रोन तथा मिसाइल को हवा में ही ध्वस्त किया है वह अपने आप में एक वैश्विक मिसाल है। इसमें अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप मध्यस्तता का श्रेय लेने की कोशिश में लगे हुए थे किंतु भारत के कठोर रुख के कारण अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को अपना बयान बदलकर यू टर्न लेना पड़ा जिससे भारत की छवि और बेहतर हो गई है।
भारत ने कूटनीतिक पहलकर पाकिस्तान की आतंकवादी छवि को स्पष्ट करने के लिए लगभग 60 सांसदों को विभिन्न देशों में भेज कर पारदर्शिता का एक अनोखा उदाहरण प्रस्तुत किया है' भारत विश्व में अब एक बड़ी राजनीतिक,आर्थिक तथा सामरिक शक्ति बन कर उभरा है' भारत में वर्तमान में अपनी वैश्विक छवि को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दुगुना किया है' विदेशों में भारत की स्थिति में निरंतर सुधार हुआ है। भारत की छवि को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतर बनाने के लिए कूटनीति आर्थिक व्यापारिक समझौते तथा पाकिस्तान को युद्ध में बुरी तरह परास्त करने के बाद एक बड़ी सामरिक शक्ति बनकर उभरने के अलावा इस समय बहुत बड़ा योगदान भारत के हर क्षेत्र के डिजिटलाइजेशन का भी ज्यादा रहा है' भारत में डिजिटलाइजेशन के नए आयामों को छुआ है और विश्व में इस क्षेत्र में अग्रणी भूमिका भी निभा रहा है' इसमें दो मत नही कि वर्तमान के प्रधानमंत्री का बड़ा योगदान और ऊजार्वान,दमदार वैश्विक नेता के रूप में भूमिका रही है । पिछले 11 वर्षों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विदेश नीति में खुलापन तथा विदेशी निवेशकों को भारत में आमंत्रित किया है उससे इसमें बड़े परिवर्तन की संभावनाओं इजाफा किया है' भारत विश्व का एकमात्र सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है' कई वर्षों से ब्रिटिश उपनिवेश में रहने और स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात गरीबी, भुखमरी ,बेरोजगारी जैसे बड़े रुकावटी कारकों का से जिस तरह डटकर मुकाबला कर उस से निजात पाने का प्रयास किया है वह अत्यंत उल्लेखनीय है। कोरोना कल में भारत ने अभूतपूर्व तरीके से स्वदेशी दवाइयां का एवं अन्य उपकरणों का निर्माण कर करके एक रिकॉर्ड भी बनाया है और इस पहल के परिणाम स्वरूप भारत में करोन पर प्रभावी नियंत्रण पानी में सफलता पाई थी। इसके अलावा भारत में ऐसे संक्रमण काल में स्वदेशी निर्मित मेडिकल इंजेक्शन दवाईयां तथा उपकरणों को भी विदेशी देशों को मदद पहुंचाई थी।

## विचार

# बढ़ रहा सोशल मीडिया का प्रभाव-जिम्मेदारी और जागरूकता जरूरी

**सुनील कुमार महला**
30 जून को 'विश्व सोशल मीडिया' दिवस मनाया जाता है। आज के युग में सोशल मीडिया का बहुत महत्व है। यह सोशल मीडिया(फेसबुक, व्हाट्स एप, ट्विटर, इंस्टाग्राम) ही है जिसके कारण आज दुनिया श्रिंक हो गई है। यह आपस में लोगों को जोड़ने, विचारों का आदान-प्रदान करने तथा समाज और देश में पाजीटिव बदलाव लाने का एक सशक्त और शानदार माध्यम है। वास्तव में, यह दिन सोशल मीडिया के हमारे जीवन में महत्व को पहचानने और इसका जश्न मनाने के लिए मनाया जाता है। पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि वर्ष 1997 में, पहला सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'सिक्सडिग्रीज' लॉन्च किया गया था, और वर्ष 2010 में मैशेबल द्वारा विश्व सोशल मीडिया दिवस की शुरूआत की गई थी। गौरतलब है कि एंड्रयू वेनरिच द्वारा स्थापित, इस वेबसाइट पर उपयोगकर्ता अपने मित्रों और परिवार के सदस्यों को सूचीबद्ध कर सकते थे और इसमें प्रोफाइल, बुलेटिन बोर्ड और स्कूल संबद्धता जैसी सुविधाएँ थीं। हालांकि, दस लाख से ज्यादा उपयोगकताओं के बावजूद वर्ष 2001 में इसे बंद कर दिया गया था। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि पहला आधुनिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 2002 में फ्रेंडस्टर था। इसी प्रकार से लिंक्डइन, पहला व्यवसाय-केंद्रित सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 2003 में लॉन्च किया गया था। माईस्पेस 2004 में लॉन्च हुआ, उसी साल फेसबुक(कैम्ब्रिज, मैसाचुसेट्स में स्थापित इस वेबसाइट के संस्थापक मार्क जुकरबर्ग) भी लॉन्च हुआ। बाद में वर्ष 2006 तक माईस्पेस दुनिया का सबसे बड़ा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म बन गया।यूट्यूब(विडियो वेबसाइट जिसका जन्म कैलिफोर्निया के सैन मेटियो में हुआ) ने वर्ष 2005 में और उसके बाद ट्विटर ने वर्ष 2006 में सीमित अक्षरों वाला अपना प्लेटफॉर्म शुरू किया।इंस्टाग्राम साल 2010 में लॉन्च हुआ और इसने तेजी से विकास किया। बहरहाल, आज दिन-ब-दिन सोशल मीडिया की लोकप्रियता बढ़ती ही चली जा रही है लेकिन यह बहुत ही दुखद है कि तकनीक का आज मिसयूज(गलत उपयोग) किया जा रहा है। आज सोशल मीडिया पर डेटा चोरी किया जाता है। अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया जाता है। फर्जी खबरों को लेकर विवाद होता है। ऐसी ऐसी सामग्री या कंटेंट का प्रचार प्रसार देखने को मिलता है, जिससे मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य(अवसाद और चिंता के कारण) पर बहुत बुरा असर पड़ता है। साइबर बुलिंग(एक दूसरे को धमकाना, परेशान करना) की समस्या जैसे आज आम हो चली है।सोशल मीडिया का अत्यधिक उपयोग वास्तविक दुनिया के रिश्तों को कम कर सकता है, जिससे सामाजिक अलगाव हो सकता है। इतना ही नहीं, सोशल मीडिया का अत्यधिक उपयोग छात्रों के शैक्षणिक प्रदर्शन को भी प्रभावित करता है। वास्तव में आज सोशल मीडिया पर नकारात्मक(नेगेटिव), गलत और भ्रामक सूचनाओं, जानकारियों से बचने की जरूरत है। यह ठीक है कि हमारे देश में अभिव्यक्ति की आजादी सबको प्रदान की गई है, लेकिन पिछले कुछ समय से देश और समाज के कुछेक लोगों ने तकनीक और अभिव्यक्ति की आजादी का बहुत ही गलत उपयोग किया है।
विशेषकर यू ट्यूबर्स-नैतिकता और मयार्दा को तांक पर रखकर कुछ भी ऊल-जुलूल इन माध्यमों पर बेरोकटोक परोस रहे हैं। यू-ट्यूबर्स और फेसबुक पर कंटेंट प्रस्तुतीकरण का तरीका बहुत ही अजीबोगरीब व गलत हो गया है। फेसबुक, यूट्यूब पर ज्यादा से ज्यादा लाइक्स, शेयर और कमेंट्स पाने के लिए यूट्यूबर्स और फेसबुक संचालक अपनी मयार्दाएं भूल रहें हैं और उन्हें समाज और देश से कोई भी सरोकार नहीं रहा है। बहरहाल, पाठक जानते हैं कि यू-ट्यूब और फेसबुक सार्वजनिक मंच हैं और आज संपूर्ण विश्व इन मंचों से जुड़ा हुआ है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन इंडिया ऑफिस, के-6बी, केवल पार्क एक्सटेंशन, दिल्ली - 33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।
"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## व्यंग्य

# कलम का अपमान, पदवी का सम्मान

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा**
**ज्ञानपुर** के बीचों-बीच, जर्जर सी, पर भव्य दिखने वाली इमारत, 'ज्ञानपुर साहित्य संगम' का पता देती थी। बाहर से तो उसकी रंगत, दीवारों पर उकेरी गई कविताओं की कंदलें, और नीम के पेड़ के नीचे बैठे कबूतरों का गुटरगूँ, किसी गुरुकुल का भ्रम पैदा कर सकता था। मगर अंदर का हाल पूछिए तो 'गिरा अर्थ जल बीचि सम' वाला तुलसी का प्रेम, किसी 'कोका कोला और भेलपूरी' के संगम में बदल चुका था। यहाँ हिंदी तो बस नाम भर की थी, एक 'ब्रांडिंग' के लिए, जैसे किसी दाल-रोटी के ढाबे पर 'पेंटहाउस' लिखा हो। और 'साहित्य?' अरे, साहित्य तो बेचारा कब का अपना बोरिया-बिस्तर बाँधकर, किसी अनजाने गाँव की कच्ची राह पर निकल चुका था, जहाँ मोबाइल नेटवर्क भी न पहुँच सके। यहाँ तो 'साहित्य निष्कासित कर दिया गया हो-सो हिंदी साहित्य संगम!' यह बहुब्रीहि समास का जीवंत उदाहरण था।
कविराज दीनानाथ, जो अपनी कलम को अपनी साँसों से भी पवित्र मानते थे, अक्सर इस संगम के बाहर खड़े होकर एक लंबी आह भरते। उनकी कविताओं में जीवन की पीड़ा, समाज का यथार्थ और मनुष्य की आत्मा की अनकही कहानियाँ गूँजती थीं। पर इस संगम में, उनकी कविताओं के बोल, किसी सरकारी घोषणापत्र के सामने, मच्छर की भिनभिनाहट से भी कम सुनाई पड़ते थे। वे देखते कि कैसे साहित्य के नाम पर, साहित्यकारों का ही नहीं, बल्कि उस सरस्वती का भी अपमान हो रहा है, जिसकी वंदना करके सदियों से ये मंच पवित्र किए जाते थे। उनका हृदय इस विडंबना को देखकर रो उठता था, जैसे कोई बूढ़ा पिता अपने जवान बेटे को गलत राह पर जाते देख कराह उठे। ज्ञानपुर की गलियों में कविराज दीनानाथ के लिए सम्मान था, पर 'ज्ञानपुर साहित्य संगम' में वे बस एक 'फालतू' आदमी थे, जिसकी बात कोई सुनना नहीं चाहता। संगम में एक भव्य 'अभिनंदन समारोह' की घोषणा हुई। शहर में खबर फैलते ही, साहित्य प्रेमियों की आँखें चमक उठीं। "वाह! आखिर किसी सच्चे साहित्यकार को सम्मान मिलेगा!" कोई बोला। "कहीं कविराज दीनानाथ ही तो नहीं?"

## अमरीका के लिए भारत- चीन एक जैसे

**प्रेम शर्मा**
**ताली** एक हाथ से नहीं बज सकती। यह सही है कि अमेरिका आर्थिक-सैन्य दृष्टि से अब भी ताकतवर है, लेकिन अब उसका प्रभाव पहले जैसा नहीं और यह एक तथ्य है कि पिछले कुछ वर्षों में भारत का अंतरराष्ट्रीय कद बढ़ा है। इसकी अनदेखी कोई चीन भी नहीं कर पा रहा है। पिछले दिनों भारत की पाक पर की गई स्ट्राईक से पाक चीन, और अमरीका तिलमिलाए हुए है। वैश्विक स्तर पर भारत ने पिछले कुछ समय से अपना एक अलग प्रभाव बनाया है। ऐसे में भारत को चीन एवं अमेरिका, दोनों से सावधान रहने के साथ अपनी आर्थिक शक्ति बढ़ानी चाहिए। अमेरिका और विशेष रूप से राष्ट्रपति ट्रंप से ऐसे संकेत मिलना अच्छा तो है कि भारत से जल्द व्यापार समझौता हो सकता है, लेकिन मोदी सरकार को इसके प्रति सतर्क रहना होगा कि यह समझौता ट्रंप की शर्तों अथवा उनके दबाव और प्रभाव में बिल्कुल भी न होने पाए। भारत को इस मामले में अडिग रहना चाहिए और अपनी दृढ़ता प्रदर्शित भी करनी चाहिए। इसलिए करनी चाहिए, क्योंकि ट्रंप केवल अमेरिका और यहां तक कि अपने निजी हितों को प्राथमिकता दे रहे हैं। वे अमेरिका को महान बनाने के लिए कुछ ज्यादा ही जल्दी दिखा रहे हैं।दूसरी तरफ अमरीका और चीन का पाकिस्तान प्रेम के साथ और कई घटनाक्रम भारत के लिए लगातार चिन्ता का विषय है। ऐसे में भारत को चीन के साथ अमरीका से भी किसी तरह के समझौते से पूर्व इस पर गहन मंथन करना चाहिए। वैसे तो अमेरिकी राष्ट्रपति के रूप में उन्हें अमेरिका के हितों की चिंता करनी चाहिए, लेकिन इसका यह मतलब नहीं कि वे अपनी ही नीतियों के विपरीत आचरण करें और भारत सरीखे मित्र देश के प्रति बेरुखी दिखाएं। यह तो हद ही है कि वे भारत के हितों की चिंता करने के बजाय उस पाकिस्तान के प्रति सहानुभूति दिखा रहे हैं, जिसे अपने पहले कार्यकाल में धोखेबाज, आतंकियों का समर्थन करने एवं अमेरिका से छल करके पैसे ऐंठने वाला बता चुके हैं। अब वे उसके सबसे बड़े हितैषी दिखना चाह रहे हैं। वैसे भी ट्रंप की मनमानी टैरिफ नीति चल नहीं पा रही है और उन्हें अपने कठोर रवैये को मजबूरी में नरम करना पड़ा है।

## न्यूज फ्लैश

### महिलाओं के लिए सुनहरा अवसर, मिलेगा पांच लाख तक का ऋण: उत्तम सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उनकी आर्थिक व सामाजिक स्थिति में सुधार लाने के लिए हरियाणा मातृशक्ति उद्यमिता योजना शुरू की हुई है, जिसके तहत बैंक के माध्यम से पांच लाख रुपए तक का ऋ ण उपलब्ध करवाया जाता है। उन्होंने बताया की हरियाणा सरकार ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में हरियाणा मातृशक्ति उद्यमिता योजना शुरू की है। इस योजना का लाभ महिलाओं को केवल तभी प्रदान किया जाएगा जब उनकी पारिवारिक आय 5 लाख या फिर इससे कम हो, साथ ही महिला की आयु 18 से 60 वर्ष के बीच होनी चाहिए तथा वह पूर्व के किसी ऋण मामले में डिफाल्टर नहीं होनी चाहिए। महिला का हरियाणा का निवासी होना अनिवार्य है। यह योजना महिलाओं को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में बेहद कारगर सिद्ध होगी तथा उनके जीवन स्तर में भी सुधार आएगा।
उन्होंने बताया की योजना के माध्यम से महिलाओं को 5 लाख तक का ऋण 7 प्रतिशत ब्याज दर की छूट पर उपलब्ध करवाया जाता है। इस ऋण के माध्यम से महिलायें स्वरोजगार स्थापित करके दूसरे नागरिकों को भी रोजगार प्रदान कर सकेंगी। उन्होंने बताया कि महिलाएं इस योजना के तहत ऋण लेकर यातायात वाहन के तहत ऑटो रिक्शा, छोटा सामान ढोने के वाहन, थ्रीव्हीलर, ई रिक्शा, टैक्सी, सामाजिक व व्यक्तिगत सेवा गतिविधियों के तहत सैलून, ब्यूटी पार्लर, टेलरिंग, बुटीक, फोटोस्टेट की दुकान, पापड़ बनाना, अचार बनाना, हलवाई की दुकान, फूड स्टॉल, आइसक्रीम बनाने की यूनिट, बिस्कुट बनाना, टिफिन सर्विस, मिट्टी के बर्तन आदि बनाने का काम शुरू कर सकती हैं। योजना का लाभ लेने के लिए निर्धारित दस्तावेज आवेदन के साथ जमा करवाने होंगे। इन दस्तावेजों में आवेदन पत्र, परिवार पहचान पत्र, आधार कार्ड, पासपोर्ट आकार फोटो, प्रोजेक्ट रिपोर्ट, ट्रेनिंग प्रमाण पत्र, अनुभव प्रमाण पत्र आदि शामिल हैं। सभी दस्तावेजों की दो-दो फोटो प्रति होनी आवश्यक है।

### फायर कर जानलेवा हमला करने के मामले में तीन गिरफ्तार, तीन दिन के रिमांड पर

**गन्नौर /टीम एक्शन इंडिया**

थाना बड़ी पुलिस ने फायर कर जानलेवा हमला करने की घटना में संलिप्त तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपितों में ऋतिक उर्फ नंबरदार, अनमोल उर्फ देबू, दोनों निवासी बड़ी व मयंक उर्फ इशु निवासी गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश शामिल हैं। बड़ी थाना प्रभारी युद्धवीर सिंह ने बताया कि गत 27 जून को रोहित निवासी बड़ी ने शिकायत दी थी कि जब वह अपने दोस्त के साथ बाइक पर ट्रांसपोर्ट आफिस जा रहा था, तो बड़ी जीटी रोड पुल के नीचे तीन युवकों ने उनकी बाइक रोककर मारपीट की। रोहित किसी तरह बचकर भागा, लेकिन कुछ देर बाद आरोपित उसके घर पहुंचे और उसकी भाभी पर छत पर खड़े होने के दौरान फायरिंग कर दी। उसकी भाभी पीछे हटकर बच गईं। आरोपितों ने पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी। कार्रवाई करते हुए सहायक उप निरीक्षक अमरजीत ने पुलिस टीम के साथ तीनों आरोपितों को दबोच लिया। तीनों को अदालत में पेश कर तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

### कष्ट निवारण समिति के सदस्य बनने पर प्रदीप कुमार ने जताया विधायक का आभार

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़।** गांव लावन निवासी प्रदीप कुमार को जिला लोक संपर्क एवं शिकायत निवारण समिति (ग्रीवेंस कमेटी) का सदस्य नियुक्त किया गया है। प्रदीप कुमार ने विधायक कंवर सिंह यादव को मिठाई खिलाकर धन्यवाद और आभार व्यक्त किया।

### पारस हेल्थ पंचकूला में एडवांस्ड रोबोटिक सर्जरी प्रणाली का भव्य शुभारंभ

**पंचकूला:** पारस हेल्थ पंचकूला ने चिकित्सा क्षेत्र में एक नई क्रांति की शुरूआत करते हुए पंचकूला की पहली एडवांस्ड रोबोटिक सर्जरी प्रणाली झ्र दा विंची एक्सआई का भव्य उद्घाटन किया। यह प्रणाली विशेष रूप से दुर्लभ, जटिल और उच्च जोखिम वाली सर्जरी को अधिक सुरक्षित, सटीक और कम दर्ददायक बनाने में उपयोगी है। यह अत्याधुनिक तकनीक यूरोलॉजी, कैंसर सर्जरी, स्त्री रोग, गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल और जनरल सर्जरी जैसे विभिन्न विभागों में कार्यान्वित की जाएगी, जिससे पंचकूला और आसपास के मरीजों को महानगरों में गए बिना विश्वस्तरीय इलाज उपलब्ध हो सकेगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि आईएएस अधिकारी अजय छगती, सचिव, स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान, चंडीगढ़ ने पूजा-अर्चना के बाद तकनीक का औपचारिक शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि पंचकूला जैसे शहर में इस स्तर की तकनीक का आगमन बेहद सराहनीय है।

# मन की बात कार्यक्रम का आयोजन, ग्रीवेंस कमेटी सदस्यों का हुआ स्वागत

## कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशहित से जुड़े कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की

**विशेष आयोजन**

▶▶ प्रसारित किए जाने वाले रेडियो कार्यक्रम मन की बात को लेकर आज होडल में विशेष आयोजन किया गया



**टीम एक्शन इंडिया/ संतोष गर्ग**

**पलवल, 29 जून।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को प्रसारित किए जाने वाले रेडियो कार्यक्रम मन की बात को लेकर होडल में विशेष आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में स्थानीय विधायक हरेंद्र सिंह व भाजपा के जिला संयोजक (मन की बात) जगमोहन गोयल ने सहभागिता करते हुए जनसमूह के साथ प्रधानमंत्री के संबोधन को सुना। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशहित से जुड़े कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की और आमजन को प्रेरित किया। उन्होंने युवाओं, किसानों, नवाचार, महिला सशक्तिकरण व पर्यावरण संरक्षण जैसे विषयों पर अपनी बात रखते हुए देशवासियों से सक्रिय भागीदारी की अपील की। होडल में आयोजित इस कार्यक्रम को सुनने के लिए बड़ी संख्या में कार्यकर्ता, गणमान्य नागरिक व आम लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर नवनियुक्त जिला ग्रीवेंस कमेटी सदस्यों का विशेष रूप से अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी सदस्यों का फूलमालाओं व शॉल भेंटकर स्वागत किया गया।
विधायक हरेंद्र सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री का यह कार्यक्रम न केवल प्रेरणादायक है बल्कि यह देश को एक नई दिशा देने का कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि मन की बात ने जन-जन को जोड़ने का कार्य किया है और इसके माध्यम से देश में सकारात्मक सोच का संचार हो रहा है। जिला संयोजक जगमोहन गोयल ने कहा कि कार्यकताओं और नागरिकों को प्रतिमाह ह्यमन की बातह्व कार्यक्रम से जुड़ना चाहिए, जिससे वे राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दे सकें। कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष, जिला ग्रीवेंस कमेटी के सदस्य, भाजपा कार्यकर्ता, वरिष्ठ नागरिक और युवा बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

## सत्य मार्ग अपनाने, संयम से जीवन जीने और पुण्य अर्जित करने की दी प्रेरणा




**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर ।** जैन मुनि उपेंद्र मुनि ने प्रवचन में कहा कि इंसान जीवन में चाहे कितनी भी संपत्ति, वैभव या रिश्ते जोड़ ले, अंत समय में सब यहीं छूट जाता है और व्यक्ति को अकेले ही इस संसार से जाना पड़ता है।
उन्होंने कहा कि लोग जिस प्रिय पत्नी, पुत्र, मित्र या वस्तु को सबसे अधिक चाहते हैं, वे भी मृत्यु के बाद साथ नहीं जाते। उपेंद्र मुनि रविवार को पुरखास गांव के जैन मुनि भागमल अस्पताल के परिसर में आयोजित सत्संग कार्यक्रम में प्रवचन कर रहे थे। मुनि श्री ने बताया कि शरीर के साथ केवल पुण्य और पाप का संचित कर्म ही जाता है। मरणोपरांत व्यक्ति की संपत्ति और संबंध केवल संसार में रह जाते हैं। उन्होंने कहा कि इंसान मृत्यु को भुलाकर मोह, माया और इच्छाओं में उलझा रहता है, जबकि यह निश्चित है कि जो जन्मा है, वह एक दिन मृत्यु को प्राप्त होगा। मुनि श्री ने उपस्थित श्रद्धालुओं को सत्य मार्ग अपनाने, संयम से जीवन जीने और पुण्य अर्जित करने की प्रेरणा दी।

## झज्जर में सरपंच ने खेत में जहर निगल की आत्महत्या

**टीम एक्शन इंडिया**

**झज्जर, 29 जून (हि.स.)।** जिला के गांव धांधलान के सरपंच ने रविवार की दोपहर को जहर निगल कर आत्महत्या कर ली। उनका शव गांव के खेतों में मिला। सरपंच द्वारा आत्महत्या करने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। ग्राम पंचायत धांधलान के सरपंच कृष्ण कुमार ने खेतों में पानी की एक खेल (होदी) के पास जाकर जहरीली गोलियां खा ली। बाद में अस्पताल में उनकी मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि सरपंच कृष्ण कुमार खेतों में गए और एक सार्वजनिक खेल( पशुओं को पानी पिलाने के लिए सीमेंट से बना एक छोटा टैंक) के पास बैठकर जहरीली गोलियां निगल ली।

## दैनिक रेलयात्री महासंघ ने गाड़ियों के ठहराव को लेकर सौंपा ज्ञापन

**ज्ञापन**

▶▶ हावड़ा से बाड़मेर सप्ताह में दो दिन चलने वाली रेलगाड़ी का महेंद्रगढ़ के अमृत स्टेशन पर ठहराव नहीं है



**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़ ।** दैनिक रेलयात्री महासंघ के अध्यक्ष ने रेलगाड़ी के ठहराव को लेकर एक लिखित ज्ञापन भिवानी-महेंद्रगढ़ सांसद चौ. धर्मबीर सिंह के पुत्र चौ. मोहित को सौंपा। सौपे गए ज्ञापन के माध्यम से अध्यक्ष रामनिवास पाटोदा ने बताया कि गाड़ी संख्या 12323-24 हावड़ा से बाड़मेर सप्ताह में दो दिन चलने वाली रेलगाड़ी का महेंद्रगढ़ के अमृत स्टेशन पर ठहराव नहीं है। इन गाड़ियों में यात्रा करने के लिए महेंद्रगढ़ क्षेत्र के लोगों को रेवाड़ी या फिर लोहारू स्टेशन जाना पड़ रहा है।
दैनिक रेल यात्री महासंघ कई साल मांग उठा रहे है कि महेंद्रगढ़ में हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के साथ-साथ यहां के बड़े-बड़े शिक्षण संस्थानों में हरियाणा ही नहीं पूरे देशभर के छात्र-छात्राएं पढ़ने आ रहे हैं।
उनकी सुविधा को देखते हुए यहां पर इन गाड़ियों का ठहराव अति आवश्यक है। इसके अलावा महेंद्रगढ़ के हजारों वीर जवान देश की सीमा पर लगे हुए हैं जिन्हें समय-समय पर अपने घर आने व ड्यूटी पर जाने के लिए परेशानी उठानी पड़ती है। पाटोदा ने बताया कि सुबह 7 बजे महेंद्रगढ़ से दिल्ली के एक नई इएमयू चलाने व सायं के समय रेवाड़ी से महेंद्रगढ़ के लिए इएमयू रेलगाड़ी चलाने की मांग की।

## महिला की हत्या की वारदात का पर्दाफाश, आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/ (कमाल ? हुसैन )**

गंगाराम कॉलोनी में किराए पर रह रही यूपी के फिरोजाबाद जिले के केलई गांव निवासी महिला ऊषा 40 की हत्या की वारदात का पदार्फास कर सीआईए वन पुलिस टीम ने आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान यूपी के बदायू जिले के अमरदई गांव निवासी महेंद्र पाल के रूप में हुई है।
सीआईए वन प्रभारी सब इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि 27 जून को सुबह गंगाराम कॉलोनी में किराए के कमरे में यूपी निवासी महिला ऊषा का शव मिला था। मकान मालिक काबडी गांव निवासी सलिंद्र पुत्र जगपाल ने थाना पुराना औद्योगिक में शिकायत देकर हत्या का अभियोग दर्ज कराया था। सालिंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उसने गंगाराम कॉलोनी पीपल वाली गली में मकान बनाकर कमरे किराए पर दिए हुए हैं।
कमरा नंबर 25 में करीब डेढ़ माह से उषा देवी किराए पर रह रही थी। उसके साथ यूपी के शहजानपुर के रामपुरा का महेंद्र पाल नाम का युवक भी रहता था। दोनों की आपस में अक्सर कहासुनी होती रहती थी। 27 जून को सुबह वह मकान पर आया तो बाहर एक साड़ी बंधी हुई थी। कमरा नंबर 25 में गया तो उषा का शव पड़ा था। पास में खून बिखरा था।

## महाभारत कालीन तीर्थों की होगी कायाकल्प, सुदर्शन चक्र चौक बनेगा भव्य

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़।** नायब सरकार ने 48 कोस के महाभारत कालीन तीर्थों के जीर्णोद्धार का रोडमैप तैयार किया है। तीर्थों का न केवल कायाकल्प होगा, बल्कि पर्यटन की दृष्टि से भी इन्हे भव्य बनाया जाएगा। ज्योतिसर स्थित गीता की उद्गम स्थली और कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय थर्ड गेट स्थित सुदर्शन चक्र चौक का जीर्णोद्धार किया जाएगा। खुद मुख्यमंत्री नायब सैनी ने धर्मनगरी कुरुक्षेत्र के विकास को लेकर प्रतिबद्धता जाहिर की है।
अभी हाल ही में राज्यपाल एवं कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के अध्यक्ष बंडारू दत्तात्रेय की अध्यक्षता एवं मुख्यमंत्री नायब सैनी की अगुवाई में आयोजित हुई केडीबी की 82वीं वार्षिक बैठक में तीर्थों के जीर्णोद्धार और रखरखाव का मसौदा तैयार किया गया। मुख्यमंत्री नायब सैनी बैठक के दौरान सुझाव देते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय थर्ड गेट के नजदीक स्थित सुदर्शन चक्र चौक को भव्य बनाए जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए महाभारत कालीन धर्मनगरी कुरुक्षेत्र में उन स्थानों को चिहिन्त किया जाए, जो उपेक्षित हैं, ताकि उनका रखरखाव किया जा सके।



**दो शहरों को जाने वाले मार्ग पर बीचों-बीच स्थित है सुदर्शन चक्र चौक**

दरअसल, सुदर्शन चक्र चौक कुरुक्षेत्र से पिहोवा और कैथल जाने वाले मार्ग पर स्थित है, जोकि धर्म और न्याय का संदेश देता है। मगर सुदर्शन चक्र चौक उपेक्षा का दंश झेल रहा है। मुख्यमंत्री नायब सैनी द्वारा निर्देश दिए गए हैं कि सुदर्शन चक्र चौक का स्वरूप बढ़ाया जाए, यहां पर रंगबिरंगी लाइटों के साथ भगवान श्रीकृष्ण की प्रतिमा भी स्थापित करने की परियोजना तैयार की जाए। कैथल और पिहोवा की ओर से प्रवेश करने वाले दोनों मार्गों से सुदर्शन चक्र चौक की भव्यता नजर आनी चाहिए, ताकि शहर में प्रवेश करते वाले लोगों में धार्मिकता का नया भाव जागृत हो। कुरुक्षेत्र भ्रमण पर आने वाले श्रद्धालु व पर्यटक भगवान श्रीकृष्ण के सुदर्शन चक्र की महत्ता को जान सकें और साक्षात भगवान श्रीकृष्ण के सुदर्शन चक्र के साथ सहजता के साथ दर्शन कर सकें। गीता स्थली पर बनेगा भव्य द्वार ज्योतिसर स्थित गीता स्थली में भव्य प्रवेश द्वार तैयार किया जाएगा। मुख्य सड़क पर हरियाली बढ़ाने के साथ रंगी-बिरंगी लाइटों से सुंदरीकरण किया जाएगा।

## सिरसा पुलिस की अफीम तस्कर पर बड़ी कार्रवाई

**टीम एक्शन इंडिया**
**सिरसा (रणबीर खटक)**

**पुलिस** ने नशा तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। सीआईए सिरसा पुलिस टीम ने एक नशा तस्कर जगदीश उर्फ जग्गू पुत्र महेंद्र सिंह निवासी आदर्श नगर सेक्टर 20 हुड्डा सिरसा को लगभग 2.5 लाख रुपये की 1 किलो 71 ग्राम अफीम के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम ने गश्त और चेकिंग के दौरान टी प्वाइंट सेक्टर 20 हुड्डा वेदवाला रोड पर मौजूद थी, जब उन्होंने एक मोटरसाइकिल सवार युवक को देखा जो पुलिस पार्टी को देखकर घबरा गया और भागने का प्रयास करने लगा। शक के आधार पर



पुलिस ने उसे काबू कर तलाशी ली और अफीम बरामद की। पुलिस की प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने अफीम राजस्थान के सीकर जिला का व्यक्ति देकर गया था और इसे सिरसा व आसपास के क्षेत्रों में सप्लाई करने की फिराक में था। सीआईए सिरसा पुलिस टीम के प्रभारी सब इंस्पेक्टर प्रेम कुमार ने बताया कि गिरफ्तार किए गए युवक के खिलाफ थाना सिविल लाइन सिरसा में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत अभियोग दर्ज कर जांच शुरू की गई है। पुलिस आरोपी को अदालत में पेश कर रिमांड पर लेगी और अफीम तस्करी के नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों के बारे में जानकारी जुटाएगी। पुलिस प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लें और अपने आसपास नशा बेचने वालों की सूचना निसंकोच होकर पुलिस को दें।

## पानीपत: महिला की हत्या के आरोप में लिव इन पार्टनर काबू

**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपत, 29 जून (हि.स.)।** पानीपत की गंगाराम कॉलोनी में किराए पर रह रही यूपी के फिरोजाबाद निवासी 40 वर्षीय महिला ऊषा की हत्या की वारदात का पदार्फाश कर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान यूपी के बदायू जिले के अमरदई गांव निवासी महेंद्र पाल के रूप में हुई है। सीआईए वन प्रभारी सब इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि 27 जून को सुबह गंगाराम कॉलोनी में किराए के कमरे में यूपी निवासी महिला ऊषा का शव मिला था।

## जिला अध्यक्ष सहित पदाधिकारियों ने सुना मन की बात कार्यक्रम

**टीम एक्शन इंडिया**
**पंचकूला/मैनपाल**

भाजपा जिला अध्यक्ष अजय मित्तल, प्रदेश उपाध्यक्ष बंतो कटारिया, मंडल अध्यक्ष प्रमोद वत्स, भाजपा नेता टोनी गुप्ता, पार्षद सुरेश वर्मा, पूर्व उपाध्यक्ष उमेश सूद, डॉ राजेश गोयल सहित तमाम जिला पदाधिकारी एवं बूथ कार्यकर्ताओं ने रविवार को प्रसारित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात का 123वां एपिसोड एमडीसी 5 के बूथ संख्या 32 के बूथ अध्यक्ष एमएस नारंग के आवास पर सुना। मन की बात कार्यक्रम के उपरांत जिला अध्यक्ष अजय मित्तल ने कहा, मन की बात के हर नए एपिसोड में हमें कुछ नया



जानने और समझने को मिलता है। अजय मित्तल ने कहा, विश्व स्वास्थ संगठन द्वारा भारत को बैक्टीरिया से फैलने वाली ट्रैकोमा नामक आँखों की बीमारी से मुक्त घोषित करना हर भारतीय के लिए सुखद खबर है। इस उपलब्धि के लिए लाखो स्वास्थ्यकर्मी बधाई के पात्र है साथ ही स्वच्छ भारत और जल जीवन अभियान का भी बहुत बड़ा योगदान है। अजय मित्तल ने कहा, अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन की एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार भारत की 64 प्रतिशत से अधिक आबादी सामाजिक सुरक्षा योजनाओ का लाभ ले रही है। आज हिन्दुस्तान की लगभग 95 करोड़ जनता सामाजिक सुरक्षा के साथ साथ अन्य योजनाओ का लाभ ले रही है जो सामाजिक न्याय के दृष्टिकोण से एक बेहतरीन उपलब्धि है। अजय मित्तल ने बताया, प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात कार्यक्रम को जिले के सभी 455 बूथों पर पूरे उत्साह के साथ सुना गया।

## संत कबीर केवल एक संत नहीं बल्कि एक जागरूक विचारधारा है: विधायक

**प्रकटोत्सव**

▶▶ मुख्य अतिथि सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह पुत्र मोहित चौधरी रहे। अध्यक्षता विधायक कंवर सिंह यादव रहे

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़।** समस्त धानक समाज जिला महेंद्रगढ़ के सौजन्य से संत शिरोमणी कबीर साहब का 628वां प्रकटोत्सव दिवस यादव धर्मशाला महेंद्रगढ़ में मनाया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह पुत्र मोहित चौधरी रहे।कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक कंवर सिंह



यादव रहे।विशिष्ट अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष यतेंद्र राव, जिला प्रमुख डॉ राकेश कुमार,पूर्व चैयरमैन सुरेंद्र बंटी, ललित तंवर,वचनाई नाथ पार्षद, देवेंद्र पार्षद,रणधीर सिंह आदलपुर, पाली मंडल अध्यक्ष दीपिका रहे। समस्त धानक समाज ने सभी अतिथियों का फूल मालाओं से स्वागत किया।विधायक कंवर सिंह यादव ने कहा कि संत कबीर केवल एक संत नहीं, बल्कि एक जागरूक विचारधारा है। उन्होंने समाज को छुआछूत, जात-पात और भेदभाव से ऊपर उठकर समता और मानवता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी।संत शिरोमणी कबीर के जीवन से हमे प्रेरणा लेनी चाहिए।संत कबीर की वाणी आज भी सामाजिक एकता और समरसता का संदेश देती है।मोहित चौधरी ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी को संत कबीर की शिक्षाओं से जुड़ना चाहिए,क्योंकि उनके विचार समानता, भाईचारे और आत्मबोध की वह रोशनी है जो समतामूलक समाज के निर्माण में मार्गदर्शक बन सकती है।धानक समाज ने विधायक कंवर सिंह यादव और मोहित चौधरी को एक माँग पत्र सोंपा। समाज के आठवीं, दसवीं, बारहवीं, स्नातक व स्नातकोत्तर एवं अन्य मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।इस अवसर पर अमर सिंह,मोहन लाल,महेंद्र सिंह,मेजर जगदीश, महेंद्र खन्ना, ओमप्रकाश छापडा, राजेश मास्टर, प्रीतम, राकेश,दारा,अविनाश आदि मौजूद रहे।

## दिव्य योग मंदिर में चिकित्सा शिविर का आयोजन, 45 से अधिक की हुई जांच

**टीम एक्शन इंडिया**
**सिरसा, (रणबीर खटक)**

आयुष विभाग व दिव्य योग संस्थान मंदिर समिति के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय निःशुल्क आयुर्वेदिक चिकित्सा एवं नाड़ी परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में डॉ दीपिका शर्मा, डॉ गौरव ने 45 से अधिक नागरिकों की नाड़ी जांच कर विभिन्न रोगों के लिए परामर्श व आयुर्वेदिक औषधियाँ प्रदान की।इस शिविर में चिकित्सकों ने पेट विकार, त्वचा संबंधी समस्याएं, जोड़ों का दर्द, मधुमेह, रक्तचाप एवं अन्य पुरानी बीमारियों से पीड़ितों की जांच की। साथ ही



योग, ध्यान और खानपान से जुड़ी उपयोगी जानकारियां भी दी गईं, जिससे शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य में सुधार लाया जा सके। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि दिव्य योग संस्थान जनहित में आयुर्वेदिक चिकित्सा की जागरूकता फैलाने के लिए आगे भी इस प्रकार के शिविर आयोजित करता रहेगा। इस अवसर पर लोगों को स्वास्थ्य से जुड़ी उपयोगी सलाहें भी दी गईं, जिससे वे बिना किसी दुष्प्रभाव के बेहतर जीवन जी सकें।
इस अवसर पर समिति से दीनानाथ, ज्ञानचंद, सुभाष मेहता, अशोक मेहता, चंद्र ग्रोवर, सुरेश गर्ग सहित आमजन मौजूद रहे।

## न्यूज फ्लैश

### सिविल लाइन थाने में तैनात महिला पुलिसकर्मी को 60 हजार की रिश्वत सहित किया काबू

**सोनीपत: शहर** के सिविल लाइन थाने में तैनात महिला एसआई को रोहतक एसीबी टीम ने 60 हजार रुपये की रिश्वत सहित रंगे हाथों गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोप है कि एसआई ने शिकायतकर्ता पर दर्ज दुष्कर्म मामले को निरस्त करने की एवेज में एक लाख रुपये की डिमांड की थी। पुलिसकर्मी 40 हजार रुपये की रिश्वत पहले ले चुकी थी। एसीबी टीम ने बाकि 60 हजार रुपये की रिश्वत के साथ रंगे हाथों काबू किया है। आरोपित के खिलाफ कार्यवाही अमल में लाई जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार गांव माहरा निवासी अंकित ने बताया कि उस पर गत 1 जून को रोहतक में दुष्कर्म की जीरो एफआईआर दर्ज हुई थी। सोनीपत के सिविल लाइन क्षेत्र का मामला होने के चलते एफआईआर को सोनीपत ट्रांसफर किया गया था। जिसमें सिविल लाइन थाना की अनुसंधान टीम में नियुक्त मंजू को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया था। जांच में मामला संदिग्ध निकला। जिसके बाद मंजू ने एफआईआर रद्द करने की एवज में एक लाख रुपये की मांग की। सौदा तय होने पर अंकित ने 40 हजार रुपये उसे दे भी दिए। इसके बाद वह 60 हजार रुपये और मांग रही थी। जिस पर अंकित ने रोहतक की एंटी करप्शन ब्यूरो को मामले की शिकायत की। जिसके बाद इंस्पेक्टर सचिव के नेतृत्व में टीम ने जाल बिछाया। शिकायतकर्ता को रिश्वत के बाकि के 60 हजार रुपये देकर सिविल लाइन थाने भेजा। वहां पर आसपास टीम मौजूद रही। एसआई मंजू ने जैसे ही रुपये लिए टीम ने उसे रुपयों के साथ रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया।

**जमीनी विवाद के चलते लगा था अंकित पर आरोप:** जानाकरी मिली है कि जुआं निवासी नरेश ने रोहतक में शिकायत देकर जीरो एफआईआर करवाई थी। इसके बाद केस ट्रांसफर होकर सोनीपत सिविल लाइन थाना में पहुंचा। सिविल लाइन थाना पुलिस ने अंकित निवासी माहरा के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। मामले में एसआई मंजू को जांच अधिकारी बनाया गया था। मामला झूठा मिलने पर उसे कैंसिल करने की प्रक्रिया चल रही थी। मामला कैंसिल होने से पहले ही सब इंस्पेक्टर मंजू अंकित पर दबाव बनाया और उसे कहा कि इस मुकदमे से तेरा नाम निकल जाएगा और एफआईआर कैंसिल हो जाएगी। जबकि मामला जमीनी विवाद का था।

### नागरिक अस्पताल में पहुंची रेबीज की 100 वायल, हल्की सी राहत

**सोनीपत**: जिला नागरिक अस्पताल में पांच दिन बाद रेबीज की वायल पहुंची। प्रबंधन की तरफ से इंजेक्शन रूम में 100 वायल मुहैया करवाई गई है। वहीं 10 वायल आपातकालीन कक्ष में उपलब्ध करवाई गई है। ताकि छुट्टी वाले दिन मरीजों को निजी अस्पताल व मेडिकल स्टोर सहित राजधानी दिल्ली व खानपुर न भागना पड़े। प्रबंधन की तरफ से जल्द सुचारू रूप से वायल स्टॉक में रखने का आश्वासन दिया गया है। बता दें कि नागरिक सोनीपत में चूहा, बिल्ली, कुत्ते, बंदर व अन्य जानवर के काटने जाने पर नागरिक अस्पताल में 100 रुपये प्रति डोज का खर्च लिया जाता है। अस्पताल में हर रोज करीब 60 से ज्यादा नए व करीब 50 के करीब पूराने मरीज अस्पताल में रेबीज की डोल लगवाने के लिए पहुंचते है। अस्पताल में दिन भर में जानवरों के काटने जाने पर आसपास के गांवों के रहने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। अस्पताल में गत पांच दिनों से रेबीज का इंजेक्शन खत्म था। मरीजों को एंटी रैबीज इंजेक्शन नहीं मिलने से अन्य अस्पतालों का रुख करना पड़ रहा था। जिससे आर्थिक बोझ मरीजों पर बढ़ रहा था। अस्पताल प्रशासन ने दो दिन में इंजेक्शन की आपूर्ति का दावा किया था, उसके बाद पांच दिन बाद प्रबंधन की तरफ से अस्पताल में 100 वायल मंगवाई गई है। जिनमें से 50 वायल इंजेक्शन रूम व 10 वायल आपातकालीन कक्ष में उपलब्ध करवाई गई है।

# विधायक मदान ने कार्यकर्ताओं के साथ सुनी मन की बात

### विधायक निखिल मदान ने बूथ नंबर 191 पर पहुंचकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आकाशवाणी कार्यक्रम मन की बात में की शिरकत

**चर्चा**

आने वाले 191 बूथ नंबर के कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा की नीतियों को आगे बढ़ाने को लेकर भी चर्चा की



**सोनीपत (संजीव कौशिक):** रविवार को विधायक निखिल मदान ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आकाशवाणी के माध्यम से देशवासियों के साथ किये जाने वाले संवाद मन की बात कार्यक्रम को सुना। इस अवसर पर विधायक निखिल मदान के साथ सेक्टर 23 के बूथ नंबर 191 के भाजपा कार्यकर्त्ता भी मौजूद रहे। विधायक निखिल मदान ने सभी कार्यकताओं के साथ बैठ कर मन की बात कार्यक्रम को सुना। इस दौरान उन्होंने भगवान विश्वकर्मा मंडल के अंतर्गत आने वाले 191 बूथ नंबर के कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा की नीतियों को आगे बढ़ाने को लेकर भी चर्चा की। विधायक निखिल मदान ने बताया कि नए बस स्टैंड का निर्माण और सामान्य अस्पताल में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण सोनीपत की सम्मानित और देवतुल्य जनता के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। इसीलिए उन्होंने दोनों कार्य के लिए विधानसभा में मजबूत तरीके से पैरवी की थी। आज वो हरियाणा सरकार और प्रदेश के लोकप्रिय मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का इन कार्यों को स्वीकृति देने के लिए आभार एवं धन्यवाद प्रकट करते हैं।जल्द ही दोनों कार्य को धरातल पर शुरू किया जाएगा। मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस पार्टी द्वारा 25 जून 1975 में लगाए गए आपातकाल की भी चर्चा की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि कांग्रेस द्वारा लोकतंत्र और संविधान की हत्या करके 25 जून 1975 को देश में आपातकाल लागू किया गया था जिसमें देश के सभी नागरिकों के लोकतांत्रिक हकों का हनन किया गया था। इस शर्मनाक कार्य के लिए कांग्रेस पार्टी को देश के लोगों से माफी मांगनी चाहिए।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने सम्बोधन में कहा कि 1 जुलाई को हम समाज के दो बेहद महत्वपूर्ण अंग चिकित्सकों और चार्टेड अकाउंटेंट का सम्मान करते हैं, जो रोजमर्रा के जीवन में हम सबके लिए समर्पित होकर काम करते हैं। ये दोनों ही समाज के ऐसे स्तम्भ हैं, जो हमारी जिंदगी को बेहतर बनाते हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि 3 जुलाई से अमरनाथ यात्रा शुरू हो रही है उसकी सभी देशवासियों को शुभकामनाएं देता हूं। अभी हमने कुछ दिन पहले ही भगवान जगन्नाथ की भव्य रथ यात्रा को भी देखा है, महाप्रभु जगन्नाथ जी सभी देशवासियों की मनोकामना पूरी करें ऐसी कामना करता हूँ।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष केंद्र के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने अपनी उपलब्धि से समस्त देशवासियों को गौरवान्वित किया है।उनकी अगुवाई में भारत ने एक नया इतिहास रचा है। इस मौके पर शशिकांत भारद्वाज,किरण बाला,अमित कौशिक , गौरव कौशिक , अमन योगी , सौरभ चाँदना, गौतम शर्मा, विक्की , तरुण नारंग, शुभम गुप्ता , रिंकू कुमार , हर्षुल कौशल , संदीप, हरीश, रमेश, नीरज, कुलदीप वत्स आदि लोग मौजूद रहे।

## मन की बात ने देश को सकारात्मक दिशा देने का काम किया: जिन्दल



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** सांसद नवीन जिन्दल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम से देशवासियों का आत्म बल मजबूत हुआ है। शायद पूरी दुनिया में कोई ऐसा नेता होगा, जो अपने प्रत्येक देशवासी से इस प्रकार सीधा संवाद करता हो। आज सांसद नवीन जिन्दल, कुरूक्षेत्र की न्यू कॉलोनी के बूथ नंबर 78 पर कार्यकताओं के साथ मन की बात के 123वें संस्करण को सुन रहे थे। सांसद नवीन जिन्दल ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम जनभावनाओं का प्रतिबिंब बन चुका है। प्रधानमंत्री मोदी देश के कोने-कोने की प्रेरणादायक संघर्ष की गाथाओं को सामने लाकर अपने देशवासियों को आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के प्रति प्रेरित करते रहते हैं। उन्होंने कहा कि आज के एपिसोड में प्रधानमंत्री ने डॉक्टर, चार्टर्ड अकाउंटेंट, पर्यावरण संरक्षण, युवा, नवाचार, ग्रामीण विकास जैसे महत्वपूर्ण विषयों को उठाया, जिससे देश को नई दिशा और ऊर्जा मिलती है।


**संवाद**

'मन की बात' से प्रत्येक देशवासी का आत्म बल हुआ है मजबूत: नवीन जिन्दल

## 70 वर्षीय बुजुर्ग पिछले 7 दिनों से लापता

**टीम एक्शन इंडिया**
**खरखौदा/सोमपाल सैनी**

**खरखौदा:** सिसाना गांव से एक बुजुर्ग संदिग्ध हालत में बीते सात दिनों से लापता है। लापता 70 वर्षीय बुजुर्ग साहब सिंह के बेटे विक्की ने अपने ताऊ के परिवार पर ही उसके पिता की गुम होने के पीछे हाथ होने की आशंका जताई है। विक्की के मुताबिक उसके पिता 20 जून को घर से खेत में जाने की बात कहकर निकले थे, लेकिन वापस नहीं लौटे। उसका कहना है कि उनका उसके ताऊ के परिवार के साथ विवाद चला आ रहा है। वह कभी भी कहीं भी उनकी शिकायत दे देते हैं, हाल समय में भी मामला न्यायालय में विचाराधीन है। अब उसके पिता कई दिन से लापता है, ऐसे में उन्हें यह डर है कि कहीं उसके ताऊ के परिवार या फिर उनके परिचितों ने ही उसके पिता को कहीं छिपा न लिया हो। शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।




## मन की बात कार्यक्रम से लोगों को मिलती है नई ऊर्जा और प्रेरण: धनपत



**टीम एक्शन इंडिया**
**रादौर, 29 जून (कुलदीप सैनी)**

जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति सदस्य तथा भाजपा नेता धनपत सैनी ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात का 123 वां एपिसोड अपने कार्यालय में कार्यकताओं संग सुना। कार्यक्रम के दौरान बूथ नंबर 180 व 181 के कार्यकर्ता विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस मौके पर धनपत सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हर महीने के अंतिम रविवार को मन की बात के माध्यम से देशवासियों से संवाद करते हैं और सामाजिक, सांस्कृतिक, शैक्षिक तथा स्वास्थ्य से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विचार साझा करते हैं। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम न केवल जन जागरूकता का माध्यम है, बल्कि यह लोगों को नई ऊर्जा और प्रेरणा भी प्रदान करता है। उन्होंने बताया कि आज के एपिसोड में प्रधानमंत्री मोदी ने विशेष रूप से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का उल्लेख करते हुए योग के महत्व पर प्रकाश डाला और देशवासियों को स्वस्थ रहने के लिए योग अपनाने की अपील की। इस अवसर पर कश्मीरी लाल सैनी, पार्षद रविंद्र सैनी, हिमांशु सैनी, सचिन, जसबीर, श्रवण जौहर, मास्टर कृष्ण कुमार, पवन सैनी, कृष्ण धीमान, प्रिंस, प्रवीन सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**जनजागरूकता**

योग के महत्व पर प्रकाश डाला और देशवासियों को स्वस्थ रहने के लिए योग अपनाने की अपील की

## बिजली पेंशनर्स वेल्फेयर एसो. कुरुक्षेत्र की मासिक मीटिंग सम्पन्न

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**कुरुक्षेत्र :** हरियाणा बिजली पेंशनर्स वेल्फेयर एसोसिएशन यूनिट जिला कुरुक्षेत्र का मासिक मीटिंग सम्पन्न। सेवानिवृत बिजली कर्मचारियों की मीटिंग सुबह 10:00बजे पंजाबी धर्मशाला मे हुई। मीटिंग की अध्यक्षता जिला सीनियर वाइस प्रधान के सी वर्मा रिटायर्ड सुपरीटेंडेंट ने की। मंच का संचालन जिला सचिव रामेश्वर ने किया। मीटिंग में अपनी पुरानी मांगों को दोहराया और रोष प्रकट किया। जिला सीनियर वाइस प्रधान के सी वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि हरियाणा सरकार पेंशनर्स की मुख्य उचित मांगों की अनदेखी कर रही है। समय रहते सरकार सभी मांगों को लागू करें मुख्य मांगे इस प्रकार हैं रु मेडिकल कैशलेस की सुविधा प्रदान करना, 65 , 70 , 75 वर्ष की उम्र में क्रमशः 5 , 10 ,15 प्रतिशत पेंशन मे बढ़ोतरी , फैमिली पेंशनर्स को एल टी सी की सुविधा प्रदान की जाए , मेडिकल भत्ता को एक हजार से 3000 प्रति माह किया जाए , 300 सौ यूनिट बिजली फ़्री किया जाये , हरियाणा सरकार आठवां वेतन आयोग गठित करे। के सी वर्मा जी ने अपने संबोधन में सभी प्रकार के सर्कुलर व कोर्ट केस की जानकारी दी।

सभी को भाईचारा व एकता बनाए रखने की अपील की। स्वर्गीय अनूप सिंह रिटायर जे.ई. के निधन पर 2 मिनट का मौन रखा गया।

**मांग**

मंच का संचालन जिला सचिव रामेश्वर ने किया। मीटिंग में अपनी पुरानी मांगों को दोहराया और रोष प्रकट किया

## आकाशीय बिजली गिरने से पोल्ट्री फार्म की इमारत गिरी, हजारों चूजों की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**रादौर, 29 जून (कुलदीप सैनी):**



रविवार सुबह गांव नाहरपुर में आकाशीय बिजली गिरने से एक पोल्ट्री फार्म की दो मंजिला इमारत पूरी तरह से ढह गई, जिससे इमारत के अंदर मौजूद हजारों चूजे (मुर्गी के बच्चे) मलबे में दबकर मर गए। इस हादसे में पोल्ट्री फार्म मालिक को लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सुबह के समय तेज गर्जना के साथ बिजली सीधी इमारत पर गिरी, जिसकी चपेट में आते ही पूरी इमारत भरभराकर गिर गई। आसपास के लोगों ने बताया कि हादसे के समय इलाके में हल्की बारिश हो रही थी। हादसे की जानकारी मिलते ही संबंधित थाना पुलिस और पशुपालन विभाग की डॉक्टरों की टीम मौके पर पहुंची। राहत एवं बचाव कार्य में तेजी लाते हुए जेसीबी की सहायता से मलबा हटाने का कार्य शुरू किया गया। हालांकि, फार्म मालिक और स्थानीय लोगों के प्रयासों के बावजूद चूजों को नहीं बचाया जा सका। पोल्ट्री फार्म के मालिक राजपाल ने बताया कि वह वर्षों से इस क्षेत्र में पोल्ट्री फार्म चला रहे थे और उनके फार्म से अंडों की नियमित सप्लाई मिलिट्री एरिया में होती थी।

## नाबालिग को अगवा करने की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत:** मोहाना थाना सोनीपत पुलिस ने नाबालिग लड़की को अगवा करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित सन्नी निवासी जटवाड़ा का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस ने वारदात में शामिल एक आरोपित को पहले गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। एक व्यक्ति ने गत आठ जून को पुलिस से शिकायत देकर बताया था कि उसकी बेटी संदिग्ध हालत में लापता हो गई। अपने स्तर पर बेटी की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया।

## भीम टीम बनी अंडर इलेवन प्रतियोगिता की चैंपियन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** कुरुक्षेत्र के नरकातारी रोड़ स्थित कुरुक्षेत्र क्रिकेट एकेडमी के खेल मैदान में समर कैंप अंडर इलेवन क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मैच में भीम टीम ने अर्जुन टीम को हराकर प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम किया। फाइनल में पहले बल्लेबाजी करने उतरी भीम टीम 133 रन बनाकर ऑलआउट हो गई जिसमें देवानंद ने 41 व दीक्षांत ने 33 रनों की अहम पारी खेली। वहीं बल्लेबाजी करने उतरी अर्जुन टीम 19वें ओवर में मात्र 47 रन पर ढेर हो गई। मैच में देवांश सांगवान ने शानदार गेंदबाजी करते हुए मात्र 9 रन देकर 8 विकेट झटके तथा मैन ऑफ द मैच का खिताब भी जीता। प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण समारोह में पहुंचे बतौर मुख्यातिथि पहुंचे वरिष्ठ क्रिकेट खिलाड़ी रशपाल सिंह ने कहा कि खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के पीछे एकेडमी के कोच तरूण शर्मा का अहम योगदान है। उन्होंने सभी युवा खिलाड़ियों से अपने गुरू का सम्मान करने तथा खेल को खेल की भावना से खेलने का आह्वान किया। वहीं एकेडमी के कोच तरूण शर्मा ने कहा कि एक टीम का बल्लेबाजी, गेंदबाजी सहित क्षेत्र रक्षण में उत्कृष्ट प्रदर्शन ही उसे विजयी बनाता है। उन्होंने सभी खिलाड़ियों से अपनी फिटनेस लेवल को उच्च स्तर पर ले जाने की बात कही ताकि वे भविष्य में आगे चलकर अपने प्रदेश एवं देश का नाम इस खेल क्षेत्र में रोशन कर सकें। प्रतियोगिता में शानदार गेंदबाजी के लिए द्वितीय सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार के लिए नौ खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया जिसमें यश, अश्विन, तेजस मेहता, लविश, पेविन, रूद्रा, रियांश, सक्षम रंगा तथा देवांश सांगवान शामिल रहे।




**समर कैंप अंडर**

भीम टीम 133 रन बनाकर ऑलआउट हो गई जिसमें देवानंद ने 41 व दीक्षांत ने 33 रनों की अहम पारी खेली

## हरियाणा अनुसूचित जाति राजकीय अध्यापक संघ करेगा आंदोलन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**




**कुरुक्षेत्र :** हरियाणा अनुसूचित जाति राजकीय अध्यापक संघ राज्य प्रधान डॉ दिनेश निम्बड़िया ने ईएसएचएम रिवर्सन मामले में शिक्षा विभाग की अनदेखी और टालमटोल रवैये पर कड़ा ऐतराज जताते हुए प्रशासन को अंतिम चेतावनी दी है। उन्हेंने स्पष्ट किया कि यदि जल्द ही असंवैधानिक ईएसएचएम रिवर्सन आदेश रद्द कर प्रभावित शिक्षकों की पूर्ववत पदस्थापना नहीं की, तो विभाग के खिलाफ प्रदेशव्यापी आंदोलन शुरू किया जाएगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी मौलिक शिक्षा विभाग की होगी।राज्य महासचिव विनोद मोहड़ी ने बताया कि यह निर्णय संघ के राज्य स्तरीय पदाधिकारियों, जिला प्रधानों व सचिवों के साथ हुई वर्चुअल मीटिंग में लिया गया। उन्होंने बताया कि संघ के अब तक इस मामले में कई स्तरों पर गंभीर प्रयास किए, जिनमें प्रमुख रूप से शामिल हैं । दिनांक 03 जून 2025 को माननीय अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री श्री कृष्ण बेदी से मुलाकात। मंत्री महोदय ने तत्कालीन अतिरिक्त मुख्य सचिव शिक्षा से फोन पर वार्ता की, पर निदेशक मौलिक शिक्षा के अवकाश पर होने से समाधान नहीं हो सका। 09 जून 2025 को संघ प्रतिनिधिमंडल की अतिरिक्त मुख्य सचिव व निदेशक मौलिक शिक्षा से भेंट, जहां अन्याय नहीं होने का आश्वासन दिया गया। 17 जून 2025 को माननीय शिक्षा मंत्री से मुलाकात, जिन्होंने शिक्षकों के हित सुरक्षित रखने का आश्वासन दिया। 24 जून 2025 को माननीय मुख्यमंत्री हरियाणा से सीधी वार्ता में भी उन्होंने अन्याय न होने का भरोसा दिलाया, साथ ही मुख्यमंत्री कार्यालय ने शिकायत को विधिवत स्वीकार किया। राज्य संयोजक दलबीर राठी ने बताया कि 26 जून 2025 को निदेशक मौलिक शिक्षा ने मौखिक रूप से आदेश वापसी के निर्देश दिए, लेकिन आज तक भी कोई आधिकारिक आदेश जारी नहीं हुआ। राज्य कोषाध्यक्ष राजेश पेटवाड़ का आरोप है कि मौलिक शिक्षा के विभागीय स्टाफ में अनुसूचित जाति वर्ग के प्रति हीन भावना एवं भेदभावपूर्ण मानसिकता स्पष्ट नजर आ रही है, जिसके चलते बार-बार राजनीतिक व प्रशासनिक हस्तक्षेप के बावजूद आदेश लागू नहीं किए जा रहे। राज्य प्रधान ने दोहराया कि यह मामला केवल प्रशासनिक निर्णय नहीं, बल्कि संवैधानिक अधिकारों, सामाजिक न्याय और न्यायपालिका की गरिमा से जुड़ा विषय है।

**हल्लाबोल**

डॉ दिनेश निम्बड़िया ने ईएसएचएम रिवर्सन मामले में शिक्षा विभाग की अनदेखी और टालमटोल रवैये पर कड़ा ऐतराज जताया

## सुनहेडी खालसा गांव में प्रशासन द्वारा आज किया जाएगा रात्रि ठहराव: नेहा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार प्रशासन द्वारा जिले में रात्रि ठहराव कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस रात्रि ठहराव में प्रशासन के अधिकारियों द्वारा आम नागरिकों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा। उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि उन्होंने कहा कि यह रात्रि ठहराव 30 जून को सायं 4 बजे से थानेसर खंड के गांव सुनेहडी खालसा के कम्युनिटी सेंटर में किया जाएगा। अहम पहलू यह है कि इस रात्रि ठहराव में 46 से ज्यादा विभागों द्वारा लोगों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा। उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि इस रात्रि ठहराव वाले दिन सुबह से ही ड्राइविंग लाइसेंस व आधार कार्ड पंजीकरण का कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस रात्रि ठहराव में सभी विभाग अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेंगे ताकि अधिक से अधिक लोगों की समस्याओं का समाधान किया जा सके।



**रात्रि ठहराव**

लोगों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करना ही प्रशासन का लक्ष्य, 46 से ज्यादा विभागों द्वारा सुनी जाएगी लोगों की समस्याएं

# कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के मन की बात राष्ट्र के नाम संबोधन को विधायक के आवास पर सुना

## प्रधानमंत्री मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम में चर्चा कर महत्वपूर्ण मुद्दों पर बात की : योगेश

**टीम एक्शन इंडिया**
**राई** । राई हलका विधायक कृष्णा गहलावत के कार्यालय में रविवार को कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के मन की बात राष्ट्र के नाम संबोधन को सुना। प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम के बारे में बताते हुए विधायक कृष्णा गहलावत के मीडिया प्रभारी योगेश पाराशर ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'मन की बात' में देशवासियों से बात की। इस दौरान पीएम ने विभिन्न विषयों पर चर्चा की और लोगों को प्रेरित करने वाले प्रसंगों का उल्लेख किया। मन की बात में प्रधानमंत्री ने योग और स्वास्थ्य



को लेकर प्रधानमंत्री मोदी ने 21 जून को मनाए गए अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की भव्यता पर बात की और बताया कि योग के जरिए हम न केवल शरीर और मन को संतुलित करते हैं, बल्कि धरती और स्वास्थ्य के प्रति वैश्विक जिम्मेदारी भी निभाते हैं। योगेश पाराशर ने बताया कि प्रधानमंत्री ने देश की तीर्थयात्राओं पर बात करते हुए कहा कि जब कोई श्रद्धालु यात्रा पर निकलता है, तो सेवा भाव अपने आप जुड़ जाता है। भंडारे, लंगर, प्याऊ, मेडिकल कैंप और ठहरने की व्यवस्था आम जन द्वारा की जाती है, जो भारत की परंपरा का एक अद्भुत पक्ष है। मीडिया प्रभारी योगेश ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने जानकारी दी है कि लंबे समय के बाद कैलाश मानसरोवर यात्रा एक बार फिर शुरू हो गई है। यह यात्रा भक्तों के लिए अत्यंत पवित्र मानी जाती है और आत्मिक अनुभव का मार्ग है। मन की बात में प्रधानमंत्री ने बताया कि भारत ने आंखों की एक गंभीर बीमारी 'ट्रेकोमा' पर सफलतापूर्वक नियंत्रण पा लिया है। यह बीमारी पहले देश के कई हिस्सों में आम थी और समय रहते इलाज न होने पर आंखों की रोशनी तक छीन लेती थी। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भारत की इस सफलता की सराहना की है। प्रधानमंत्री मोदी ने लोगों से पर्यावरण अभियानों से जुड़ने की अपील की। मीडिया प्रभारी योगेश पाराशर ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने लोगों से फिटनेस और स्वास्थ्य पर ध्यान देने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम में विभिन्न विषयों पर चर्चा कर महत्वपूर्ण मुद्दों पर बात की।

# रौनक पब्लिक स्कूल में लाइफ स्किल्स के महत्व और विभिन्न पहलुओं से कराया अवगत

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर**। रौनक पब्लिक स्कूल में एक दिवसीय क्षमता विकास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में नीरू व निशा कुमारी ने शिक्षक वृंद को लाइफ स्किल्स के महत्व और इसके विभिन्न पहलुओं से अवगत करवाया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। विद्यालय की प्रधानाचार्या रजनी शर्मा ने मुख्य वक्ताओं नीरू व निशा कुमारी का स्वागत किया और कार्यक्रम के उद्देश्य के बारे में बताया। मुख्य वक्ता डॉ. नीरू और डॉ. निशा कुमारी ने अपनी प्रस्तुति में लाइफ स्किल्स के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की और बताया कि कैसे ये स्किल्स शिक्षकों के लिए महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने आत्मविश्वास, संचार



कौशल, समस्या समाधान, और समय प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण स्किल्स के बारे में बताया। कार्यक्रम में शिक्षक वृंद ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपने सवालों के जवाब प्राप्त किए। इस कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों को अपने शिक्षण कौशल में सुधार करने और छात्रों को बेहतर तरीके से मार्गदर्शन प्रदान करने में मदद करना था। प्रधानाचार्या रजनी शर्मा ने मुख्य वक्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम शिक्षकों के लिए बहुत उपयोगी होते हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि इस कार्यक्रम से शिक्षकों को अपने शिक्षण कौशल में सुधार करने और छात्रों को बेहतर शिक्षा प्रदान करने में मदद मिलेगी।

## न्यूज फ्लैश

### रामालय का सांस्कृतिक लक्जरी केंद्र अब नोएडा के डीएलएफ मॉल ऑफ इंडिया में खुला

**नोएडा।** भारत की समृद्ध सांस्कृतिक भावना के भव्य उत्सव में, सांस्कृतिक लक्जरी लाइफस्टाइल और वेलनेस ब्रांड रामालय ने आज नोएडा के डीएलएफ मॉल ऑफ इंडिया में अपने बहुचर्चित एक्सपीरियंस सेंटर का उद्घाटन किया। नया आउटलेट आगंतुकों को सुगंध, आस्था और भारत की दिव्य परंपराओं की कहानियों की इक नई दुनिया में ले जाने का वादा करता है। परिष्कृत तरीके से तैयार, रामालय एक्सपीरियंस सेंटर शानदार धूपबत्ती के लिए एक सांस्कृतिक गंतव्य है। इसमें ब्रांड के पुरस्कृत संग्रह प्रदर्शित किए गए हैं, जिनमें प्रतिष्ठित श्रीपद रामायण सीरीज, लाइफ एंड गॉड संग्रह, और इनक्रेडिबल टेम्पल संग्रह आदि शामिल हैं। प्रत्येक संग्रह भारत के महाकाव्यों, आध्यात्मिकता और मंदिरों से प्रेरित हैं। इस अवसर पर गणमान्य व्यक्तियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस सेंटर का उद्घाटन नोएडा प्राधिकरण के पूर्व अध्यक्ष श्री संजीव मित्तल ने अपनी पत्नी के साथ किया। औपचारिक दीप जलाते हुए, श्री मित्तल ने कहा, आजकल, सब कुछ बहुत तेजी से आगे बढ़ रहा है, सभी रुझान आते-जाते रहते हैं। लेकिन रामालय एक्सपीरियंस सेंटर के कलेक्शन आपको अपनी जड़ों की ओर वापस ले जाते हैं। यह वह जगह है जहाँ परंपरा जीवंत लगती है, और हर खुशबू एक कहानी बयां करती है। युवा आवाज पीढ़ियों तक गूंजती है, विशेष अतिथि सुश्री शंसित कुमार, किंग्स कॉलेज लंदन में रेजिडेंट स्कॉलर और रामालय के लिए युवा सांस्कृतिक ब्रांड एंबेसडर, ने अपनी दृष्टिकोण को स्पष्टता के साथ साझा किया :आधुनिक होने का मतलब अपनी जड़ों को भूलना नहीं है। मैं लंदन से यहाँ आई हूँ क्योंकि हमारी परंपराएँ केवल अतीत के अवशेष नही हैं, वे भविष्य के मार्गदर्शक हैं। रामालय वैश्विक स्तर पर युवाओं की मनोस्थिति समझता है जो तेजी से बदलती दुनिया में अर्थ और पहचान की तलाश कर रहे हैं।

### सीआईए स्टाफ कालांवाली व साइबर सेल की बड़ी कार्रवाई

**डबवाली (रणबीर खटक)**
डबवाली पुलिस द्वारा क्षेत्र में चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाने व चोरों की धरपकड़ को लेकर चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत लगातार कार्रवाई करते हुए अपराधियों को जेल की सलाखों के पीछे भेजा जा रहा है । इसी अभियान में अंतरराज्यीय चोर गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए सीआईए स्टाफ कालांवाली व साइबर सेल की टीम ने चार आरोपियों को काबू करने में कामयाबी हासिल की है। आरोपियों की पहचान मक्खन सिंह पुत्र रणधीर सिंह निवासी रामपुरा फुल जिला बठिंडा पंजाब, रामकृष्ण पुत्र सुरजीत सिंह निवासी वार्ड न. 03 तलवंडी साबो हाल मोड मंडी मिश्रा कॉलोनी जिला बठिंडा पंजाब, सोनू कुमार पुत्र सुरेश कुमार निवासी छतरगढ़ जिला बीकानेर राज. व सुनील कुमार पुत्र सुरेश कुमार निवासी छतरगढ़ जिला बीकानेर राज. के रूप में हुई है । इस संबंध में प्रभारी सीआईए स्टाफ कालांवाली उप नि. सुरेश कुमार ने बताया कि दिनांक 10.06.2025 को नरेश कुमार पुत्र विजय कुमार निवासी माडल टाऊन कालांवाली की शिकायत पर किसी अज्ञात व्यक्तियों द्वारा 6/7 जून की रात्रि को उसकी कालांवाली से तारूआना रोड पर स्थित स्टार वर्धक एग्री सीड्स से 60 कट्टे गेहूं चोरी कर लिए जाने पर थाना कालांवाली में अभियोग दर्ज रजिस्टर कर जांच शुरू की गई थी । जो जांच के दौरान उनकी टीम द्वारा गिरोह में शामिल एक आरोपी जगजीत सिंह पुत्र हरि राम निवासी मटदादू को पहले ही काबू कर बंद जेल करवा दिया था । जो आगामी कार्रवाई में जांच के दौरान सीआईए स्टाफ व साइबर सेल की टीम ने अपने वैज्ञानिक तरीकों का उपयोग करते हुए महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाए व गिरोह के चारों सदस्यों को धर दबोचने में सफलता हासिल की । आरोपियों को अदालत में पेश कर एक दिन का रिमांड हासिल किया गया है जो रिमांड अवधि के दौरान आरोपियों से मामले की गहनता से पूछताछ कर अन्य वारदातों बारे भी जानकारी हासिल की जाएगी ।

### डॉक्टर के ज्ञान, कौशल और करुणा का मरीज लें भरपूर लाभ : कुमारी रंजीता कौशिक

**पानीपत , ( कमाल हुसैन )** शांति नगर स्थित डी एस हॉस्पिटल के तत्वाधान में रविवार को जिले के गांव मांडी में हॉस्पिटल प्रबंधन द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में गरीब व कमजोर वर्ग और जरूरतमंद ने जांच करवा कर लाभ लिया। निशुल्क जांच शिविर का सामाजिक कार्यकर्ता एवं फैला उजियारा फाउंडेशन अध्यक्ष कुमारी रंजीता कौशिक ने रिबन काट कर उद्घाटन करते हुए कहा कि डॉक्टर का मुख्य लक्ष्य मरीजों को स्वस्थ रखना और उन्हें बीमारियों के प्रति जागरूक करना। इसे सेवा के ऊंच कोटि के क्षेत्र में गिना जाता है। डॉक्टर का प्रमुख कार्य मरीजो का हौसला बढ़ाना और उन्हें बेहतर महसूस कराना होता है।

# रामकथा सुनने से मनुष्य पापों से मुक्त हो जाता है: कादियान

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर**। गांव पांची जाटान के उदय सिंह सीनियर सेकेंडरी स्कूल में चल रही दिव्य श्रीराम कथा का समापन भव्य रूप से हुआ। कथा का आयोजन गोपाल सेवा ट्रस्ट वृंदावन के तत्वावधान में किया गया था। समापन अवसर पर विधायक देवेंद्र कादियान पहुंचे। उन्होंने पूजन कर कथा श्रवण किया। आयोजकों ने फूलमाला और पटका पहनाकर उनका स्वागत किया। कथावाचक श्री गोपाल कृष्ण जी महाराज ने कहा कि रामकथा सुनने और मनन करने से मनुष्य सभी पापों से मुक्त हो जाता है। इससे आत्मिक सुख की प्राप्ति होती है। उन्होंने कहा कि जैसे गंगा अपने प्रवाह से क्षेत्र



को पावन करती है, वैसे ही जहां कथा होती है, वहां का वातावरण भी पवित्र हो जाता है। कथा के दौरान जय श्रीराम के जयकारों से वातावरण गूंज उठा। महाराज जी के मधुर संगीतमय भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे। कथावाचक ने विधायक को आशीर्वाद स्वरूप भगवान श्रीराम की प्रतिमा भेंट की। विधायक कादियान ने कहा कि रामचरित मानस में भाई का भाई के लिए त्याग दिखाया गया है, तभी रामायण जैसा महाग्रंथ बना। जब व्यक्ति भाई के हक पर कब्जा करता है, तब महाभारत होता है। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम की कृपा से ही रामकथा संभव होती है। यह भक्ति और मुक्ति दोनों देने वाली है। रामकथा मनुष्य को मयार्दा में रहने की सीख देती है। रामकथा के समापन पर हवन हुआ। इसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर स्कूल प्रिंसिपल गीता देवी, मुकेश देवी, निर्मला देवी, अनीता रानी, सुशीला देवी, सोमबीर, अनिल, आनंद, महासिंह सहित काफी श्रद्धालु मौजूद रहे।

# नाबालिक को घर मे बंदी बनाकर मारपीट करने के मामले की जांच में जुटी पुलिस

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर**। गन्नौर थाना क्षेत्र में एक नाबालिक को घर मे बंदी बनाकर मारपीट करने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले की शिकायत गन्नौर थाना पुलिस को दी है। शिकायत में थाना गन्नौर निवासी एक पीड़ित ने बताया कि वह अपने घर के बाहर बैठा हुआ था। इस दौरान मांगा व मनीष वहाँ आये और उसे दादा की फौज से रिटायरमेंट की पार्टी देने के लिए अपने साथ ले गए। पीड़ित ने बताया कि वह उनके साथ चला गया और आरोपियो ने उसे लेजाकर रस्सी से बांध कर कमरे में बंद कर दिया। इस दौरान आरोपी मांगे ने उसे चाकू दिखाकर



डराया ओर आरोपी मनीष ने उसके साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। शोर शराबे की आवाज सुन पड़ोसियों में उसे छुड़वाया। गन्नौर थाना प्रभारी जसपाल सिंह ने बताया कि पुलिस को शिकायत मिली है फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# धान की रोपाई तेज, किसानों को बारिश का इंतजार

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
**खेतों** में धान की रोपाई किसानों ने तेज कर दी है। धान की रोपाई का काम 50 प्रतिशत से अधिक हो चुका है। अब किसानों को मूसलाधार बारिश का इंतजार है। किसान आसमान से गुजर रहे बादलों को टकटकी नजरों से निहार रहे हैं। उल्लेखनीय है कि इसराना उपमंडल के किसान ज्यादातर धान की रोपाई करते हैं। अब किसानों को धान की रोपाई के लिए पानी की समस्या आड़े आ रही है ना तो अभी तक अच्छी बारिश हुई है ना ही नहरों, रजवाहे, माइनर में पानी पहुंचा है ओर बिजली की समस्या भी बनी



है। डीजल की कीमतें आसमान छू रही हैं। अब किसानों को इंद्रदेव पर ही भरोसा है। किसान मौसम का गूगल ऐप हर रोज देखते हैं कि हमारे क्षेत्र में कब बारिश होगी किसानों को इसका इंतजार रहता है। अगर समय रहते अच्छी बारिश हुई तो बिजली की आ रही समस्या का भी कुछ हद तक हल हो जायेगा। किसान ओर खेतीहर मजदूर भी खुश होंगे।

# आईटीआई मतलौडा में विद्यार्थी डेवलपमेंट कार्यशाला आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन )**
मतलौडा स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में आज फैकल्टी
एवं विद्यार्थी डेवलपमेंट कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ प्रधानाचार्य रंजना शर्मा ने विधिवत रूप से रिबन काटकर किया। कार्यशाला में मुख्य वक्ता विश्वदीप शर्मा रहे। पहले सत्र में विद्यार्थियों को निवेश विषय पर विस्तार पूर्वक जागरूकता प्रदान की गई। जबकि दूसरे शास्त्र में निवेश में अवसरों की विस्तार से जानकारी देते हुए मुख्य वक्ता विश्वदीप शर्मा ने विद्यार्थियों को



डेरिवेटिव मार्केट के बारे में बताया की डेरिवेटिव मार्केट भविष्य में संपत्ति खरीदना बचने के लिए दो या दो से अधिक संस्थाओं के बीच हस्ताक्षरित समझौते के रूप में एक सुरक्षा है। वहीं कार्यशाला में पधारे मुख्य वक्ता समेत सभी सहयोगियों का कंप्यूटर अनुदेशक दिनेश कुमार द्वारा आभार जताया गया। इस सर पर भारत भूषण, वीरेंद्र खर्ब, रश्मि शिवाच व बलिंदर सिंह आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे। प्राचार्य रंजना शर्मा ने कहा कि आईटीआई में विद्यार्थियों के लिए ऐसी जागरूकता कार्यशालाओं का आयोजन समय-समय पर किया जाता रहा है तथा भविष्य में भी किया जाता रहेगा।

# बंद मकान का ताला तोड़, नकदी व सोने चांदी के आभूषण चोरी

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर**। चटिया औलिया गांव में बंद मकान का ताला तोड़ चोर नकदी व सोने चांदी के आभूषण चोरी कर ले गए।चोर घर मे लगा सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर भी अपने साथ ले गए। पीड़ित ने चोरी की शिकायत गन्नौर थाना पुलिस को दी है।
शिकायत में चटिया औलिया गांव निवासी यशपाल ने बताया कि वह 26 जून को अपने परिवार के साथ रिश्तेदारी में गया था। कुछ देर बाद उसके भाई का फोन आया कि घर का ताला टूटा हुआ है। जिसके बाद वह अपने घर पहुँचा ओर चेक किया तो कमरे व अलमारी का ताला टूटा पड़ा था और घर मे समान बिखरा हुआ था।

# फियोना ट्रस्ट ने जरूरतमंद छात्रों को किए स्कूल बैग वितरित

**बैग वितरित**

- ट्रस्ट के पदाधिकारी श्याम प्रकाश किलसन व बबीता किलसन ने ट्रस्ट सदस्यों के साथ बांटे

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर**। फियोना ट्रस्ट द्वारा जरूरतमंद छात्रों को ट्रस्ट की स्थापना पर स्कूल के 100 छात्रों को स्कूल बैग वितरित किए गए। ट्रस्ट के पदाधिकारी श्याम प्रकाश किलसन व बबीता किलसन ने ट्रस्ट के सदस्यों के साथ बैग वितरित किए। ट्रस्ट के पदाधिकारी श्याम प्रकाश किलसन ने संबोधित करते हुए



कहा कि उन्होंने अपनी पोती फियोना के जन्मदिन पर फियोना ट्रस्ट की शुरूआत की है। बबीता किलसन ने बताया कि ट्रस्ट की स्थापना का उद्देश्य को सेवा को अपना धर्म और समाज की भलाई को अपना कर्म मानना है।जरूरतमंदों की मदद, महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना, बच्चों को शिक्षा से जोड़ना, बुजुर्गों के लिए सेवा कार्य, स्वास्थ्य और स्वच्छता के लिए अभियान है। हमारा विश्वास कि हर इंसान में अच्छाई है, बस उसे एक रास्ता चाहिए और हम वो रास्ता हैं। उन्होंने कहा कि समाज के अन्य लोग भी फियोना ट्रस्ट से जुड़कर गरीब व जरूरतमंद लोगों की मदद में सहयोग कर सकते हैं । बबीता किलसन ने कहा कि ट्रस्ट की स्थापना दिवस पर दिया गया संदेश बहुत ही प्रेरणादायक और महत्वपूर्ण होता है। यह संदेश न केवल ट्रस्ट के उद्देश्यों और लक्ष्यों को रेखांकित करता है, बल्कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए ट्रस्ट की भूमिका को भी उजागर करता है। ट्रस्ट समाज के विभिन्न वर्गों की जरूरतों को पूरा करने के लिए काम करेगा।
बबीता किलसन ने ट्रस्ट की भविष्य की योजनाओं और परियोजनाओं के बारे में जानकारी दी कि ट्रस्ट समाज में और अधिक सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए काम करेगा। छोटे कदम ही बड़े बदलाव लाते है। इस मौके पर संतोष राठी , सुशीला ,अनीता, पूजा, ज्योति, पूनम आदि मौजूद थे।

# चुलकाना लकीसर बाबा मंदिर में भंडारे का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन )**
चुलकाना धाम में विराजमान सतयुग के महान तपस्वी श्री चुनकट महर्षि जी का सदियों से हर साल पूरे गांव की तरफ से शुक्ल पक्ष के रविवार को सामूहिक भंडारा किया जाता है। जिसको लकीसर बाबा की जग बोला जाता है। जिसका आयोजन आज हुआ। इस जग भंडारे का मुख्य उद्देश्य गांव में बाबा लकीसर जी महाराज सुख शांति बनाए रखें और गांव बरसात करवाने के लिए इस भंडारे को सदियों से हर साल किया जाता है। गांव के बुजुर्ग



नकलीराम छौक्कर और सुबेसिंह छौक्कर ने बताया कि एक दिन की बरसात तो गांव वाले जब चाहते उसी समय करवा लेते हैं, क्योंकि ये बरसात बाबा लकीसर जी महाराज की जग भंडारे से जुड़ी हुई है। उन्होंने बताया कि बाबा का हवन यज्ञ होते ही बाबा तुरंत मौसम बदल देता है और भारी बारिश होती है।

# जजपा की बैठक में सदस्यता अभियान में युवा जोड़ों मुहिम पर रणनीति तैयार की

**टीम एक्शन इंडिया**
**राई** । राई हल्के की जननायक जनता पार्टी की बैठक रविवार को बहालगढ़ में पार्टी कार्यालय में हुई , जिसमें सदस्यता अभियान पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता पार्टी के जिला अध्यक्ष अशोक सरोहा व हल्का अध्यक्ष दिनेश चौहान ने की। बैठक में पार्टी संगठन की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की गई और अभियान रणनीति तय की गई। पार्टी कार्यकर्ताओं को जमीनी स्तर पर सदस्यता अभियान तेज करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही, युवा मतदाताओं, महिलाओं और किसानों से संवाद स्थापित करने के लिए विशेष कार्यक्रम चलाने का निर्णय लिया गया है। सरोहा ने




कहा, "जननायक जनता पार्टी जनआधारित राजनीति में विश्वास रखती है। युवा सदस्य जोड़ो मुहिम को चालू किया जाए। हम संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत कर रहे हैं और कार्यकताओं के साथ मिलकर जनसेवा की भावना से अभियान में उतरेंगे। हल्का राई के अध्यक्ष दिनेश चौहान ने कहा कि आगामी सप्ताह से पूरे हल्के में "सदस्यता अभियान" को और तेजी से चलाइयेंगे। जिसमें शीर्ष नेतृत्व विभिन्न गांवों का दौरा कर जनता से सदस्यता लेने के लिए आगृह करेंगे। बैठक में बिजेंद्र अंतिल मुरथल,रमेश, ,प्रधान राजपाल सवेली,दिलबाग सिंह अंतिल,पूर्व प्रकोष्ठ महासचिव जगबीर सरोहा,सुनील बडौली युवा हल्का प्रधान राई,अमित अंतिल,संदीप दहिया युवा कार्यकर्ता,अनिल सरोहा,सुरेन्द्र उर्फ भोलू ,नरेश कुमार वर्मा,आजाद सिंह, प्रवीन सवेली, जगदीश आदि मौजूद थे।

# गन्नौर में नवनियुक्त जिला कष्ट निवारण समिति सदस्य बनाए जाने पर जताया आभार

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर**। सरकार द्वारा हाल ही में बनाए गए जिला कष्ट निवारण समिति सदस्यों ने अपनी नियुक्ति पर प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त किया।
ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष अनिल गोस्वामी ने अपने नियुक्ति पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल कौशिक का आभार व्यक्त करते हुए कहां कि वे कष्ट निवारण समिति की बैठक में अपने क्षेत्र की समस्याओं को उठाएंगे। विश्वकर्मा मंदिर धर्मशाला सभा के प्रधान सुलेख चंद मास्टर ने अपनी नियुक्ति पर गन्नौर के विधायक देवेंद्र



कादियान का आभार व्यक्त किया। मास्टर सुलेख चंद ने कहा कि उनकी नियुक्ति पर धर्मशाला सभा सदैव उनके आभारी रहेगी। विधायक देवेंद्र कादियान ने बहुत ही सराहनीय कार्य किया है। राजलू गढ़ी निवासी गन्नौर रेलवे स्टेशन सलाहकार समिति के सदस्य त्रिलोकचंद शर्मा ने कष्ट निवारण समिति का सदस्य नियुक्त किए जाने पर प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त किया।
नवनियुक्त सदस्य त्रिलोक चंद शर्मा ने कहा कि वे कष्ट निवारण समिति की बैठक में अपने क्षेत्र के समस्याओं को उठाएंगे और उनका समाधान करवाएंगे ।

# हम पर्यावरण और विकास को साथ लेकर चल रहे हैं: वर्मा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली की वायु गुणवत्ता को बेहतर करने के लिए वैज्ञानिक उपायों की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए, पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा और मंत्री व क्षेत्रीय विधायक प्रवेश साहिब सिंह ने नेहरू पार्क का दौरा किया। उन्होंने यहाँ क्लीन एयर जोन बनाने की संभावना का अध्ययन किया।





यह पहल दिल्ली का पहला क्लीन एयर जोन बनने की दिशा में एक शुरूआती अध्ययन का हिस्सा है। 85 एकड़ में फैले इस पार्क को पायलट साइट के रूप में देखा जा रहा है, जहाँ 150 एडवांस एयर प्यूरिफायर लगाने की संभावना पर विचार किया जा रहा है। इन मशीनों को पहले पेट्रोल पंपों और अन्य स्थानों पर टेस्ट किया गया है, जहाँ इन्होंने सीमित क्षेत्र में 2.5 स्तर को घटाने में अच्छे नतीजे दिए। निरीक्षण के दौरान पर्यावरण विभाग, कई वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। मंत्रीगण ने मॉर्निंग वॉक पर आए लोगों से बातचीत भी की। जिससे फीडबैक लेकर इस प्रस्ताव को बेहतर बनाया जा सके। श्री सिरसा ने बताया इस तकनीक ने सीमित स्तर पर अच्छे परिणाम दिखाए हैं, अब हम जानना चाहते हैं कि क्या यह बड़े क्षेत्रों में भी काम कर सकती है। हम लोगों से पूछेंगे कि क्या यह तकनीक सही है, और उनके फीडबैक के आधार पर ही निर्णय लिया जाएगा। प्रत्येक प्रस्तावित मशीन लगभग 9 फीट ऊँची होती है और एडवांस्ड फिल्ट्रेशन तकनीक का उपयोग करती है जो हवा से हानिकारक कणों को निकालती है। यदि भविष्य में यह परियोजना लागू होती है तो यह पार्क के उपयोगकर्ताओं को साल दर साल स्वच्छ हवा दे सकती है। लेकिन इसकी तैनाती पूरी तरह अध्ययन के नतीजों पर निर्भर करेगी। श्री सिरसा ने बताया कि सरकार फिलहाल इस तकनीक की वास्तविक परिस्थितियों में फिजिबिलिटी की जांच कर रही है। अगर यह प्रभावी और व्यावहारिक साबित होती है, तो खान मार्केट और अन्य स्थानों में भी इसी तरह के जोन बनाने पर विचार होगा।

# मॉडल टाउन में मन की बात कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: प्रधानमंत्री नरेंद्र** मोदी की मन की बात का 123वां एपिसोड प्रसारित हुआ।
इसी कड़ी में भाजपा की पूर्व प्रदेश प्रवक्ता अनूजा कपूर ने मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र स्थित एमटूके निवास पर प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान चांदनी चौक से जिलाध्यक्ष अरविंद गर्ग, भाजपा की पूर्व प्रदेश प्रवक्ता अनुजा कपूर, निगम पार्षद विकेश सेठी, पार्षद सुशील जौंटी, चांदनी चौक विधानसभा संयोजक हरीश असडी,





चांदनी चौक से पूर्व विधानसभा प्रत्याशी सतीश जैन, शेफाली मनचंदा, रोहित जैन, विमल चोपड़ा, राजन धीमान सहित कई लोगों ने कार्यक्रम को सुना। इस मौके पर असड़ी ने बताया कि शुरूआत पीएम मोदी ने योग दिवस पर चर्चा से की। इसके बाद आपातकाल का समय याद कर इसकी आलोचना की और कहा कि इमरजेंसी के समय लड़ने वाले लोगों को याद रखा जाना चाहिए। इस बीच सेहत पर बात करते हुए उन्होंने खाने में 10 फीसदी तक तेल कम करने की बात दोहराई।

# अध्यापक शक्ति मंच ने किया जीएसटीए चुनाव का शंखनाद

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: अध्यापक शक्ति** मंच ने एक विराट सभा आयोजित कर दिल्ली के राजकीय विद्यालय शिक्षक संघ चुनाव की विधिवत घोषणा कर दी।
इस सभा की अध्यक्षता मंच के अध्यक्ष वीरेंद्र डबास व महासचिव राजेन्द्र यादव ने की।
सभा में बड़ी संख्या में मंच के संरक्षक मंडल के सदस्य, अनेकों वरिष्ठ शिक्षक, पूर्व जीएसटीए पदाधिकारी तथा सैकड़ों की संख्या में अध्यापक शक्ति मंच के सक्रिय कार्यकर्ता एवं संभावित उम्मीदवार उपस्थित रहे। सभा का संचालन रघुवेश चौहान
। ने कुशलता से किया जबकि मुख्य वक्ता के रूप में जीएसटीए



के महासचिव अजयवीर यादव ने मंच को संबोधित किया। उन्होंने अपने भाषण में विगत दस वर्षों की यात्रा को स्वर्णिम और संघर्षों से भरा कालखंड बताते हुए कहा कि कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी शिक्षक हितों की रक्षा करना तथा उनके कल्याण हेतु निर्णय करवाना ऐसा अद्भुत अनुभव रहा है जो जीवन भर स्मरणीय रहेगा।

**दस वर्षों की मांग के बाद फाइनल हुई चुनाव की तिथि:** अजयवीर यादव ने कहा कि जीएसटीए का कार्यकाल वर्ष 2017 में ही पूरा हो चुका था और तभी से चुनाव की मांग निरंतर उठती रही। उन्होंने बताया कि अब जाकर चुनाव सुनिश्चित हुए हैं, जो शिक्षक समाज के भविष्य के लिए अत्यंत निर्णायक सिद्ध होंगे।
उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यदि आगामी चुनाव में शिक्षकों ने पुनः अवसर दिया तो एक नया ऐतिहासिक अध्याय लिखा जाएगा। सभा में जीएसटीए के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजवीर सिंह छिकारा जिला सचिव हरिसिंह फलसवाल, डॉ. संजीव कुमार, संदीप भारद्वाज, शकील अहमद, हुकम सिंह सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।
वहीं अध्यापक शक्ति मंच की ओर से वरिष्ठ सदस्य डॉ. ओ.एस. ढाका, आर.एम. मौला, आई.एस. शर्मा, श्रीमती निशी अग्रवाल एवं न्यादर सिंह भी मंचासीन थे।

# बुराड़ी विधानसभा: जगतपुर गांव में मन की बात कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: बुराडी विधानसभा** क्षेत्र स्थित जगतपुर गांव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जगतपुर निवासी चौधरी इंद्रजीत सिंह के निवास स्थान पर किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम में मुख्यरूप से सांसद मनोज तिवारी, उत्तर पूर्वी जिलाध्यक्ष यूके चौधरी, सिविल लाइन जोन चेयरमैन गुलाब सिंह राठौर, झड़ौदा वार्ड से पूर्व निगम पार्षद रेखा सिन्हा, मंडल अध्यक्ष संजीव झा, भाजपा नेता दीपक त्यागी, उत्तर पूर्वी जिला उपाध्यक्ष सचिन मावी, इंद्राज ढेडा, चौधरी







संतोष सिंह, जयप्रकाश, चौधरी हरी प्रधान,चौधरी रामलाल, चौधरी जगमाल सहित भाजपा और गांव के सैंकड़ों लोगों ने मन की बात सुनीं। इस दौरान गुलाब सिंह राठौर ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात का 123वां एपिसोड था। उन्होंने बताया कि शुरूआत पीएम मोदी ने योग दिवस पर चर्चा से की। इसके बाद आपातकाल का समय याद कर इसकी आलोचना की और कहा कि इमरजेंसी के समय लड़ने वाले लोगों को याद रखा जाना चाहिए। इस बीच सेहत पर बात करते हुए उन्होंने खाने में 10 फीसदी तक तेल कम करने की बात दोहराई और लोगों से स्वदेशी सामान खरीदने की अपील भी की। पीएम मोदी ने आपातकाल का समय याद करते हुए कहा कि इमरजेंसी के समय पर अभिव्यक्ति की आजादी खत्म कर दी गई थी। लोगों पर अत्याचार हुआ था, लेकिन भारत की जनता नहीं हारी और इमरजेंसी खत्म होने के बाद इसे लगाने वाले लोग चुनाव हार गए थे। पीएम ने कहा कि हमें आपातकाल का विरोध करने वाले लोगों को याद रखना चाहिए। इससे हमें अपने संविधान को बचाए रखने की ऊर्जा मिलती है।

# केजरीवाल व भाजपा दिल्ली में बुलडोजर एक्शन से झुग्गी झोपड़ी को उजाड़ने के बाद घड़ियालू आंसू बहा रहे हैं: यादव

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल, भाजपा द्वारा दिल्ली में बुलडोजर एक्शन से झुग्गी झोपड़ी को उजाड़ने के बाद अचानक घड़ियालू आंसू बहा रहे है। जब बुलडोजर चल रहा था तब केजरीवाल कहां थे। आज एक बार फिर केजरीवाल राजनीति रोटी सेकने के लिए गरीबों को इस्तेमाल करने का काम कर रहे है। उन्हें न सिर्फ अपने पापों का प्रयाश्चित करने की जरुरत है बल्कि दिल्ली के झुग्गी झोपड़ी वालों से माफी मांगने की जरुरत है क्योंकि सत्ता में रहते हुए जब केजरीवाल ने इनके पुनर्वास, विकास और विस्थापन के लिए कुछ नहीं किया, उल्टा भाजपा की तरह सरकार में रहते हुए गरीबों को सिर्फ उजाड़ने का काम किया था। प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने भाजपा द्वारा झुग्गी झोपड़ी उजाड़ने के बाद अरविन्द केजरीवाल द्वारा घड़ियाली आंसू बनाने पर उनसे 10 सवाल पूछे। क्या यह सच नहीं है कि 8 मई 2021 को अरविन्द केजरीवाल ने बतौर मुख्यमंत्री झुग्गी हटाओ योजना को मंजूरी दी थी। आज वे



झुग्गीवासियों के साथ खड़े होने का दिखावा क्यों कर रहे है? क्या 15 सितंबर 2021 को तत्कालीन मंत्री सत्येन्द्र जैन ने जहां झुग्गी वहीं मकान योजना को बंद करने की घोषणा नही की थी? आज अरविन्द केजरीवाल घड़ियाली आंसू क्यों बहा रहे है? क्या केजरीवाल ने झुग्गीवासियों से वोट लेकर अपने लिए शीशमहल नहीं बनवाया? आज झुग्गीवासियों के बेघर होने पर आम आदमी पार्टी प्रदर्शन का ढ़ोंग क्यों कर रही है? भाजपा ने दिल्ली में हजारों लोगों को बेघर कर दिया गया, क्यों तीन बार के मुख्यमंत्री केजरीवाल आज तक एक बार भी झुग्गीवासियों से मिलने क्यों नही गए? क्या केजरीवाल सरकार ने कांग्रेस की राजीव रत्न आवास योजना के तहत बने 45,857 फ्लैट्स को सिर्फ नफरत के कारण खंडहर में बदलने दिया? क्या यह सच नहीं कि केजरीवाल सरकार ने अपने पूरे कार्यकाल में झुग्गीवासियों के लिए एक भी नया फ्लैट नहीं बनवाया।
क्या यह भी सच नहीं कि कोर्ट में हुई तमाम सुनवाइयों के दौरान केजरीवाल सरकार ने हलफनामा देकर कहा कि झुग्गी टूटने की स्थिति में वह मकान नहीं देगी? जब कांग्रेस ने सुप्रीम कोर्ट तक जाकर झुग्गीवासियों की लड़ाई लड़ी, तो किसके इशारे पर आम आदमी पार्टी के किसी नेता ने कोई पहल नहीं की।

# सरकारी अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाओं के नाम पर परोसी जा रही गंभीर बीमारियां: भारद्वाज

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली के कुछ अस्पतालों में कुछ दवाओं को लेकर गंभीर शिकायतें सामने आने पर विपक्षी दलों ने सवाल उठने शुरू कर दिया हैं। इस मुद्दे को लेकर करावल नगर कांग्रेस जिलाध्यक्ष आदेश भारद्वाज का कहना है कि जीबी पंत अस्पताल, गुरु गोविन्द सिंह अस्पताल और डॉ हेडगेवार अस्पताल जैसे बड़े अस्पतालों में इस तरह की घटना सामने आना हमारे स्वास्थ्य सेवाओं पर एक प्रश्न चिन्ह तो खड़ा करता ही है, साथ ही मरीजों की जान भी जोखिम में डालता है। कुछ इंजेक्शन जिनका इस्तेमाल शरीर



में पानी, इलेक्ट्रोलाइट्स और खून की मात्रा को संतुलित करने के लिए और शरीर में आयरन की कमी को पूरा करने में किया जाता है। उन्होंने आगे बताया कि कई एजेंसी के माध्यम से इतने अहम इंजेक्शन लगाने से इन अस्पतालों में कई मरीजों को आयरन इंजेक्शन से एलर्जी और आईवी फ्लूइड से फंगल इन्फेक्शन होने के कई मामले सामने आए हैं।
जिला अध्यक्ष आदेश भारद्वाज ने आगे कहा कि अब प्रशासन बेशक जांच की बात कहकर अपनी कमी छुपाने का प्रयास करेंगे लेकिन असल मुद्दा यह है कि इतनी बड़ी चूक आखिर किस वजह से हुई? क्या यह दवाइयां नकली तो नहीं थी? क्योंकि अभी पिछले दो सप्ताह पहले ही ब्रेस्ट कैंसर और ब्लड कैंसर में इस्तेमाल होने वाली तीन प्रकार की संदिग्ध दवाओं की खेप पकड़ी थी।

# बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र में डीडीए की नांक के नीचे काटी जा रही है नई कॉलोनी

**टीम एक्शन इंडिया/महेंद्र सिंह**
**नई दिल्ली: जहां एक** ओर तो बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र स्थित अवैध रूप से बसाई गई नई कॉलोनी को तोड़ने के लिए डीडीए लगातार नोटिस भेजकर खाली करवा रही है। वहीं दूसरी ओर बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र में भू-माफिया और बिल्डिंग माफिया खुलेआम अवैध रूप से कॉलोनियां काटकर बेचने में लगे हुए हैं।
कुछ ऐसा ही मामला बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र के अंतगर्त आने वाले कादीपुर वार्ड के कुशक से प्रकाश में आया है।
जहां पर अग्रवाल एसोसिएट्स नामक बिल्डर बिना किसी डर और डीडीए से बैखोफ होकर पेड़ों की कटाई





करके अवैध रूप से कॉलोनी काटने में लगा हुआ है। मामले में जब बिल्डर से बात करके उनका पक्ष जानने की कोशिश की गई तो उन्होंने बातों को घूमाते हुए एक-दूसरे के ऊपर बात डाली। **डीडीए बैठा है आंखे मूंदे:** तो वहीं सवाल यह भी खड़ा होता है कि जब एक तरफ तो डीडीए ने आठ साल पूर्व बसने के बाद श्याम कॉलोनी को तोड़ने का नोटिस भेजकर लोगों को पलभर में घर से बेघर कर दिया।
तो अभी भी डीडीए कॉलोनी के बसने का इंतजार कर रही है या फिर सब कुछ जानने के बाद भी आंखे मूंदे बैठी पड़ी है।

**निगम पार्षद और विधायक भी हैं बेखबर:** कुशक में अग्रवाल एसोसिएट्स बिल्डर द्वारा पेड़-पौधों को काटकर नई कॉलोनी की कटाई का काम बेखौफ होकर चल रहा है और विधायक संजीव झा मामले से बेखबर दिखाई पड़ रहे हैं।
तो वहीं निगम पार्षद मुनेश शर्मा को भी शायद मामले में भनक तक नहीं पड़ी है, या फिर सब कुछ जानने के बाद भी मौन हुए बैठे हैं।

# रोहित शर्मा ने सूर्यकुमार के फाइनल में पकड़े कैच को याद किया, कोहली के योगदान को भी जमकर सराहा



**नई दिल्ली :** भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज रोहित शर्मा ने टी20 विश्व कप 2024 के फाइनल में सूर्यकुमार यादव के शानदार कैच को याद किया और कहा कि इस कैच ने मैच में अंतर पैदा किया। रोहित ने स्वीकार किया कि जब भारत ने जल्द ही तीन विकेट गंवा दिए थे तो वह नर्वस हो गए थे। उन्होंने साथ ही खिताब जिताने के लिए विराट कोहली की पारी को भी सराहा। भारत ने आज ही एक दिन एक साल पहले यानी 29 जून 2024 को दक्षिण अफ्रीका को सात रनों से हराकर टी20 विश्व कप का खिताब अपने नाम किया था। मिलर का कैच लेकर मैच में कराई थी वापसी

फाइनल मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने 20 ओवर में सात विकेट गंवाकर 176 रन बनाए थे। लक्ष्य का पीछा करते हुए दक्षिण अफ्रीका की टीम को छह गेंद पर 16 रन बनाने थे। स्ट्राइक पर विस्फोटक डेविड मिलर थे। उन्होंने हार्दिक पांड्या की गेंद को सामने की ओर खेला। ऐसा लगा कि गेंद बाउंड्री के बाहर चली जाएगी, लेकिन सूर्यकुमार बीच में आ गए। उन्होंने दो प्रयासों में इस कैच को पूरा किया। सूर्यकुमार ने मिलर का कैच लेकर मैच ही पलट दिया। उनके इसी कैच ने भारत की वापसी मैच में करा दी और टीम इंडिया चैंपियन बन गई थी। रोहित ने कहा, कैच के बाद अंपायरों ने इसे तीसरे अंपायर की ओर भेजा और देखा कि सूर्यकुमार ने गेंद सही से पकड़ी है या नहीं। सभी की दिल की धड़कनें बढ़ गई थीं। मुझे लगा था कि गेंद छक्के के लिए गई है क्योंकि मैं लॉन्ग ऑन पर खड़ा था जो सूर्यकुमार के विपरीत था। मैं तो सोचना लग गया था कि अब दक्षिण अफ्रीका को पांच गेंदों पर 10 रन चाहिए, लेकिन फिर मैंने देखा कि सूर्यकुमार बीच में आ गए। उन्होंने कहा, उसे कैच को पकड़ने के लिए काफी मेहनत करनी पड़ती है क्योंकि जब गेंद हवा में होती है तो लगता है कि ये आसानी से बाउंड्री के पार चली जाएगी। लेकिन हवा के कारण मुझे लगा कि गेंद ग्राउंड पर रही। जब अंपायर कैच को दोबारा देख रहे थे तो मैं सूर्यकुमार के पास ही खड़ा था और मैंने उससे पूछा कि तुम मुझे बताओ कैच लिया है या नहीं क्योंकि मैं बड़े स्क्रीन पर नहीं देखना चाहता। रोहित ने कहा, उसने मुझसे कहा कि मैंने कैच पकड़ा है। लेकिन फिर मैंने देखा कि वह किसी से कह रहा है कि मुझे पता नहीं, लेकिन मैंने कैच पकड़ा है। फिर उन्होंने स्क्रीन पर जूम करके दिखाया। जब स्थिति स्पष्ट हुई तो मुझे खुशी हुई। पर जब तक स्क्रीन पर फैसला नहीं देखा चैन नहीं पड़ा क्योंकि पता नहीं चलता कि तीसरा अंपायर क्या सोच रहा है।

**रोहित बोले- अक्षर की पारी ने पलटा मैच**

पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत की शुरूआत अच्छी नहीं रही थी और केशव महाराज ने रोहित तथा ऋषभ पंत को आउट कर दिया था। फिर कगिसो रबाडा ने सूर्यकुमार को पवेलियन भेजा था जिससे भारत ने पावरप्ले में ही तीन विकेट गंवा दिए थे। रोहित ने कहा, जब हमने शुरूआत में ही तीन विकेट गंवा दिए तो जाहिर है कि ड्रेसिंग रूम का माहौल चिंतित हो गया था। मैं घबरा गया था और मुझे लग रहा था कि हम मैच में पिछड़ गए हैं। लेकिन मेरे दिमाग में ये भी चल रहा था कि टूर्नामेंट में हमारे मध्य क्रम को ज्यादा बल्लेबाजी का मौका नहीं मिला है तो जब भी इन्हें अवसर मिलेगा वो प्रभाव छोड़ेंगे। कई लोग अक्षर पटेल की पारी के बारे में बात नहीं कर रहे लेकिन उस पारी ने ही मैच का रुख पलटा। उस वक्त 31 गेंदों पर 47 रन बनाना काफी महत्वपूर्ण था। रोहित ने कहा, हमें ऐसे बल्लेबाज की जरूरत थी जो क्रीज पर टिका रहे और कोहली ने वो भूमिका अच्छी तरह निभाई। उन्होंने पूरी पारी में अच्छी बल्लेबाजी की और फिर शिवम दुबे, अक्षर और हार्दिक ने भी अपनी भूमिका निभाई। भारत के लिए लंबे समय तक खेलने का अनुभव आपकी मदद करता है। आप उस वक्त अपनी भावनाओं और विचारों को नियंत्रित नहीं रख सकते। मुझे यकीन है कि वह उस वक्त यही सोच रहा होगा।

## रोहित से लेकर सूर्यकुमार तक...भारतीय खिलाड़ियों ने इस तरह याद किए खिताबी जीत के पल

**नई दिल्ली :** आज ही के दिन एक साल पहले भारतीय टीम ने टी20 विश्व कप 2024 का खिताब जीतकर बारबाडोस में तिरंगा लहराया था। रोहित शर्मा की अगुआई में टीम इंडिया ने फाइनल मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को सात रन से हराकर आईसीसी ट्रॉफी जीतने के सूखे को समाप्त किया था और करोड़ों देशवासियों को खुश होने का मौका दिया था। अब रोहित शर्मा से लेकर सूर्यकुमार यादव तक ने भारतीय टीम की जीत के ऐतिहासिक



पलों को याद किया है।

**दूसरी बार जीता था खिताब**

भारत ने दूसरी बार टी20 विश्व कप का खिताब जीता था। फाइनल मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने 20 ओवर में सात विकेट गंवाकर 176 रन बनाए थे। जवाब में दक्षिण अफ्रीका की टीम 20 ओवर में आठ विकेट पर 169 रन बना सकी थी।

इस जीत के साथ भारत ने 11 साल के आईसीसी ट्रॉफी के सूखे को खत्म कर दिया था। भारत ने इससे पहले 2013 में चैंपियंस ट्रॉफी जीती थी। वहीं, भारत ने 17 साल बाद टी20 विश्व कप और 13 साल बाद कोई विश्व कप जीता था। 2011 में भारत ने वनडे विश्व कप जीता था।

## बर्मिंघम में भारतीय टीम को पहली जीत की तलाश, आठ में से 7 मैचों में मिली है हार, एक रहा ड्रॉ

**बर्मिंघम :** भारतीय क्रिकेट टीम के लिए एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के शेष चार मैचों में वापसी करने की चुनौती है। दूसरा टेस्ट एजबेस्टन में दो जुलाई से खेला जाएगा। बर्मिंघम इंग्लैंड के उन तीन स्थलों में शामिल हैं जहां भारतीय टीम ने कभी जीत हासिल नहीं की है। बर्मिंघम में भारतीय टीम ने आठ मैच खेले हैं जिसमें सात में उसे हार का सामना करना पड़ा है जबकि एक मुकाबला ड्रॉ रहा है। दो अन्य जिन पर जीत नहीं मिली है, उनमें मैनचेस्टर और साउथम्पटन शामिल हैं। सीरीज में पीछे चल रहा है भारत लीड्स में भारतीय टीम को पांच मैचों की सीरीज के पहले मुकाबले में पांच विकेट से हार का सामना करना पड़ा। बेन स्टोक्स की टीम 1-0 से आगे चल रही है। भारतीय टीम के शीर्ष क्रम का प्रदर्शन अच्छा था लेकिन निचले क्रम के बल्लेबाज अपेक्षित



योगदान नहीं दे पाए। पहली पारी में भारत के निचले क्रम के प्रदर्शन का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि शुभमन गिल की कप्तानी वाली भारतीय टीम के पहली पारी में अंतिम सात विकेट 41 रन पर गिर गए थे और भारतीय टीम जो एक समय 500 से ऊपर का स्कोर बनाती नजर आ रही थी वह 471 पर ऑलआउट हो गई थी।

**गिल को कप्तानी में छोड़नी होगी छाप**

दूसरी पारी में मोहम्मद सिराज, जसप्रीत बुमराह और प्रसिद्ध कृष्णा खाता नहीं खोल पाए। भारतीय टीम ने अंतिम छह विकेट महज 32 रन पर गंवा दिए थे। प्रसिद्ध का कहना है कि निचले क्रम का भी बल्ले से योगदान दिया जाना जरूरी है और नेट प्रैक्टिस में इस पर भी जोर दिया जा रहा है। 25 साल के शुभमन गिल की कप्तानी को लेकर मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली है। रोहित शर्मा के टेस्ट प्रारूप को अलविदा कहने के बाद गिल ने दायित्व संभाला है। एक बल्लेबाज के तौर पर तो उन्होंने पहली पारी में 147 रन की पारी खेलकर अच्छी फॉर्म का संकेत दिया है, लेकिन एक कप्तान के तौर पर अभी उन्हें छाप छोड़नी बाकी है।

## तामुलपुर में मैराथन दौड़ का सफल समापन

**तामुलपुर (असम)।** भारत-भूटान सीमा पर स्थित दरंगा में तामुलपुर जिला प्रशासन द्वारा आयोजित "नशा मुक्त भारत अभियान" के अंतर्गत आयोजित 21 किलोमीटर की हाफ मैराथन "रन फॉर हैप्पीनेस" का आज सफलतापूर्वक समापन हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए उपायुक्त पंकज चक्रवर्ती ने अपने संक्षिप्त भाषण में कहा, "मुझे आशा है कि यह पहल राज्य भर में नशाखोरी, बाल विवाह और सड़क सुरक्षा जैसे मुद्दों पर एक सकारात्मक संदेश देगा।" वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिगंत कुमार चौधुरी ने कहा कि "ऐसे आयोजन समाज में फैली बुराइयों जैसे नशा और बाल विवाह को समाप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।" स्थानीय विधायक जोलेन दैमारी ने रन फॉर हैप्पीनेस के सफल आयोजन के लिए जिला प्रशासन और आम जनता को धन्यवाद् देते हुए विशेष रूप से उपायुक्त पंकज चक्रवर्ती का आभार व्यक्त किया।

## जोकोविच की नजर रिकॉर्ड 25वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने पर, सोमवार से होगा विंबलडन का आगाज

**नई दिल्ली :** नोवाक जोकोविच की नजर सोमवार से शुरू हो रहे विंबलडन पर है। इस टूर्नामेंट में वह रिकॉर्ड 25वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने का लक्ष्य लेकर उतरेंगे। 38 वर्षीय टेनिस स्टार खिलाड़ी से जब उनसे संन्यास को लेकर सवाल पूछा गया तो उन्होंने कहा इसको लेकर कुछ कहा नहीं जा सकता।

**क्या संन्यास लेंगे जोकोविच?**

जोकोविच ने कहा, 'क्या यह मेरा आखिरी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट हो सकता है। इसको लेकर अभी मैं पक्के तौर पर कुछ नहीं कह सकता हूं। मैं अगले साल फ्रेंच ओपन या किसी अन्य ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में भाग लूंगा या नहीं, इसको लेकर निश्चित नहीं हूं। मेरी इच्छा कई और साल तक खेलना है। मैं शारीरिक और मानसिक रूप से पूरी तरह फिट रहना चाहता हूं। यही मेरा लक्ष्य है लेकिन उम्र के इस पड़ाव पर आप



पक्के तौर पर कुछ नहीं कह सकते कि आगे क्या होगा।'

**पहले दौर में एलेक्जेंडर मुलर का सामना करेंगे जोकोविच**

विंबलडन में सात बार के चैंपियन जोकोविच ने कहा कि ऑल इंग्लैंड क्लब उन्हें एक और ग्रैंड स्लैम एकल खिताब जीतने का सबसे अच्छा अवसर प्रदान कर सकता है, जिससे वह अपने करियर में कुल 25 खिताब जीत सकेंगे। दरअसल, यह एक ऐसी संख्या जिस तक कोई भी टेनिस खिलाड़ी नहीं पहुंच पाया है। जोकोविच ने कहा, 'मैं इस बात पर सहमत हो सकता हूं कि विंबलडन में फिर से चैंपियन बनने का यह मेरे लिए सबसे अच्छा मौका हो सकता है। यह परिस्थितियों पर निर्भर करेगा लेकिन अभी मैं बहुत अच्छा महसूस कर रहा हूं।'

## दो पेनल्टी कॉर्नर के मौके को भुना नहीं सकी टीम ए, 13वें मिनट में आर्यन के गोल से सी टीम जीती

**वाराणसी।** अपकमिंग सॉकर क्लब (यूपीएससी) की ओर से सीएट कॉलेज मैदान पर लगे शिविर में शनिवार सुबह फुटबॉल मैच खेला गया। सब जूनियर अंडर-12 आयुवर्ग के 80 खिलाड़ियों ने इसमें हिस्सा लिया। फाइनल में यूपीएससी की सी टीम ने दूसरे हाफ के 13वें मिनट में आर्यन के निर्णायक गोल से ए टीम को हरा दिया। मैच का पहला गोल यूपीएससी सी टीम के मिड फिल्डर दिनेश ने 17वें मिनट में किया। इसके बाद दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने एक दूसरे के गोलपोस्ट पर हमले किए, लेकिन पहले हाफ में सी टीम ने एक गोल की बढ़त कायम रखी। दूसरे हाफ के तीसरे मिनट में यूपीएससी ए टीम के मिड फिल्डर शांतनु ने डी एरिया से सीधा शॉट गोलपोस्ट में मारकर टीम को 1-1 गोल की बराबरी पर ला दिया। इसके बाद दोनों टीमों ने 10 मिनट तक आक्रामक खेल का प्रदर्शन किया। टीम ए के खिलाड़ियों को दो पेनल्टी कॉर्नर मिले, लेकिन गोल करने में नाकाम रहे। दूसरे हाफ के 13वें मिनट में यूपीएससी सी टीम के राइट फॉर्वर्ड खिलाड़ी आर्यन ने दिनेश के सटीक पास को गोल में बदलकर स्कोर 2-1 कर टीम को जीत दिला दी। शिविर में 12 टीमों के बालक-बालिकाओं ने हिस्सा लिया। प्रधानाचार्य प्रिया सिंह ने कहा कि स्वस्थ रहने के लिए हर व्यक्ति



को खेल में हिस्सा लेना चाहिए। पूर्व मुख्य अतिथि स्कूल के निदेशक विवेक विक्रम सिंह ने खेल शुरू कराया। संचालन डॉ. अरविंद सिंह और धन्यवाद सत्येंद्र बहादुर सिंह ने दिया। इस मौके पर विक्रांत सिंह, अमित चौबे, आयुष, अजीज, आरिज मौजूद रहे।

**विद्यापीठ की 15 जुलाई से शुरू होंगी प्रतियोगिताएं**

काशी विद्यापीठ ने नए शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए वार्षिक खेल कैलेंडर तैयार कर लिया है। विवि से संबद्ध अंतर-महाविद्यालयीय खेल प्रतियोगिताओं का आगाज 15 जुलाई से होगा। क्रीड़ा विभाग के सचिव नवरतन सिंह ने बताया कि शुरूआत टीम गेम से होगी। पहले चरण में फुटबॉल, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल और कबड्डी की स्पधाएं होंगी। आयोजन विवि परिसर और अन्य निर्धारित महाविद्यालयों के खेल मैदानों पर किया जाएगा। वार्षिक खेल आयोजन में काशी विद्यापीठ से संबद्ध जिले वाराणसी, चंदौली, भदोही और सोनभद्र के 350 से अधिक महाविद्यालयों के सैकड़ों छात्र-छात्राएं हिस्सा लेंगे। प्रादेशिक प्रतियोगिता के पहले दिन वाराणसी के तीन खिलाड़ियों ने पदक जीता। बालक वर्ग में गौरव सेन गुप्ता और सत्यम साहनी ने जबकि बालिका वर्ग में गायत्री ने पदक हासिल कर काशी का नाम रोशन किया है। रविवार को तीनों खिलाड़ी दो-दो मुकाबले खेलेंगे। बनारस डिस्ट्रिक्ट सेंट्रल स्वीमिंग एसोसिएशन के सचिव शंभु प्रसाद ने बताया कि 39वीं सब जूनियर और 54वीं जूनियर बालक-बालिका तैराकी प्रतियोगिता लखनऊ में 28 से 30 जून तक खेली जाएगी। इसमें वाराणसी की 30 सदस्यीय टीम हिस्सा ले रही है। बालक वर्ग में 19 और बालिका वर्ग में 11 खिलाड़ी अलग-अलग स्पर्धा में खेलेंगे।

## स्मृति के शतक से भारत ने इंग्लैंड को पहले टी20 में 97 रन से हराया.

**नॉटिंघम।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने नॉटिंघम में खेले गए पहले टी20 मुकाबले में मेजबान इंग्लैंड को 97 रन से करारी शिकस्त देकर पांच मैचों की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है। भारत की इस शानदार जीत की नायक रहीं कप्तान स्मृति मंधाना, जिन्होंने दमदार शतक जड़कर टीम की नींव मजबूत की।

टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरूआत सधी हुई रही, लेकिन असली कमाल कप्तान स्मृति मंधाना ने किया। उन्होंने 55 गेंदों पर 103 रन की तूफानी पारी खेली, जिसमें 14 चौके और 3 छक्के शामिल थे।

## युवा भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी तन्वी और आयुष का शानदार प्रदर्शन, यूएस ओपन के फाइनल में पहुंचे

**आयोवा :** युवा भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी तन्वी शर्मा और आयुष शेट्टी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए यूएस ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बना ली है। भारत की 16 वर्षीय गैरवरीयता प्राप्त खिलाड़ी तन्वी ने महिला एकल के सेमीफाइनल में यूक्रेन की सातवीं वरीयता प्राप्त पोलिना बुहरोवा को 34 मिनट में 21-14, 21-16 से हराकर खिताबी मुकाबले में जगह बनाई। यह तन्वी की यूक्रेन की खिलाड़ी के खिलाफ करियर की दूसरी जीत



थी। फाइनल में तन्वी का मुकाबला अमेरिका की शीर्ष वरीयता प्राप्त बेइवेन झांग से होगा। पुरुष एकल में भारत के चौथी वरीयता प्राप्त आयुष ने शीर्ष वरीयता प्राप्त और विश्व के छठे नंबर के चीनी ताइपे के चोऊ टिएन चेन को एक घंटे से अधिक समय तक चले मुकाबले में 21-23, 21-15, 21-14 से हराकर बड़ा उलटफेर किया। अब आयुष का सामना कनाडा के तीसरे वरीय ब्रायन यांग से होगा। यांग ने चीनी ताइपे के लियाओ झूओ-फू को 21-10, 21-12 से हराया। क्वार्टर फाइनल में तन्वी ने अपने से ऊंची रैंकिंग वाली मलेशियाई खिलाड़ी करुपाथेवन लेत्शाना को 21-13, 21-16 से, जबकि आयुष ने चीनी ताइपे के जूनियर विश्व चैंपियन कुओ कुआन लिन को 22-20, 21-9 से हराया था।

## भारत के खिलाफ पहले मैच में धीमी ओवर गति के लिए इंग्लैंड पर लगा जुर्माना

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने नॉटिंघम (इंग्लैंड) में खेले गए पहले टी20 मुकाबले में मेजबान इंग्लैंड को 97 रन से करारी शिकस्त देकर पांच मैचों की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है। इस मैच में हार के बाद मेजबान टीम को एक और बड़ा झटका लगा है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने मुकाबले में धीमी ओवर गति के लिए इंग्लैंड टीम पर मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया है। आईसीसी ने रविवार को एक बयान में बताया कि एमिरेट्स आईसीसी इंटरनेशनल पैनल ऑफ मैच रेफरी



की हेलेन पैक ने यह जुर्माना लगाया, क्योंकि समय की छूट को ध्यान में रखते हुए इंग्लैंड को निर्धारित लक्ष्य से दो ओवर कम फेंकने का दोषी पाया गया। यह जुर्माना खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहायक कर्मियों के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के अनुसार लगाया गया है, जो न्यूनतम ओवर रेट अपराधों से संबंधित है। इसके तहत निर्धारित समय के भीतर गेंदबाजी करने में विफल रहने पर खिलाड़ियों पर हर ओवर के लिए उनकी मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया जाता है। इंग्लैंड की कप्तान नैट साइवर-ब्रंट ने अपराध स्वीकार कर लिया और प्रस्तावित दंड को स्वीकार कर लिया, इसलिए औपचारिक सुनवाई की कोई आवश्यकता नहीं पड़ी। मैदानी अंपायर जैकलीन विलियम्स और जेम्स मिडलब्रुक, तीसरे अंपायर सू रेडफर्न और चौथे अंपायर अन्ना हैरिस ने आरोप तय किए। मुकाबले की बात करें तो टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने कप्तान स्मृति मंधाना की 62 गेंदों पर 112 रन की तूफानी शतकीय पारी के दम पर 20 ओवर में 5 विकेट पर 210 रन बनाए। जवाब में इंग्लैंड की पूरी टीम 14.5 ओवर में 113 रन पर सिमट गई और 97 रनों के बड़े अंतर से मुकाबला हार गई। दोनों टीमों के बीच दूसरा टी-20 मैच एक जुलाई को ब्रिस्टल में होगा।

फास्ट न्यूज

## मिट्टी धंसने से दो की मौत

**भरतपुर।** जिले में रविवार सुबह चंबल प्रोजेक्ट की पाइप लाइन डालने के लिए की जा रही खुदाई के दौरान मिट्टी ढहने से एक ही परिवार के 12 लोग मलबे में दब गए। हादसे में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि अब तक छह लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया है। हादसा गहनौली थाना क्षेत्र के जंगी के नगला गांव के पास सुबह करीब 8:30 बजे हुआ। थाना अधिकारी विजय सिंह ने बताया कि मृतकों की पहचान 22 वर्षीय अनुकूल और 45 वर्षीय विमला देवी के रूप में हुई है। पाइपलाइन बिछाने के लिए करीब 10 फीट गहरा गड्ढा खोदा गया था। इसी गड्ढे में यूपी के फतेहपुर सीकरी इलाके के उद्दू गांव से आए 10-12 लोग मिट्टी भरने का काम कर रहे थे। अचानक टनों मिट्टी भरभराकर गिर पड़ी, जिससे सभी मजदूर उसमें दब गए। घटना की सूचना मिलते ही थाना अधिकारी विजय सिंह पुलिस दल और जिला प्रशासन की टीमों के साथ मौके पर पहुंचे। जेसीबी की मदद से रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। अब तक छह लोगों को मिट्टी से बाहर निकाला जा चुका है। सभी घायलों को आरबीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रशासनिक टीम का कहना है कि अभी कुछ और लोग मलबे में दबे हो सकते हैं। जेसीबी और अन्य उपकरणों से लगातार खुदाई कर लोगों को बाहर निकालने की कोशिश जारी है।

## यूपी में आठ आईएएस व 15 पीसीएस अफसरों के तबादले

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश शासन ने रविवार को आठ आईएएस और 15 पीसीएस अधिकारियों के तबादले कर दिए हैं। इससे पहले सहारनपुर के एसएसपी समेत पांच आईपीएस अफसरों के तबादले हुए थे। आईएएस आलोक कुमार को सामान्य प्रशासन का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। उनके पास प्रमुख सचिव, नियोजन तथा कार्यक्रम कार्यान्ययन विभाग, नोडल अधिकारी, वन ट्रिलियन डॉलर इकॉनामी है। वर्तमान अपर मुख्य सचिव सामान्य प्रशासन जितेंद्र कुमार 30 जून को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। इसलिए ये पद उन्हें सौंपा गया है। राकेश कुमार सिंह को मुख्यमंत्री के सचिव के पद से हटाकर मुख्य कार्यपालक अधिकारी, यमुना एक्सप्रेस- से औद्योगिक विकास प्राधिकरण तथा मुख्य कार्यपालक अधिकारी, नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट नियुक्त किया गया है। योगेश कुमार को विशेष सचिव, गृह विभाग से सहकारी समितियों का प्रभारी आयुक्त एवं निबंधक नियुक्त किया गया है। डॉ. हीरा लाल को राष्ट्रीय एकीकरण विभाग का सचिव नियुक्त किया गया।

# बारिश से उत्तराखंड-हिमाचल में तबाही

### मनाली में हाईवे का हिस्सा बहा; राजस्थान के सरकारी अस्पताल में पानी घुसा

जल प्रलय

- भारी बारिश और खराब मौसम की वजह से उत्तराखंड में चारधाम यात्रा अगले 24 घंटे के लिए रोक दी गई



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली/शिमला/उत्तरकाशी**
मानसून पूरे देश को कवर कर चुका है। पिछले एक हफ्त से लगातार बारिश की वजह से कई राज्यों में बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। उत्तराखंड और हिमाचल में बादल फटने की घटनाएं सामने आई हैं। भारी बारिश और खराब मौसम की वजह से उत्तराखंड में चारधाम यात्रा अगले 24 घंटे के लिए रोक दी गई है। ओडिशा के मयूरभंज जिल में भारी बारिश के चलते जमुआ घाट पुल टूट गया। वहीं, भारतीय राष्ट्रीय महासागर सूचना सेवा केंद्र ने केरल के तटीय इलाकों में 2 से 3 मीटर ऊंची लहरें उठने की आशंका जताई है।

**हिमाचल प्रदेश**
पिछले 9 दिन में 34 लोगों की मौत
पिछले 24 घंटों में भारी बारिश के चलते कई जिलों में भूस्खलन और पानी भरने की घटनाएं सामने आई हैं। प्रदेश के रेवन्यू मिनिस्टर जगत सिंह नेगी ने बताया कि बारिश से जुड़ी दुर्घटनाओं में 20 जून से अब तक 34 लोगों की मौत हो चुकी है। उन्होंने बताया धर्मशाला में अचानक आई बाढ़ में नौ लोग बह गए, जिनमें से सात शव बरामद कर लिए गए। शवों की पहचान अभी नहीं हो पाई है। मानसून की तैयारियों पर सोमवार को एक हाई लेवल मीटिंग की जाएगी। मनाली के बहांग के पास नेशनल हाईवे का कुछ हिस्सा तेज बारिश से बह गया। सोलन में लगातार भारी बारिश की वजह से कालका-शिमला हेरिटेज रेलवे लाइन पर पेड़ और पत्थर गिरने से बंद हो गई।

**ओडिशा**
**4 जुलाई तक लगातार बारिश के आसार**
पुरी में जगन्नाथ रथयात्रा के बीच राज्य के कई जिलों में ऑरेंज और यलो अलर्ट जारी किया है। अगले सात दिनों तक मूसलाधार बारिश, आंधी, बिजली, हवा और ओले गिरने की चेतावनी जारी की गई है। राज्य में 4 जुलाई तक लगातार बारिश हो सकती है। आईएमडी ने क्योंझर, बालासोर, मयूरभंज, भद्रक, कटक, खोरधा, गंजम और पुरी समेत 16 जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

### उत्तरकाशी: नौ में से दो श्रमिकों के शव बरामद

**देहरादून।** उत्तरकाशी ज़िले के पालीगाड़ क्षेत्र में बादल फटने और भूस्खलन की बड़ी घटना के बाद मलबे में दबे नौ श्रमिकों में से अब तक दो के शव बरामद कर लिए गए हैं। सात श्रमिकों की तलाश अभी भी जारी है। पालीगाड़ से 4 किमी आगे सिलाई बैंड के पास अतिवृष्टि और बादल फटने के कारण निर्माणाधीन होटल के निकट बने शेड में रह रहे 29 श्रमिकों में से 20 का सुरक्षित रेस्क्यू किया गया।

### राजस्थान के कई जिलों में तेज बारिश

**जयपुर।** राजस्थान में मानसून सक्रिय बना हुआ है। रविवार को प्रदेश के कई जिलों उदयपुर, जालोर, पाली और सिरोही में तेज बारिश दर्ज की गई। वहीं मौसम विभाग ने आगामी चार दिनों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। रविवार को 24 जिलों में भारी बारिश की चेतावनी दी गई है। सिरोही जिले में रविवार तड़के 3:30 बजे से लगातार बारिश का सिलसिला शुरू हुआ जो सुबह 7:30 बजे तक जारी रहा। इसके बाद रुक-रुक कर 11 बजे तक बारिश होती रही। इस दौरान पालड़ी एम थाना क्षेत्र में एक कैंपर गाड़ी निर्माणाधीन पुलिया के पास तेज बहाव में फंस गई। गाड़ी में सवार चार लोगों को स्थानीय लोगों ने समय रहते सुरक्षित बाहर निकाल लिया। इसी तरह कालिंद्री थाना क्षेत्र के बावली गांव में एक कार तेज बहाव में बह गई।

# वैश्विक चुनौतियों के बीच मजबूत है भारत की अर्थव्यवस्था: रिपोर्ट



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** वित्त मंत्रालय की मासिक आर्थिक समीक्षा मई 2025 में कहा गया है कि वित्त वर्ष 2025-26 की शुरूआत में ही भारत की अर्थव्यवस्था ने भू-राजनीतिक तनावों के बावजूद मजबूत और लचीला प्रदर्शन किया है। रिपोर्ट में बताया गया कि देश की आर्थिक स्थिति स्थिर बनी हुई है, और समग्र रूप से आर्थिक परिदृश्य सकारात्मक दिख रहा है। समीक्षा में बताया गया है कि भारत की अर्थव्यवस्था ने अंतरराष्ट्रीय अस्थिरता के माहौल में भी मजबूती दिखाई है, जिसे घरेलू मांग में सुधार, मुद्रास्फीति में कमी, रोजगार की स्थिर स्थिति और निर्यात क्षेत्र की मजबूती का सहयोग मिला है। रिपोर्ट में कहा गया है कि ई-वे बिल, ईंधन की खपत और पीएमआई सूचकांक जैसे हाई-फ्रीक्वेंसी संकेतक इस बात की पुष्टि करते हैं कि आर्थिक गतिविधियां **FY26** की शुरूआत में भी स्थिर रही हैं।

**ग्रामीण और शहरी मांग में सुधार**
ग्रामीण मांग में वृद्धि की वजह अच्छी रबी फसल और सकारात्मक मानसून पूवार्नुमान को बताया गया है। शहरी खपत को बढ़ती पर्यटन और व्यावसायिक यात्राओं से बल मिल रहा है, जो हवाई यात्रा और होटल बुकिंग में बढ़ोतरी के रूप में सामने आया है। हालांकि रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि निर्माण सामग्री और वाहन बिक्री जैसे कुछ क्षेत्रों में मंदी के संकेत दिखे हैं। मई 2025 में खाद्य और खुदरा मुद्रास्फीति में सतत और व्यापक गिरावट दर्ज की गई, जिसका श्रेय कृषि उत्पादन में मजबूती और सरकारी हस्तक्षेपों को दिया गया।

**वित्तीय बाजारों में उतार-चढ़ाव**
वैश्विक घटनाक्रमों के कारण 2025 की शुरूआत में व्यापार तनाव बढ़ा, जिससे वित्तीय बाजारों में अस्थिरता देखी गई। हालांकि दूसरी तिमाही में कुछ हद तक स्थिति सामान्य हुई। इस दौरान भी भारतीय सरकारी बॉन्ड बाजार ने मई में स्थिरता और विश्वास बनाए रखा। इसकी प्रमुख वजह रही भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा रिकॉर्ड लाभांश की घोषणा और FY25 की अंतिम तिमाही की मजबूत वृद्धि।

**बाहरी क्षेत्र की स्थिति**

*भारत के कुल निर्यात (माल और सेवाएं) में मई 2025 में 2.8% की सालाना वृद्धि दर्ज की गई, जो वैश्विक आर्थिक मंदी और टैरिफ अस्थिरता के बावजूद निर्यात क्षेत्र की मजबूती दर्शाती है। 13 जून तक, देश का विदेशी मुद्रा भंडार $699 बिलियन पर बना रहा, जो 11.5 महीने के आयात को कवर करने में सक्षम है। भारतीय रुपया अन्य वैश्विक मुद्राओं की तुलना में मध्यम अस्थिरता के साथ स्थिर बना रहा।*

# 'यूपी बना खनन क्षेत्र में पारदर्शिता और तकनीक का मानक'

मानक स्थापित

- उत्तर प्रदेश की खनन नीति अब पारदर्शिता और तकनीकी दक्षता का संगम बन चुकी है



**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊ:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि उत्तर प्रदेश की एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य में खनन क्षेत्र की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह क्षेत्र अब केवल खनिज उत्पादन का जरिया नहीं, बल्कि राज्य की आर्थिक प्रगति, निवेश संवर्धन और स्थानीय रोजगार सृजन का प्रभावशाली केंद्र बन गया है। रविवार को आयोजित भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग की गहन समीक्षा बैठक में उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की खनन नीति अब पारदर्शिता और तकनीकी दक्षता का संगम बन चुकी है। विभागीय कार्यों की अद्यतन प्रगति से अवगत होते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2021-22 से 2024-25 तक खनिज राजस्व में औसतन 18.14% की वार्षिक वृद्धि दर्ज की गई है। वर्ष 2024-25 में मुख्य खनिजों से 608.11 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ, जबकि वर्ष 2025-26 में केवल मई माह तक ही 623 करोड़ की राजस्व प्राप्ति हो चुकी है, जो इस क्षेत्र की लगातार प्रगति और विभाग की दक्षता को दशार्ता है। मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि हाल के वर्षों में फॉस्फोराइट, लौह अयस्क और स्वर्ण जैसे मुख्य खनिजों के पट्टों की सफलतापूर्वक नीलामी की गई है। उन्होंने निर्देश दिए कि कंपोजिट लाइसेंस प्रक्रिया को और तेज किया जाए तथा संभावित खनन क्षेत्रों की अग्रिम पहचान और भू-वैज्ञानिक रिपोर्टों की समयबद्ध तैयारी सुनिश्चित की जाए।

## केंद्र ने बढ़ाया सीबीडीटी अध्यक्ष का कार्यकाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** केंद्र सरकार ने केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड के अध्यक्ष रवि अग्रवाल का कार्यकाल बढ़ाने का फैसला किया है। उनका कार्यकाल इसी महीने जून 2025 में खत्म होने वाला था। वहीं, अब केंद्र सरकार ने इसे 1 साल के बढ़ा दिया है। रवि अग्रवाल अब जून 2026 तक सीबीडीटी के चेयरमैन पद पर नियुक्त रहेंगे। सीबीडीटी के चेयरमैन रवि अग्रवाल 1988 बैच के भारतीय राजस्व सेवा अधिकारी हैं। जून 2025 में वो रिटायर होने वाले थे, मगर अब उनकी सेवा एक साल के लिए

# अमरनाथ यात्रा: तैयारियों का लिया जायजा

निरीक्षण

- डिप्टी कमिश्नर ने कैंप के बुनियादी ढांचे का व्यापक निरीक्षण किया और प्रमुख सेवाओं का जायजा लिया



**टीम एक्शन इंडिया**
**बांदीपुरा:** आगामी श्री अमरनाथ जी यात्रा (संजय) 2025 के मद्देनजर, बांदीपुरा के डिप्टी कमिश्नर मंजूर अहमद कादरी ने रविवार को शादीपोरा में ट्रांजिट यात्रा कैंप का दौरा किया और व्यवस्थाओं की समीक्षा की और यात्रियों के लिए उपलब्ध सुविधाओं का आकलन किया। इस दौरे के दौरान, डिप्टी कमिश्नर ने कैंप के बुनियादी ढांचे का व्यापक निरीक्षण किया और आवास, स्वच्छता, पेयजल, बिजली, चिकित्सा सुविधाओं और सुरक्षा उपायों सहित प्रमुख सेवाओं का जायजा लिया। उन्होंने स्वच्छता और सफाई के उच्च मानकों को बनाए रखते हुए इन सेवाओं की 24७7 उपलब्धता सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर जोर दिया। इस अवसर पर, डीसी ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता भी की। संबंधित अधिकारियों ने उन्हें बताया कि तीर्थयात्रियों के लिए सुचारू और आरामदायक प्रवास की सुविधा के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पहले ही कर दी गई हैं। अंतर-विभागीय समन्वय और लंबित कार्यों के समय पर निष्पादन के महत्व पर जोर दिया।

# बांकेबिहारी मंदिर में दर्शन को उमड़े श्रद्धालु

व्यवस्था ध्वस्त

- हालात ये कि मंदिर आने वाले रास्ते में लगे बैरियर पर रोके जाने से श्रद्धालुओं को खासी परेशानी हो रही थी

**टीम एक्शन इंडिया**
**वृंदावन।** ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर में रविवार की सुबह दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी तो व्यवस्था ध्वस्त नजर आई। हालात ये कि मंदिर आने वाले रास्ते में लगे बैरियर पर रोके जाने से श्रद्धालुओं को खासी परेशानी हो रही थी। गर्मी में श्रद्धालुओं को पसीना बहाना पड़ गया। मंदिर के अंदर और बाहर भीड़ के दबाव में हालात बिगड़ गए। ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर में रविवार की सुबह से ही श्रद्धालुओं की संख्या में वृद्धि देखने को मिली। मंदिर खुलने के साथ ही श्रद्धालुओं ने मंदिर प्रांगण में डेरा डाल लिया।



विभिन्न प्रकार के फूलों से सजे बंगला में विराजित ठाकुरजी के दर्शन कर श्रद्धालु प्रांगण में ही ठहर गए। ऐसे में मंदिर के बाहर चबूतरे पर श्रद्धालुओं के लिए पुलिस ने बैरियर लगाकर रोक दिया। मंदिर में श्रद्धालुओं का ठहराव खत्म नहीं करवाया जा रहा था। जबकि मंदिर के बाहर श्रद्धालुओं की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही थी। ऐसे में सिर पर तेज धूप और उमसभरी गर्मी में भीड़ के बीच फंसी महिलाओं, बच्चों और बुजुर्ग श्रद्धालुओं की हालत खराब हो रही थी।

## भारत-पाक सीमा के करीब युवक-नाबालिग लड़की के शव मिले

**जैसलमेर:** जिले में भारत-पाकिस्तान सीमा के समीप करीब 10-12 किलोमीटर अंदर भारतीय सीमा क्षेत्र साधेवाला में एक युवक और एक नाबालिग लड़की के सड़े-गले शव बरामद हुए हैं। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार शव करीब सात दिन पुराने हैं। शवों के पास से पाकिस्तान की सिम और एक आईडी कार्ड भी मिला है, जिससे आशंका जताई जा रही है कि दोनों युवक-युवती पाकिस्तानी हो सकते है।

साधा निशाना

### कोलकाता गैंगरेप केस के बाद महुआ ने किया ममता का बचाव, टीएमसी नेताओं को चेताया

# महिलाओं से नफरत करने वाले हर पार्टी में: महुआ

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल के कोलकाता में एक लॉ स्टूडेंट के साथ गैंगरेप मामले में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेताओं के विवादित बयान सामने आए। इन बयानों से पार्टी ने खुद को किनारे कर लिया, जिस पर टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा ने अपनी पार्टी की तारीफ की। उन्होंने कहा कि महिलाओं के प्रति द्वेष हर पार्टी में है लेकिन टीएमसी इन सभी से अलग है क्योंकि वह अपने नेताओं की बकवास की निंदा करने से नहीं कतराती।
महुआ मोइत्रा टीएमसी नेताओं कल्याण बनर्जी और मदन मित्रा के उन बयानों का जिक्र कर रही थीं,



जिनसे पार्टी ने खुद को अलग कर लिया। इन नेताओं ने गैंगरेप मामले पर विवादित बयान दिए थे, जिससे राज्य में भारी जनाक्रोश पैदा हो गया था। एक्स पर उन्होंने टीएमसी की पोस्ट को रीपोस्ट करते हुए लिखा, "भारत में महिलाओं के प्रति घृणा पार्टी लाइन से परे है। टीएमसी में जो बात है वो अलग है और वो ये है कि हम इन घृणित टिप्पणियों की निंदा करते हैं, फिर वो किसी ने भी की हों।"

**टीएमसी नेताओं के किन बयानों पर मच गया बवाल?** शुक्रवार को टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी ने चौंकाने वाली टिप्पणी करते हुए कहा कि एक महिला को गंदी मानसिकता वाले पुरुषों के साथ बाहर जाने से पहले यह जान लेना चाहिए कि वह किसकी संगत में है।
तो वहीं टीएमसी विधायक मदन मित्रा ने कहा था कि लॉ स्टूडेंट अगर अकेले कॉलेज नहीं जाती तो इस घटना से बच जाती। "दक्षिण कलकत्ता लॉ कॉलेज में हुए जघन्य अपराध के संबंध में सांसद कल्याण बनर्जी और विधायक मदन मित्रा ने जो टिप्पणियां कीं वो उनकी व्यक्तिगत राय है।

www.actionindialive.com

जब चाहें, जहां चाहें
ताजा खबरों से अपडेट रहें




H.O: Action Balaji House, Majlis Park, Near Rakesh Bhardwaj Chowk, Delhi- 110033

B.O: Shakti Complex, 6/18, Main Gt Road, Samaypur Industrial Area, Delhi -110042

9999889104, 8447314925